बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 29 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-92, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल 14

बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी 16

एक नजर

राजनाथ व कौशल किशोर का नामांकन आज

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह(लखनऊ) व केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) संसदीय सीट से सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। भाजपा के प्रदेश कार्यालय से दोनों प्रत्याशियों का नामांकन जुलूस सुबह 10 बजे निकलेगा। जुलूस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। दोपहर 12 बजे दोनों प्रत्याशी कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

आतंकियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड की मौत

जम्मू। उधमपुर जिले के एक दूरदराज के गांव में रविवार सुबह आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में ग्राम रक्षा गार्ड (वीडीजी) के एक सदस्य की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों के खात्मे के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान जारी है। माना जा रहा है कि ये आतंकवादी हाल ही में पाकिस्तान से घुसपैठ करके यहां आये हैं। अधिकारियों ने बताया कि बसंतगढ़ के पनारा गांव में पुलिस और ग्राम रक्षा गार्ड के गश्ती दल की संदिग्ध आतंकवादियों से सुबह करीब पौने आठ बजे मुठभेड़ हुई।

कोर्ट परिसर में प्रतिमाएं लगाने का अनुरोध किया

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर शीर्ष अदालत के परिसर में देश के प्रथम राष्ट्रपति और प्रथम प्रधान न्यायाधीश की प्रतिमाएं लगाने के संगठन के अनुरोध पर विचार करने का आग्रह किया है। एससीबीए के सचिव रोहित पांडे ने कहा कि 26 अप्रैल को लिखा गया पत्र वर्तमान प्रधान न्यायाधीश के संज्ञान में प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और प्रथम न्यायाधीश न्यायमूर्ति एच जे कानिया की प्रतिमाएं स्थापित करने के प्रस्ताव को लाने के लिए है।

राम मंदिर के विरोधियों का होगा सफाया

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अमित शाह ने कहा, ये चुनाव रामभक्तों व रामभक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच
- सपा शासन में गुंडागर्दी को इटावा के लोग आज भी भूले नहीं हैं

अमृत विचार : केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को सपा और कांग्रेस नेतृत्व पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा और अखिलेश यादव एंड कंपनी की असलियत जनता जान चुकी है।

अयोध्या में राम मंदिर का विरोध करने वालों और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रण मिलने के बाद भी वोट बैंक के डर से बहिष्कार करने वालों का उत्तर प्रदेश से सूपड़ा साफ होगा। भाजपा यहां की सभी 80 सीटों पर जीत हासिल करने जा रही है। अमित शाह इटावा के नुमाइश पंडाल में भाजपा प्रत्याशी डॉ. रामशंकर कठेरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

अमित शाह ने कहा कि दो चरण में अभी तक हुए 190 सीटों के चुनाव में भाजपा ने अपना शतक पूरा कर लिया है। ये चुनाव भ्रष्टाचारियों व भ्रष्टाचार करने वालों पर कार्रवाई करने वालों के बीच हो रहा है। इंडी गठबंधन के सभी नेता भ्रष्टाचार में डूबे हैं। ये चुनाव राम भक्तों व राम भक्तों पर गोली चलाने वालों के बीच हो रहा है। लोगों से पूछा कि आप खुद तय करिए कि आप किसके साथ हैं। अखिलेश यादव, डिंपल भाभी, राहुल गांधी और उनकी माताजी को राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था लेकिन वे वोट बैंक के डर से नहीं गये। सपा शासन में गुंडागर्दी को इटावा के लोग आज भी भूले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार सरकार बनेगी तो मुफ्त अनाज मिलता रहेगा, लखपति दीदी बनेंगी।

तीरंदाजी विश्व कप में 14 साल बाद ऐतिहासिक जीत की हासिल

भारतीय पुरुष टीम ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

शंघाई, एजेंसी

तीरंदाजी में भारत को स्वर्ण दिलाने वाले धीरज, तरुणदीप और प्रवीण।

- महिला रिकर्व के फाइनल में दीपिका कुमारी को रजत पदक

भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की।

यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा। धीरज, तरूणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया।

सेना के 40 साल के तरूणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरूणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिश्रित टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया।

कल्याण सिंह के निधन पर चुप्पी, माफिया की मौत पर सपा नेता पहुंचे आंसू बहाने

आंवला में आयोजित जनसभा में कांग्रेस और सपा पर जमकर बरसे मुख्यमंत्री

- कहा- सपा वाले जाति का सहारा तो लेते हैं, मगर टिकट अपने ही परिवार के लोगों को देते हैं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने रविवार को आंवला में राम मंदिर के मुद्दे पर सपा-बसपा और कांग्रेस को घेरा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्ता में रहते हुए तीनों दल दावा करते थे कि राम हुए ही नहीं। सपा चेतावनी देती थी कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता। श्रीराम जन्मभूमि के लिए जीवन समर्पित करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर सपा नेताओं के मुंह से संवेदना का एक शब्द नहीं निकला लेकिन माफिया की मौत पर घड़ियाली आंसू बहाते हुए फातिहा पढ़ने पहुंच गए। ऐसे लोगों को सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है।

आंवला के सुभाष इंटर कॉलेज के मैदान पर भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत यहां के तीर्थ स्थलों और संतो को नमन के साथ की। कहा, सत्ता के लिए विरोधी दल ऐसे तड़प रहे हैं जैसे पानी के बिना मछली तड़पती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस चाहती देश में आजादी के फौरन बाद अयोध्या में रामजन्म भूमि की भव्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकता था लेकिन हमारे आराध्य को खुद की भूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े। अंततः अयोध्या में राम मंदिर बना लेकिन क्या सपा, बसपा और कांग्रेस वाले मंदिर बना पाते। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा वाले जाति का सहारा लेते हैं, मगर टिकट अपने ही परिवार के लोगों को दिए है। ये परिवार तक ही सीमित रह जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले दो चरणों के चुनाव से साफ है कि एक बार फिर मोदी सरकार के स्वर गूंजने लगे हैं।

भारत में पटाखा फूटे तो भी पाकिस्तान देता है सफाई :योगी

सीएम के साथ बदायूं की जरूरतों को लेकर चर्चा करते भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य।

बदायूं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देश की सीमाएं सुरक्षित हुईं हैं। साल 2014 से पहले पाकिस्तान भारत के अंदर कहीं भी विस्फोट करा देता था। भारत के लोगों के मरने पर पाकिस्तान जश्न मनाता था। आज अगर देश में कहीं पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देता है कि हमने नहीं किया, क्योंकि वह भयभीत हो चुका है। उसे पता है कि कब कहां सर्जिकल स्ट्राइक हो जाए। आज भारत सुरक्षा, समृद्धि और सम्मान के साथ हाईवे-एक्सप्रेस वे तथा विकास के नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अयोध्या में भी 500 वर्ष का इंतजार समाप्त होने के साथ भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो चुका है। यह सब मोदी जी ने करके दिखाया है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने कहा कि गंगा एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद यह क्षेत्र औद्योगिक विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि बदायूं हमेशा सकारात्मक शक्तियों के साथ रहा है।

जब तक लोगों को जरूरत आरक्षण जारी रहना चाहिए : मोहन भागवत

हैदराबाद, एजेंसी

- विवाद के बीच आरएसएस प्रमुख ने किया आरक्षण का समर्थन

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर आरक्षण को लेकर विपक्ष के हमले के बीच आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि संगठन ने हमेशा संविधान के अनुसार आरक्षण का समर्थन किया है।

संगठन भेदभाव व्याप्त रहने तक आरक्षण लागू रखने की वकालत करता है। यहां विद्या भारती विज्ञान केंद्र के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए भागवत ने सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो का उल्लेख किया और कहा कि इसमें झूठा दावा किया गया है कि आरएसएस आरक्षण का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि वीडियो में उन्हें एक बैठक करते दिखाया गया है जबकि इस तरह की कोई बैठक नहीं हुई है।

उन्होंने कहा संघ का कहना है कि आरक्षण तब तक जारी रहना चाहिए जब तक लोग, जिन्हें यह दिया गया है, महसूस करें कि उन्हें इसकी आवश्यकता है। कथित वीडियो का उल्लेख करते हुए भागवत ने कहा कि प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से जो नहीं हुआ, उसे भी दिखाया जा सकता है। आरक्षण को लेकर भाजपा और कांग्रेस के बीच छिड़े वाकयुद्ध के बीच भागवत ने आरक्षण के समर्थन में टिप्पणी की है। वहीं, भागवत की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज कह रहा है कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं है, लेकिन पहले उसने आरक्षण का विरोध करने की बात कही थी।

केंद्र शासित प्रदेश दमन तथा दीव में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि उन्होंने (मोहन भागवत) ही बयान दिया था कि वह आरक्षण के विरोधी हैं। जो लोग आरक्षण के खिलाफ हैं वे उनकी पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। वे उन सभी का स्वागत करते हैं जो आरक्षण के खिलाफ हैं और फिर वह (भागवत) कहते हैं कि वह आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शनिवार को आरोप लगाया था कि आरएसएस-भाजपा आरक्षण का विरोध करते हैं।

उन्नाव-हरदोई मार्ग पर हुआ हादसा, सीएम ने हादसे पर जताया दुख

ट्रक-बस में टक्कर से आठ यात्रियों की मौत, 22 घायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

क्षतिग्रस्त बस व मौके पर खड़े लोग।

- उन्नाव से बांगरमऊ जा रही थी बस मृतकों में दो की शिनाख्त नहीं
- 9 गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया

अमृत विचार : उन्नाव-हरदोई मार्ग पर रविवार दोपहर बाद तेज रफ्तार ट्रक और निजी बस में आमने-सामने टक्कर होने से आठ यात्रियों की मौत हो गई और 22 यात्री घायल हो गए।

टक्कर इतनी तेज थी कि बस के एक हिस्से के परखचे उड़ गए। 9 गंभीर घायलों को कानपुर के हैलट अस्पताल व 13 को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हादसे के बाद एसपी, एसडीएम, सीओ व तहसीलदार मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। डीएम गौरांग राठी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया। हादसे का सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी संज्ञान लेते हुए घायलों के इलाज की व्यवस्था कराने के निर्देश पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को दिए हैं।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर जमालुद्दीनपुर गांव के पास दोपहर बाद करीब साढ़े 3 बजे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्नाव से आ रही निजी बस में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। बस में सवार दो दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। राहगीरों और आस-पास के ग्रामीणों ने राहत और बचाव शुरू करके पुलिस को सूचना दी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना, एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह, एसडीएम नवीन चंद्र व सीओ भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एम्बुलेंस व निजी साधनों से सीएचसी सफीपुर पहुंचाया। सीएचसी में डॉक्टरों ने आठ यात्रियों को मृत घोषित कर दिया। मरने वालों में दो की शिनाख्त नहीं हो सकी।घायल मेहताब, हसनैन, तरन्नुम, पुत्तन सहित नौ गंभीर को कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया। घायल मोनू, अजय, अन्नू, रामकृष्ण शुक्ला, अनीश, नरेंद्र पाल, गीता, वंदना, सोनू, परवीन, सुकेश, दीपक, अजय गुप्ता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हादसा करने वाले ट्रक और चालक को पुलिस ने पकड़ लिया है। एसपी ने बताया कि घटना की जांच कराई जा रही है।

मृतकों के नाम-पता

आशाराम (57) निवासी गांव सिखरावा थाना टड़ियावां हरदोई, इर्तजा खान (70) निवासी सैय्यदवाड़ा सफीपुर, सुशीला (45) निवासी मंगल बाजार सफीपुर, रुकैया बेगम (30) निवासी मछरिया नौबस्ता कानपुर, हरिनारायण (48) निवासी आदर्श नगर सदर कोतवाली उन्नाव, लालजी (47) निवासी दारापुर फतेहपुर चौरासी, नन्हके सविता (60) अकोहरा नेवादा, हरदोई।

मुंबई पुलिस ने अभिनेता साहिल खान को किया गिरफ्तार

महादेव सट्टेबाजी ऐप मामला

मुंबई। मुंबई साइबर प्रकोष्ठ के विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महादेव सट्टेबाजी ऐप मामले के संबंध में अभिनेता साहिल खान को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बंबई उच्च न्यायलय ने अभिनेता की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी जिसके बाद उन्हें शनिवार को छत्तीसगढ़ के जगदलपुर से पकड़ा गया। इसके बाद उन्हें मुंबई लाकर गिरफ्तार किया गया। एसआईटी ने हाल में खान से इस मामले में पूछताछ की थी।

बसपा नेता आकाश आनंद पर भड़काऊ भाषण देने पर रिपोर्ट

संवाददाता, सीतापुर

- जनसभा के दौरान आचार संहिता का उल्लंघन का लगा आरोप

अमृत विचार : चुनावी जनसभा के दौरान भड़काऊ भाषण देने और आचार संहिता का उल्लंघन करने पर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद समेत 5 नामजद बसपा प्रत्याशियों व 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

रविवार की दोपहर सीतापुर के राजा रघुवर दयाल मैदान में बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के लिए बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद पहुंचे थे। जनसभा में आकाश आनंद पर सरकार और विपक्षी पार्टियों के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का आरोप लगा है। पुलिस ने जनसभा के दौरान वीडियो को स्वतः संज्ञान लेते हुए बसपा नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद, जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, लोकसभा सीतापुर प्रत्याशी महेंद्र यादव, धौरहरा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी व लखीमपुर प्रत्याशी अनसय कालरा सहित मंच पर मौजूद 30 से 35 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

आप गठबंधन से नाराज दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली, एजेंसी: कांग्रेस को झटका देते हुए वरिष्ठ नेता अरविंदर सिंह लवली ने पार्टी की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया और इसकी एक वजह आप से गठबंधन को बताया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली इकाई गठबंधन के खिलाफ थी लेकिन पार्टी आलाकमान ने गठबंधन को स्वीकृति दे दी। कांग्रेस अध्यक्ष को शनिवार को भेजे इस्तीफे में कहा कि वह खुद को लाचार महसूस कर रहे थे क्योंकि दिल्ली इकाई के वरिष्ठ नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए सभी फैसलों पर एआईसीसी के दिल्ली प्रभारी दीपक बाबरिया रोक लगा देते थे। लवली के इस्तीफे से कुछ दिन पहले बाबरिया के साथ विवाद के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री और एआईसीसी सदस्य राजकुमार चौहान ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

गुजरात में पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ की ड्रग्स जब्त, 14 गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

- अरब सागर में सुरक्षा एजेंसियों के संयुक्त अभियान में 86 किग्रा नशीला पदार्थ बरामद

समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने रविवार को कहा कि एक पाकिस्तानी नाव से 600 करोड़ रुपये की 86 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त कर 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। भारतीय तटरक्षक बल ने कहा कि अरब सागर में रातभर संयुक्त ऑपरेशन चलाकर आतंकवाद विरोधी दस्ते (एटीएस) व नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 14 पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 600 करोड़ रुपये की 86 किलोग्राम ड्रग्स बरामद की गई है।

समुद्री सुरक्षा एजेंसी ने कहा, ऑपरेशन में भारतीय तटरक्षक बल ने रविवार को समुद्र में खुफिया-आधारित मादक द्रव्य-रोधी अभियान चलाया। पाकिस्तानी नाव से 14 चालक दल के साथ 600 करोड़ रुपये का 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ पकड़ा गया। अभी तक यह खुलासा नहीं किया है कि नाव से किस तरह के नशीले पदार्थ बरामद हुए। ऑपरेशन के लिए तटरक्षक जहाजों और विमानों को तैनात किया गया था, इसमें कहा गया है कि आईसीजी जहाज राजरतन का इस्तेमाल एनसीबी और एटीएस अधिकारियों की मदद से संदिग्ध नाव की पहचान करने के लिए किया गया था। तटरक्षक बल ने कहा, ड्रग से लदी नाव द्वारा अपनाई गई कोई भी टालमटोल की रणनीति इसे तेज और मजबूत आईसीजी जहाज राजरतन से नहीं बचा सकी। जहाज की विशेषज्ञ टीम संदिग्ध नाव पर चढ़ गई और पूरी जांच के बाद बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की मौजूदगी की पुष्टि की। एजेंसी की ओर से कहा गया है कि पाकिस्तानी नाव को उसके 14 सदस्यीय चालक दल के साथ पकड़ लिया गया और आगे की जांच के लिए पोरबंदर लाया जा रहा है।

गड़बड़झाला 364 पंचायत में ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर का नहीं हुआ इस्तेमाल

66 जिलों में बाहरी कम्प्यूटर से 5 .64 करोड़ का भुगतान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- 1 से 31 मार्च तक हुए 1135 ट्रांजेक्शन पकड़े, कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार : वर्ष 2023-24 में ग्राम पंचायतों पर हुए कार्य और भुगतान की निदेशालय ने समीक्षा की तो 66 जिलों की 364 ग्राम पंचायत में 1 से 31 मार्च तक नियमविरुद्ध 5.64 करोड़ का भुगतान पकड़ा है। यह धनराशि पंचायतों पर संचालित ग्राम सचिवालय के कम्प्यूटर से भुगतान करने के बजाय बाहर से डोंगल लगाकर की गई। इस तरह से कुल 1135 ट्रांजेक्शन गलत किए गए। जबकि शासन ने पिछले वर्ष सचिवों को ग्राम सचिवालय में बैठकर वहीं के कम्प्यूटर से कार्य और भुगतान करने की अनिवार्यता की थी। इसके उल्लंघन करने पर निदेशक पंचायती राज अटल कुमार राय ने संबंधित जिलों के सहायक विकास अधिकारी (पंचायत), जिला परियोजना प्रबंधक, प्रधान व सचिव के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

लखीमपुर, बदायूं समेत 10 जिले में ज्यादा भुगतान

लखीमपुर खीरी की 27 ग्राम पंचायत पर 34 .90 लाख, बदायूं की 26 पंचायत पर 47 लाख, आजमगढ़ की 29 पंचायत पर 42 .95 लाख, प्रयागराज की 23 पंचायत पर 38 .59 लाख, सीतापुर की 14 पंचायत पर 33 .66 लाख, अलीगढ़ की 12 पंचायत पर 30 .22 लाख, गोरखपुर की नौ पंचायत पर 17 .74 लाख, बलिया की आठ पंचायत पर 15 .77 लाख, अमेठी की 11 पंचायत पर 13 .72 लाख व मिर्जापुर की नौ ग्राम पंचायत पर 13 .63 लाख रुपये सर्वाधिक भुगतान किया गया। संबंधित पंचायतों में पूर्व में न समीक्षा हुई न भुगतान में पंचायत गेटवे पोर्टल का उपयोग किया गया।

गेटवे पोर्टल से पकड़ा फर्जीवाड़ा

पुरानी व्यवस्था बंद कर ग्राम निधि के भुगतान में फर्जीवाड़ा रोकने के लिए पिछले वर्ष गेटवे पोर्टल लागू हुआ था और ग्राम सचिवालयों के कम्प्यूटर पर अपलोड किया गया था। जबकि यह पोर्टल बाहर इस्तेमाल नहीं होता है। इस गेटवे पोर्टल से प्रधान व सचिव समेत अन्य को भुगतान डोंगल लगाकर करना होता है।

ये जिले शामिल

लखनऊ 9,535, बरेली 87,326, बस्ती 1 .11 लाख, बांदा 1 .95 लाख, फर्रुखाबाद 2 .42 लाख, औरैया 2 .74 लाख, कन्नौज 3 .12 लाख, पीलीभीत 3 .28 लाख, बहराइच 3 .64 लाख, हरदोई 3 .96 लाख, फतेहपुर 4 लाख, शाहजहांपुर 4 .14 लाख, सहारनपुर 5 लाख, मुरादाबाद 5 .73 लाख, उन्नाव 6 .37 लाख, हाथरस 6 .66 लाख, जालौन 7 लाख, कानपुर नगर 7 .33 लाख, इटावा 7 .84 लाख, महाराजगंज 9 .95 लाख, बाराबंकी 9 .99 लाख, भदोही 10 .74 लाख, कुशीनगर 10 .64 लाख, देवरिया 12 .48 लाख रुपये।

एक नजर

32,747 लाख की शराब ड्रग व धातुएं जब्त

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा पहली मार्च से 27 अप्रैल तक कुल 32747 .03 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए। इसमें 3207 .95 लाख रुपये नकद, 4532 .16 लाख की शराब, 21688 .95 लाख की ड्रग, 2161 .59 लाख रुकी बहुमूल्य धातुएं एवं 1156 .39 लाख रुकी अन्य सामग्री जब्त की गई। 27 अप्रैल को कुल 169 .95 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 5 .86 लाख रुपये नकद, 51 .17 लाख की 19392 .95 लीटर शराब, 112 .93 लाख की 20101 .50 ग्राम ड्रग जब्त की गई।

हरदोई व सीतापुर की सड़कों के लिए धनराशि अवमुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुदान संख्या 58 के अंतर्गत नाबार्ड वित्त पोषित आरआईडीएफ योजना के अंतर्गत हरदोई की एक और सीतापुर की एक सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शासन ने धनराशि अवमुक्त कर दी है। हरदोई में प्रताप नगर-माधोगंज मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चैनेज 0 .00 से चैनेज 20 .400 तक चौड़ीकरण एवं सुदढ़ीकरण के लिए 20 करोड़ रुपये अवमुक्त किये गये हैं। जबकि सीतापुर में चंद्रा पिसांवा मार्ग (अन्य जिला मार्ग) के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 46 .50 लाख रुपये अवमुक्त किये गये हैं। ये सड़कें बहुत जर्जर थीं और लंबे समय से इसके चौड़ीकरण की मांग की जा रही थी।

राजनाथ सिंह पहुंचे लखनऊ आज दाखिल करेंगे नामांकन

जीत के लिए दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में नामांकन से पहले की जाएगी प्रार्थना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का रविवार देर रात करीब 10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। वे सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की अगुवाई में स्वागत किया गया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन के पहले सिंधी, पंजाबी व सिख समाज के लोग सोमवार को हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में प्रार्थना, पूजा और अरदास करेंगे। सिंधु सभा के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, भारतीय पंजाबी समाज के अध्यक्ष अनिल बजाज, नानक चंद लखमानी, चेट्टी चंद मेला कमेटी के अध्यक्ष रतन मेघानी, संजय जसवानी सहित सिख समाज के सरदार गुरुमीत सिंह (प्रबंधक गुरुद्वारा साहिब यहियागंज) व राधा स्वामी सतसंग व्यास की टीम के प्रमुख लोग राजनाथ सिंह का अभिनंदन करेंगे। अशोक मोतियानी ने बताया की राजनाथ सिंह हजरतगंज में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर नामांकन दाखिल करने के लिए निकलेंगे।

लखनऊ एयरपोर्ट पर पहुंचने पर महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद बृजलाल, एमएलसी मुकेश शर्मा, विधायक योगेश शुक्ला, विधायक प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व विधायक सुरेश चंद तिवारी, महानगर महामंत्री पुष्कर शुक्ला ने उनका स्वागत किया।

एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का स्वागत करते भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और महापौर सुषमा खर्कवाल।

भोजपुरी समाज करेगा फूलों की वर्षा

अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि सोमवार को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ संसदीय क्षेत्र से नामांकन करेंगे। भोजपुरी समाज उनका भव्य स्वागत करेगा। भोजपुरी वेशभूषा में समाज के लोग गीत, संगीत के साथ फूलों की वर्षा करेंगे। इस अवसर पर जितेंद्र सोनकर, मनोज सिंह, पारसनाथ तिवारी, वेद प्रकाश राय, मनीष पोद्दार, सुनील सिंह, श्रीराम शर्मा, उपेंद्र राय, हनुमान यादव, अवधेश, सुरेश कुशवाहा, रविशंकर देहाती आदि उपस्थित रहेंगे।

पर्वतीय समाज करेगा रक्षामंत्री का स्वागत

पर्वतीय समाज के लोग रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नामांकन के दौरान हजरतगंज के झलकारी बाई अस्पताल के पास उत्तराखंड के पारंपरिक परिधानों में उनका स्वागत करेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल के आवास पर रविवार को आयोजित बैठक में पर्वतीय समाज के सभी संगठनों के पदाधिकारी और भाजपा नेता नीरज सिंह उपस्थित रहे। बैठक में रक्षामंत्री को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

सपा प्रत्याशी 1 मई को करेंगे नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के लखनऊ के लोकसभा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा 1 मई को नामांकन करेंगे। इसको लेकर पार्टी में रविवार देर शाम तक मंथन चला। मीडिया प्रभारी अब्बास हैदर बताते हैं कि पहली मई को लखनऊ के लोकसभा प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा का नामांकन किया जाना प्रस्तावित है।

आजमगढ़ में सबीहा अंसारी होंगी बसपा प्रत्याशी

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा ने दो मुस्लिम प्रत्याशी समेत तीन लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। रविवार को घोषित प्रत्याशियों में आजमगढ़ से मुस्लिम प्रत्याशी सबीहा अंसारी और संत कबीर नगर सीट पर सैय्यद दानिश को उतारा है। बहुप्रतीक्षित अमेठी सीट पर रवि प्रकाश मौर्या को उम्मीदवार बनाया है।

राजधानी स्थित केन्द्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने 9वीं सूची जारी की है। सूची में आजमगढ़ सीट पर बसपा ने रणनीति के तहत अपने प्रत्याशी भीम राजभर की जगह सबीहा अंसारी को टिकट दिया है। प्रत्याशी बदलने के पीछे विशेषज्ञों का कहना है कि मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लाने के लिए मायावती ने कदम उठाया है, क्योंकि सपा द्वारा धर्मेन्द्र यादव को प्रत्याशी बनाया है और सपा में गए गुड्डू जमाली उनके समर्थन में प्रचार करेंगे।

छठे चरण के लिए नामांकन आज से

पर्चा भरने की अंतिम तिथि छह मई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए भी होगा नामांकन

अमृत विचार : प्रदेश में छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए 29 अप्रैल से नामांकन शुरू होंगे। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए भी नामांकन होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, इलाहाबाद, अम्बेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीर नगर, लालगंज (अजा), आजमगढ़, जौनपुर, मछलीशहर (अजा) व भदोही सीटों के लिए चुनाव होंगे। इस चरण की कुल लोकसभा सीटों में 12 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और दो सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण के 14 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, अयोध्या, बलरामपुर, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संत कबीरनगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी व भदोही सहित 15 जिलों के अंतर्गत आते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह तीन बजे के बीच नामांकन किये जा सकेंगे। नामांकन भरने की अंतिम तिथि छह मई निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच सात मई को की जायेगी। नौ मई को अपरान्ह तीन बजे तक नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है।

उन्होंने बताया कि इस चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 2.69 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.42 करोड़ पुरुष मतदाता व 1.27 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 17,113 मतदान केन्द्र व 28,171 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। इसी प्रकार गैंसड़ी विधानसभा उप निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.62 लाख मतदाता हैं, जिसमें 1.93 लाख पुरुष मतदाता व 1.69 लाख महिला मतदाता हैं।

सुरक्षा के व्यापक प्रबंध

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नामांकन के दौरान सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। नामांकन प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी जा रही है। सभी निर्वाचन अधिकारियों तथा सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये गये हैं।

तमिलनाडु की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा में लगा रहे थे सेंध, देहरादून से दो गिरफ्तार

रिमोर्ट एक्सेस सॉफ्टवेयर से कंप्यूटर हैक कर हल कराते थे प्रश्नपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वेल्लूर यूनिवर्सिटी तमिलनाडु का मामला
- देहरादून में हुई गिरफ्तारी, दोनों आरोपी बिहार के

अमृत विचार : उप्र., मध्य प्रदेश और बिहार की परीक्षाओं में शिक्षा माफियाओं की दखलंदाजी के बाद अब तमिलनाडु की परीक्षाओं में भी एक नये गैंग की सक्रियता सामने आई है। इस बार जो अभियुक्त पकड़े गए हैं, वह प्रतिष्ठित संस्थान वेल्लूर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी प्राइवेट यूनिवर्सटी इन वेल्लूर, तमिलनाडु की इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा-2024 में प्रश्नपत्र हल कराने में सक्रिय थे। आरोपियों ने रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के जरिए प्रश्नपत्र हल कराकर मोटी रकम वसूल ली।

उप्र. एसटीएफ की मेरठ इकाई ने सहस्त्रधारा रोड रायपुर देहरादून से राहुल कुमार निवासी अघोरिया बाजार मुजफ्फरपुर बिहार एवं जितेश कुमार निवासी रूनी शैदपुर सीतामढ़ी बिहार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक लैपटॉप, तीन मोबाइल फोन, चार एडमिट कार्ड एवं चार अभ्यर्थियों की ऑनलाइन परीक्षा के डिसप्ले की छाया प्रति बरामद की है। एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस परीक्षा धांधली को लेकर सूचनाएं एकत्रित की जा रही थीं। निरीक्षक सुनील कुमार के नेतृत्व में दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त जितेश ने रायपुर देहरादून में ईडीयू च्वाइस कंसलटेंसी का कार्यालय खोला था। वहीं जितेश कुमार की मुलाकात दूसरे अभियुक्त राहुल कुमार से हुई। जितेश कुमार ने राहुल कुमार को भी अपने कार्यालय में पार्टनर बना लिया। दोनों के द्वारा सोशल मीडिया के जरिए विभिन्न कॉलेजों में एडमिशन कराने के लिए विज्ञापन जारी कराया गया। एडमिशन के विज्ञापन जारी होने पर कुलबीर निवासी हरियाणा, देहरादून स्थित आईटी पार्क के निकट सेंट जेवियरर्स स्कूल कनाल रोड धोरन्फड के नाम से ऑनलाइन परीक्षा की लैब है, ने जितेश कुमार व राहुल कुमार से संपर्क कर अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराने को कहा। साथ ही कहा कि सभी लोग मिलकर प्रतियोगी परीक्षाओं में कंप्यूटर सिस्टम हैक कर नकल कराने का काम किया जायेगा। इस दौरान कुलबीर के साथ इनकी मुलाकात गौरव निवासी बिजनौर से हुई, जिसकी जान पहचान अन्य लैब में भी थी, जिसके जरिये ये लोग अन्य लैब में भी परीक्षा के दौरान हैकिंग कर नकल कराने का काम करते थे।

यूट्यूबर अनुराग को निर्वाचन अधिकारी ने बनाया स्वीप आइकन

अमृत विचार, लखनऊ : 20 मई को लखनऊ में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिये रविवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में जिला प्रशासन और एकत्व वेलफेयर की ओर से मतदाताओं को जागरूक करने के लिये वोटर्स मीट का आयोजन किया गया। जिसमें मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अभियान में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, 1090 महिला पावरलाइन की एसएसपी रुचिता चौधरी और एकत्व वेलफेयर के अध्यक्ष आयुष कुमार जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूट्यूबर अनुराग डोभाल और आरजे आलोक भी शामिल हुए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अनुराग डोभाल को आईडी कार्ड पहनाकर जनपद का स्वीप आकइन बनाया।

पार्टी कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

सपा-बसपा को झटका, कई नेता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी व बहुजन समाज पार्टी के कई नेता रविवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उन्हें सदस्यता दिलाई।

सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं में सपा नेता पूर्व विधायक खलीलाबाद दिग्विजय नारायण 'जय चौबे', सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष संत कबीरनगर बलराम यादव व सपा से अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खलीलाबाद जगत जायसवाल समेत कई नेता शामिल हैं। इसके अलावा सदस्यता ग्रहण करने वालों में सपा से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शाहजहांपुर नीतू सिंह, सपा से विधानसभा पुवांया के पूर्व प्रत्याशी उपेन्द्र पाल सिंह, सपा संतकबीरनगर के नेताओं में सपा से जिला पंचायत सदस्य अजय शर्मा, सपा जिला उपाध्यक्ष कौशल चौधरी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख व वर्तमान ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुमताज अहमद, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता, जिला अध्यक्ष (प्रधान संघ) जगदीश चैधरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेन्द्र पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह 'मन्नू', पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्रम्हशंकर भारती (गोस्वामी) और बसपा से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सिरपत यादव शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंची हैं। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी, प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य, प्रदेश मंत्री शंकर गिरी, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हिमांशु दुबे मौजूद रहे।

50 वर्ष पूरे कर चुके अक्षम कर्मियों को रिटायर करने का आदेश वापस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में 50 वर्ष पूरे कर चुके अक्षम बिजली कर्मियों को रिटायर करने संबंधी आदेश वापस ले लिया गया है। बिजली कर्मियों के विरोध के बाद कॉरपोरेशन ने आदेश निरस्त कर दिया।

पावर कॉर्पोरेशन ने स्क्रीनिंग कमेटी का गठन कर अक्षम कर्मियों को चिन्हित करने का निर्देश दिया था। कारपोरेशन के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक कार्मिक एवं प्रबंधन विकास चंद्र अग्रवाल ने निगम के सभी मुख्य अभियंताओं को पत्र जारी कर स्क्रीनिंग कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया था। जारी निर्देशों में कहा गया था कि 30 सितंबर 2023 को 50 साल की आयु पूरी कर चुके समूह ग व घ के कर्मियों को चिन्हित किया जाए। ऐसे कर्मियों की कार्य कुशलता का अध्ययन किया जाए और कार्य कुशलता कम होने की स्थिति में उन्हें 60 साल की सेवा के पहले रिटायर किया जाए। विद्युत कर्मचारी मोर्चा संगठन के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश अवस्थी बब्बू ने इस आदेश का विरोध करते हुए शासन से शिकायत की थी।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पुस्तक का विमोचन करते कांग्रेस नेता। अमृत विचार

'डॉ आंबेडकर का भारत चाहते थे राजीव गांधी' पुस्तक का विमोचन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में 'डॉ आंबेडकर का भारत चाहते थे राजीव गांधी' पुस्तक का विमोचन किया गया। इस पुस्तक को राजेश गौतम ने लिखा है। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे व मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने तौर पर पुस्तक का विमोचन किया।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर प्रकरण की सीबीआई जांच की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश में 15 हजार करोड़ रुपये की आरडीएसएस और 25 हजार करोड़ रुपये से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की योजना में कई अनियमितताओं का आरोप लगाया है। परिषद ने योजनाओं की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा है कि जनहित में इसका खुलासा होना चाहिए। दोनों योजनाएं सीधे बिजली उपभोक्ताओं से जुड़ी हैं। उन्होंने सवाल किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर में चीन निर्मित उपकरण लगे होने के बाद भी मीटर को अनुमोदित करने वाले अभियंताओं के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की गई? ये अभियंता अब भी मीटर निर्माता कंपनियों से मिलकर 'खेल' कर रहे हैं।

ऑडिट में नहीं मिलीं माप पुस्तिकाएं

सोशल ऑडिट में 18.67 लाख की अनियमितता पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रधान व सचिव से मांगे गए अभिलेख

अमृत विचार : सोशल ऑडिट में बख्शी का तालाब (बीकेटी) की छह ग्राम पंचायत में हुए वर्ष 2022-23 के कार्यों में ज्यादातर की माप पुस्तिका तो बिल व बाउचर नहीं मिले। जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह ने इस तरह के 18.67 लाख रुपये के भुगतान की पुष्टि न होने अभिलेख मांगे हैं।

जिले में वर्ष 2022-23 में हुए कार्यों का 2023-24 में सोशल ऑडिट कराया गया। टीम ने ग्राम पंचायत अरम्बा में 87,516 रुपये से बने चक मार्ग की जांच की तो मौके पर माप पुस्तिका नहीं मिली। इसी तरह ग्राम गोधना में डामर रोड से नहर तक व नरायपुर तक 4.41 लाख रुपये का चकमार्ग बनाने की जांच की। यहां भी प्रधान व सचिव द्वारा माप पुस्तिका नहीं दी गई। ग्राम कैडियामऊ में 8364 रुपये से किए गए पौधरोपण की भी माप पुस्तिका नहीं मिली। इसके अलावा, ग्राम भडसर में खलिहान की भूमि पर पौधरोपण और सुरक्षा के लिए तार में 1.43 लाख रुपये खर्च दर्शाये गए। ऑडिट के दौरान बिल व बाउचर नहीं दिए गए। टीम ने ग्राम अटेसुवा में बने आंगनबाड़ी केंद्र की जांच की। निर्माण में 5.44 लाख रुपये खर्च करना पाया। लेकिन, खर्च संबंधित पत्रावली नहीं मिली। कुनौरा शाहपुर में 6.44 लाख रुपये खेल मैदान व चकमार्ग में खर्च किए गए। इन कार्यों की पत्रावलियां भी नहीं दी गईं। जिला विकास अधिकारी ने प्रधान व सचिव से अभिलेख मांगे हैं।

योगी के गुण गा रहे पूर्व क्रिकेटर पीटरसन

कहा- आज तक नहीं देखा इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दक्षिण अफ्रीकी मूल के पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन योगी के विकास कार्यों के गुण गा रहे हैं। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट से लेकर सबसे बड़े एयरपोर्ट तक देख चुके केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को वर्ल्ड क्लास बताया।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उन्होंने लखनऊ एयरपोर्ट की तस्वीर वायरल की। आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ पहुंचे केविन पीटरसन ने लखनऊ एयरपोर्ट के नए टर्मिनल के बारे में कहा कि उन्होंने इतना खूबसूरत एयरपोर्ट टर्मिनल आज तक नहीं देखा।

पीटरसन ने इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा की है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले केविन पीटरसन तकरीबन पूरी दुनिया घूम चुके हैं। लेकिन लखनऊ एयरपोर्ट की खूबसूरती ने उनका दिल जीत लिया। पीटरसन ने पोस्ट में लिखा- लखनऊ के नए एयरपोर्ट टर्मिनल में स्ट्रीट ऑफ फ्लावर्स वाकई में वर्ल्ड क्लास है। इस खूबसूरत राज्य के लिए सभी ने मिलकर क्या कमाल का काम किया है। मुझे यकीन है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को इस पर बहुत गर्व होगा। भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

लखनऊ एयरपोर्ट पर पूर्व क्रिकेटर केविन पीटरसन।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक मतदान जरूरी

अमृत विचार, लखनऊ : चन्द्रभानु गुप्त द्वारा स्थापित संस्था विचार मंच ने कम मतदान को चिंताजनक बताते हुए बुद्धिजीवियों को जागरूक किया है। वीर सावरकर नगर में इस मुद्दे पर संगोष्ठी का आयोजन कर कहा गया कि यह चुनाव राष्ट्रवाद और राष्ट्रवाद विरोध के बीच है। जो मुगालते में हैं, वह गर्मी और धूप से बचाव के लिए घरों में ही बैठे हैं। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ पत्रकार श्याम कुमार ने मांग की कि मतदान का समय बढ़ाकर रात आठ बजे कर दिया जाना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग वोट देने के लिए घरों से निकल सकें। अर्थशास्त्री प्रो. अम्बिका प्रसाद तिवारी ने कहा कि चुनाव में अब तक अधिक मतदान की योजना विफल सिद्ध हुई है जबकि लोकतंत्र की मजबूती के लिए अधिक से अधिक मतदान किया जाना चाहिए। संगोष्ठी में सिद्धार्थ सौरभ, राजेश राय, राजीव माथुर, राजीव आहूजा, सर्वेश चन्द्र द्विवेदी, आमोद श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिंह, कमलेश पाण्डेय, रामसिंह तोमर, पीबी वर्मा, हरेन्द्र नाथ द्विवेदी, अजय दत्त शर्मा, मुरलीधर सोनी, गोपाल कौशल और राकेश कुमार सिंह ने विचार व्यक्त किये।

फर्स्ट डिवीजन अभियान से वोट प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम

नुक्कड़ सभाओं के जरिए लोगों तक पहुंच कर मतदान के लिए किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में लखनऊवासियों को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से बाल महिला सेवा संगठन ने 'लखनऊ लाएगा फर्स्ट डिवीजन' अभियान शुरू किया है। रविवार को मड़ियांव में नुक्कड़ सभा व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अभियान की शुरुआत की गई।

संगठन की अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी ने बताया कि अगले 23 दिनों तक लगातार संगठन के कार्यकर्ता नुक्कड़ सभाओं व अन्य माध्यमों से हजारों लोगों तक सीधे पहुंच कर मतदान के लिए जागरूक करेंगे। मड़ियांव में अभियान के दौरान ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष रामविलास शर्मा उपाध्यक्ष आर एस गुप्ता, वार्ड अध्यक्ष अमित शुक्ल, मुरली प्रसाद वर्मा, एसके श्रीवास्तव कृष्ण कुमार सक्सेना मोहम्मद सईद, शफीक अहमद, वागीश कुमार सक्सेना, राम प्रकाश त्रिपाठी, आशीष कुमार सक्सेना, मोहम्मद वकील, मोहम्मद तौफीक, गौरव, अदनान, शादिक अली, मोहम्मद हारुन, राजबहादुर यादव, एजाज हुसैन अयूबी, विनोद प्रकाश तिवारी, संजय कुमार, अजय कुमार, सोनी शर्मा और अब्दुल खान मौजूद रहे।

लोगों को जागरूक करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी।

मतदान के पांच दिन पहले मतदाताओं को बांटेंगे पर्ची

अमृत विचार, लखनऊ : बूथ लेवल आफिसर (बीएलओ) मतदान के पांच दिन पहले घर-घर जाकर वोटरों को मतदान के लिए जागरूक करेंगे। साथ ही मतदाता पर्ची का वितरण करेंगे। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर रविवार को मंडल के जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदान के दिन एक मतदाता सहायता बूथ अवश्य बनाया जाए। कहा कि इसमें बीएलओ वोटर असिस्टेंट के रूप में वोटर लिस्ट के साथ उपस्थित रहकर मतदाताओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

शहर में आज

- श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा मानसरोवर में सिखों के नौवें गुरु साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 403वें प्रकाश पर्व पर विशेष दीवान व लंगर -8 :00।
- महाराज अग्रसेन बालिका विद्यालय डालीगंज में लोक संस्कृति शोध संस्थान द्वारा दादा-नानी की कहानी कार्यक्रम - 9 :00।
- मदरसा सुलतानुल मदारिस में शिया हज यात्रियों का प्रशिक्षण शिविर-11 :00।
- हजरतगंज प्रदेश भाजपा कार्यालय से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह) और कौशल किशोर का नामांकन जुलूस सुबह 10 :00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी के वाल्मिकी रंगशाला में जइयो कहां ऐ हुजूर का आयोजन- 6 :30 बजे।

नगर निगम की खुली पोल, तो बंद होने लगे सीवर-नालों के होल

अमृत विचार में खबर प्रकाशित होने पर अधिकारियों के साथ निरीक्षण को निकले नगर आयुक्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- सीमेंट, सरिया लेकर पहुंचे लेबर और शुरू किया काम

अमृत विचार : जानकीपुरम में गुरुवार को मैनहोल खुला होने से सीवर लाइन में गिरने से बच्चे की मौत के बाद नगर निगम के अधिकारी हरकत में आए। जोनवार सर्वे कराने के निर्देश दिए गए, लेकिन अगले ही दिन स्वास्थ्य भव के पास जर्जर ढक्कन पैर पड़ने से एक व्यक्ति गड्ढे में घुस गया।

नगर निगम की इस गंभीर लापरवाही को ''अमृत विचार'' ने गंभीरता से लिया और शहर के विभिन्न इलाकों खुले मैनहोल, सीवर के टूटे स्लैब और रास्तों पर खोदे गए गड्ढों की फोटो समेत खबर प्रकाशित कर नगर निगम की पोल खोल दी। इसके बाद नगर आयुक्त खुद सड़क पर उतरे और कुछ ही देर बाद खुले गड्ढे बंद किए जाने लगे।

अमृत विचार ने रविवार के अंक में ''संभल कर चलें, मुंह खोले पड़े हैं जानलेवा गड्ढे'' शीर्षक से शहर में खुदे गड्ढे, टूटे मैनहोल के ढक्कन और सीवर की टूटे स्लैब को प्रमुखता से उजागर किया। जनसमस्या की इस खबर को नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने गंभीरता से संज्ञान लिया। उन्होंने अधिकारियों की टीम के साथ कई इलाकों का भ्रमण किया।

कुछ समय बाद ही शास्त्रीनगर चौराहे पर लेबर और मिस्त्री सरिया, सीमेंट लेकर पहुंच गए। चौराहे पर बने गहरे और चौड़े गड्ढे पर लगने वाली सरिया की अधिकारियों ने खड़े होकर नाम कराई। मौजूद रहकर गड्ढा भरवाया। नगर आयुक्त ने अभियंताओं को सभी खुले मैनहोल पर ढक्कन लगाने और नालों के टूटे रैम्प बनवाने के निर्देश दिए। आलमबाग समेत कई इलाकों में अधिकारियों की टीम गड्ढों पर ढक्कन लगवाते नजर आई।

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

तीन दिन में भर जाएंगे गड्ढे

कृष्णा नगर के प्रेम नगर में 100 मीटर सड़क पर तीन बड़े गड्ढे हैं। जल निगम ने यहां वाटर लाइन के लिए गड्ढे खोदकर छोड़ दिये हैं। रविवार को नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। उनके साथ जल निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे। जल निगम के अभियंता का कहना है कि तीन दिन में काम पूरा कर लिया जाएगा। गड्ढे बंद करके सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

शास्त्रीनगर चौराहे पर गड्ढे पर स्लेब डालते मिस्त्री और मजदूर। अमृत विचार

फिर निरीक्षण कर लें अभियंता और सफाई निरीक्षक

नगर निगम व जलकल विभाग ने जोनवार खुले मैनहोल का सर्वे कराया। इसके बाद नगर आयुक्त ने अधिकारियों, अभियंताओं को खुले मैनहोल, सीवर के टूटे रैम्प और गड्ढों में तब्दील सड़क को तत्काल ठीक कराने को कहा। नगर आयुक्त ने अभियंताओं व सफाई निरीक्षकों को एक बार फिर अपने क्षेत्र में निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इसके बाद कहीं भी खुला मैनहोल, सीवर के टूटे स्लेब मिले तो उस क्षेत्र के अधिकारी और अभियंताओं पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ठेकेदार ने जलकल विभाग को ठहराया जिम्मेदार

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम विस्तार में सीवर लाइन में गिरकर हुई बच्चे की मौत के मामले की जिम्मेदारी अधिकारी व ठेकेदार एक दूसरे पर थोप रहे हैं। जलकल महाप्रबंधक की ओर से बनी जांच कमेटी ने ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया है। ठेकेदार ने प्रमुख सचिव को भेजे प्रत्यावेदन में जलकल को जिम्मेदार बताया है। लिखा है कि जिस ट्रंक सीवर लाइन में गिरने से बच्चे की मौत हुई उसकी सफाई की जिम्मेदारी उसके पास नहीं थी। उसके पास ब्रांच लाइन की सफाई की जिम्मेदारी थी। बच्चे की मौत के बाद जलकल के महाप्रबंधक एसके गुप्ता ने सचिव रमेश चंद्र की अध्यक्षता में पांच अधिकारियों व इंजीनियरों की जांच कमेटी बनाई थी। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंप दी है। जांच समित ने अपनी रिपोर्ट में एसके इंटरप्राइजेज तथा उसके सुपरवाइजर अंकित कुमार के साथ जेई को दोषी ठहराया था।

एक नजर

सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म को मिलेगा एक लाख पुरस्कार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ फिल्म फोरम के लघु फिल्म महोत्सव के लिए पंजीकरण शुरू हो गया है. अंतिम तिथि 30 अप्रैल और इकोफिल्क्स की पांच मई 2024 है। परिणाम की घोषणा 15 जून को फोरम के वार्षिक लघु फिल्म महोत्सव में होगी। इस लघु फ़िल्म महोत्सव में ऑनलाइन अपनी प्रविष्टियां भेजने के लिए www.lucknowfilmforum.com पर लॉगिन किया जा सकता है। एमरेन फाउंडेशन की संस्थापक रेणुका टंडन ने बताया कि हमें लखनऊ फिल्म फोरम और क्रिएटिव फर्स्ट (मोशन पिक्चर्स एसोसिएशन) तथा इंटरनेशनल लीगल अलायंस के बीच रोमांचक साझेदारी की घोषणा करते गर्व हो रहा है। लखनऊ शार्ट फिल्म फेस्टिवल के साथ हम मोशन पिक्चर्स एसोसिएशन द्वारा समर्थित पहला इकोफिल्क्स नामक लघु फिल्मों के एक अभूतपूर्व खंड का अनावरण करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए प्रोत्साहन राशि के रूप में एक लाख रुपये और इकोफिल्क्स के लिए 50 हजार रुपये की राशि दी जाएगी।

निंदूरा क्षेत्र में रात भर बाधित रही बिजली

लखनऊ/बाराबंकी, अमृत विचार : निंदूरा क्षेत्र के कुर्सी विद्युत उपकेंद्र में लखनऊ के पैगरामऊ से बिजली आती है। शनिवार रात 33 हजार केवीए लाइन का बॉक्स जल गया। इससे रात बिजली गुल रही। निंदूरा क्षेत्र के लगभग साढे चार लाख आबादी को 8 से 10 घंटा विद्युत कटौती झेलनी पड़ी। जिसके चलते कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। कस्बा कुर्सी अनवरी टिकैतगंज बाबागंज सहित कस्बा में विद्युत कटौती से लोग पानी को तरस गए।

रसोई गैस सिलेंडर फटने से दो मंजिला घर ढहा, परिवार के चार सदस्य घायल

दमकल कर्मियों व पुलिस ने मलबा हटाकर घायलों को ट्रॉमा सेंटर में कराया भर्ती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चौक इलाके के गाजी मंडी के आसपास के लोग रविवार को तेज धमाके से दहल गये। धमाका सिलेंडर फटने से हुआ था, जिससे प्रापर्टी डीलर का दो मंजिला घर जमींदोज हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों और पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से मलबे में दबकर घायल दो वर्षीया बच्ची समेत चार लोगों को निकाल कर ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया।

शिया कॉलेज के समीप रहने वाले गुलाब कश्यप प्रापर्टी डीलर हैं। उनका दो मंजिला मकान है। उन्होंने बताया रविवार सुबह करीब 11:30 बजे बहन कुसुम नीचे किचन में थी। सुबह सिलेंडर की गैस खत्म हो गई थी। इसके चलते वह गैस चूल्हे में दूसरा सिलेंडर लगाने जा रही थी। छोटे भाई गुड्डू कश्यप द्वारा सिलेंडर की कैप हटाते ही गैस लीके होने लगी। इससे पूरे कमरे में गैस फैलने लगी। पूजा वाली अलमारी में दीया जल रहा था। दीया तक गैस पहुंचते ही आग भड़क उठी।

घर के सदस्यों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया, तब तक विकराल रूप धारण कर लिया। इससे भाभी स्वाती, भतीजी अनन्या, कीर्ती, भाई सुरेश, भतीजी जाह्नवी ने घर से बाहर भाग कर जान बचाई। पड़ोसी राजकुमार रस्तोगी व अन्य लोग मदद के लिए दौड़े। वह लोग सिलेंडर हटा ही रहे थे तभी वह धमाके के साथ फट गया। इससे दो मंजिला मकान ढह गया।

इससे अंदर के कमरे में लेटे चचेरे भाई जगदीश उनकी दो साल की बेटी दिविशा और भाभी पिंकी अंदर फंस गये। धमाका इतना तेज था कि पड़ोस के मकान तक हिलते महसूस हुये। इस बीच चौक थाना प्रभारी नागेश उपाध्याय, एफएसओ चौक पुष्पेंद्र और उनकी टीम पहुंची। इसके बाद लोगों के साथ मलबे में फंसे लोगों को निकाला गया। हादसे में जगदीश, दिविशा, पिंकी और पडोस़ी राजकुमार रस्तोगी घायल हो गए। सभी को आनन फानन ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां से रात करीब साढ़े सात बजे सभी को डिस्चार्ज कर दिया गया।

इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया घरवालों ने अभी कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर जांच में मिले तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। बताया गैस कंपनी के कर्मी जांच करने पहुंचे थे। वह परीक्षण करने के लिए सिलेंडर ले गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि सिलेंडर फटने का क्या कारण है।

सिलेंडर के धमाके से ध्वस्त मकान के मलबे में जांच करती पुलिस व महिलाओं से घटना की जानकारी लेते पुलिसकर्मी।

गैस एजेंसी पर कार्रवाई करने की मांग

गुलाब कश्यप ने बताया कि होली के एक हफ्ते पहले चौक के इमामबाड़ा के पास गैस एजेंसी से सिलेंडर आया था। तब से रखा था। सुबह सिलेंडर खत्म होने पर दूसरा लगाते समय हादसा हुआ। उनका कहना था कि सिलेंडर ठीक नहीं था। उसमें कुछ कमी थी। इसी से हादसा हुआ है।

बदहवास महिला को संभालती दूसरी महिला।

बाराबंकी में भी फटा सिलेंडर दो घरों की छत क्षतिग्रस्त

अमृत विचार, बाराबंकी : बिजली पोल के डी बॉक्स में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लग गई। आग ने 11 घरों को चपेट में ले लिया। एक घरेलू गैस सिलेंडर फटने से हुए धमाके में दो आवासों की छतें क्षतिग्रस्त हो गयीं। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया। हादसे में 50 हजार की नकदी सहित लाखों की गृहस्थी जल गई।

गैस उपभोक्ता का होता है 50 लाख तक का बीमा

अमृत विचार, लखनऊ: मायएलपीजी.इन (http://mylpg.in) के मुताबिक एलपीजी का घरेलू रसोई गैस का कनेक्शन लेते ही उपभोक्ता का 50 लाख रुपए तक का बीमा हो जाता है। इसकी जानकारी कंपनियां उपभोक्ता को नहीं देती हैं। रसोई गैस से हादसा होने पर बीमा क्लेम दिलाने की जिम्मेदारी डिस्ट्रीब्यूटर की होती है। डिस्ट्रीब्यूटर्स और कस्टमर सर्विस सेल के पास सभी डिटेल्स होती हैं। सिलेंडर फटने की घटना उपभोक्ता के प्रिमाइसेस में हुई है तो वह क्लेम कर सकता है। हादसे में मौत होने पर प्रति एक्सीडेंट प्रति व्यक्ति 6 लाख रुपये का मुआवजा मिलता है। हादसे में घायल होने पर मेडिकल खर्च के लिए प्रति एक्सीडेंट 30 लाख रुपये का मुआवजा मिलता है, जो प्रति व्यक्ति 2 लाख रुपये तक होता है। साथ ही प्रति व्यक्ति 25000 रुपये तक की तत्काल राहत सहायता का भी प्रावधान है।

क्लेम के लिए यह जरूरी

क्लेम करने के लिए पुलिस स्टेशन में रजिस्टर्ड एफआईआर की कॉपी, मेडिकल रीसिप्ट, बिल, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और डेथ सर्टिफिकेट की जरूरत होती है।

कब नहीं मिलेगा क्लेम?

1. यदि पाइप, रेगुलेटर, चूल्हा ISI मार्क वाला नहीं है तो क्लेम नहीं मिलेगा।
2. यदि गैस चूल्हे, पाइप की लंबे समय से जांच नहीं हुई है तो क्लेम नहीं मिलेगा।
3. दुर्घटना के 30 दिनों के अंदर क्लेम नहीं किया गया तो इंश्योरेंस नहीं मिलेगा।

आज हजरतगंज, स्वास्थ्य भवन चौराहा की ओर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई दलों के प्रत्याशी जुलूस निकाल करेंगे नामांकन
- डीसीपी ने सुबह 7 से दोपहर दो तक लागू किया डायवर्जन

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। सोमवार को कई दलों के प्रत्याशी जुलूस के साथ नामांकन करने कलेक्ट्रेट जाएंगे। इसे देखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया यातायात व्यवस्था में डायवर्जन लागू किया गया है। सुबह 7 से दोपहर दो बजे तक बापू भवन से विधान भवन और हजरतगंज होकर परिवर्तन चौराहा से स्वास्थ्य भवन चौराहा तक प्रत्याशियों के के नामांकन जुलूस निकाले जायेंगे। इससे इन मार्गों पर भीड़ की आशंका है। आमजन की सुविधा के लिये वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं।

जुलूस के रास्ते में बैरिकेडिंग लगाते मजदूर।

जानिये किन रास्तों से करना है आवागमन

- चारबाग से बड़ी गाड़ियां और बसें केकेसी होकर कैंटोनमेंट की तरफ आवागमन करेंगी।
- बापू चौराहे से वाहन अटल चौराहे की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग सिसेंडी होकर डीएसओ चौराहे और लालबाग से होकर निर्धारित किया गया है।
- हजरतगंज अटल चौराहे से वाहन बापू चौराहा की ओर नहीं जा सकेंगे।
- डालीगंज पुल तिराहा से सामान्य वाहन स्वास्थ्य भवन सीडीआरआई तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। इनके लिये वैकल्पिक मार्ग पुल क्रॉस करके नदवा बंधे से होकर तय किया गया है।
- सिकंदराबाद चौराहे से अटल चौराहा हजरतगंज की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग दैनिक जागरण चौराहा होकर निर्धारित किया गया है।
- रोडवेज बसें 1090 से चिरैया झील होकर कैसरबाग बस अड्डे की तरफ नहीं जा सकेंगी। इनके लिये वैकल्पिक मार्ग बंदरिया बाग से कैंटोनमेंट होकर निर्धारित किया गया है।
- परिवर्तन चौराहे से हजरतगंज की ओर आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग चिरैया झील होकर सिकंदराबाग चौराहा होकर तय किया गया है।

अगले दो दिन और बढ़ेगी गर्मी

धूल भरी आंधी की भी संभावना जताई गई, यलो अलर्ट जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : दिन में तेज धूप के साथ लू चल रही है और रात का तापमान भी बढ़ा है। इससे लोग गर्मी से बेहाल हैं। अगले दो दिनों में तापमान में तीन डिग्री तक बढ़ने का अनुमान है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में मध्य क्षेत्र से जुड़े हिस्सों में धूल भरी आंधी चलने की संभावना जताई है। इसे देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

लखनऊ और आसपास के क्षेत्र में बढ़ती गर्मी और लू ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। रविवार को भी तेज धूप रही। अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी हुई। रात का तापमान 24 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार दिन में 25-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली हैं। अगले दो दिनों में हवाओं की रफ्तार 30 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक हो सकती है। धूल भरी आंधी चलने की भी संभावना है। इसके चलते येलो अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

राजधानी में दुपट्टे के सहारे तेज धूप और लू से बचने का प्रयास करतीं युवतियां।

हवाओं की गुणवत्ता पर असर

धूल भरी गर्म हवाओं का असर वायुगुणवत्ता पर पड़ा है। पिकनिक स्पॉट कुकरैल की हवा (एयर क्वालिटी इंडेक्स) 107 यानि खराब रही। यही हाल चारबाग, गोमती नगर, लालबाग, निशातगंज, तालकटोरा, विजयखण्ड, हैबत मऊ मवइया और सेंट्रल स्कूल क्षेत्र में हवा का है। इन क्षेत्रों में एक्यूआई 170 से अधिक रही।

जाम लगाने वाले टेंपो चालकों की पहचान शुरू

अमृत विचार, लखनऊ: यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले विक्रम-टेंपो चालकों की पहचान शुरू कर दी गई है। मंडलायुक्त ने जिला सड़क सुरक्षा की बैठक में निर्देश जारी किए थे। जिला सड़क सुरक्षा समिति ट्रैफिक में बाधा बनने वाले टेंपों चालकों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्यवाई करेगी।

बार-बार यातायात में अवरोध बन रहे टेंपो चालकों के खिलाफ आरटीओ ने अभियान शुरू कर दिया। टीम तीन चरणों में इसकी निगरानी कर रही है। बाराबिरवा और चारबाग के मुख्य मार्गों पर बार-बार सड़क पर टेंपो रोककर सवारी उतारने और बैठाने का काम करने वाले 22 टेंपो चालकों की पहचान की जा चुकी है। इनमें चारबाग में 15 और अवध चौराहे पर 7 टेंपों के नंबरों की सूची को आरटीओ की ओर से यातयात विभाग को सौंप दी गई है।

रोक के बाद भी बिके हाजी के लड्डू, तीन और बीमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कैसरबाग में एक परिवार ने ऑनलाइन मंगवाए थे लड्डू
- उल्टी-दस्त की शिकायत पर क्लीनिक में कराया उपचार

अमृत विचार : पुराने शहर में लड्डू खाने से 18 बच्चों सहित 22 लोगों के बीमार होने के बाद खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हाजी की उस दुकान से लड्डुओं की बिक्री पर लगाई रोक बेअसर रही। लड्डू बिकते रहे और ऑनलाइन मंगाकर खाने पर कैसरबाग के एक ही परिवार के तीन और लोग बीमार हो गए। उल्टी-दस्त की शिकायत पर उन्होंने नजदीक के एक क्लीनिक से उपचार कराया।

कैसरबाग के चाइना बाजार स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी निवासी फाकिर किदवाई (51) के मुताबिक उन्होंने शनिवार रात ऑनलाइन नक्खास पीपल के पेड़ के पास स्थित हाजी की दुकान से लड्डू मंगवाया था। रात में उन्होंने और बेटी मरहबा किदवाई (18) ने लड्डू खाया।

कुछ देर बाद उन दोनों को उल्टी और दस्त होने लगी। रात में फाकिर ने मेडिकल स्टोर से दवा ली। सुबह तक उन्हें व बेटी को कुछ आराम मिला। फाकिर के मुताबिक बेटे इब्राहिम किदवाई (14) ने रविवार दिन में वही लड्डू खाए तो उसे भी कुछ देर बाद उल्टी, दस्त शुरू हो गए। उन्होंने बेटे को भी मेडिकल स्टोर से लाई गई दवा खिला दी। उसे भी कुछ आराम हुआ। फाकिर के मुताबिक उन्होंने अपने पारिवारिक डॉक्टर से होम्योपैथिक दवा भी लेकर खाई है, जिससे उन्हें व बच्चों को आराम है।

हाजी स्वीट के मालिक पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : बेटा होने की खुशी में एक युवक ने नाते-रिश्तेदारों को लड्डू भेजे थे। जिनका सेवन करने से 17 बच्चों समेत पांच वयस्क की तबीयत बिगड़ गई थी। सभी को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। हालांकि, पीड़ित की शिकायत पर बाजार खाला पुलिस ने हाजी स्वीट हाउस के मालिक पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि गत 26 अप्रैल को राजाजीपुरम के सी-ब्लॉक निवासी मो. यासिर ने बेटा होने की खुशी में नक्खास के हाजी स्वीट हाउस से पांच किलो लड्डू खरीदा था। जिसके बाद यासिर खरीदे गए लड्डूओं को लेकर मेंहदीगंज स्थित ससुराल पहुंचा था। जिसके बाद उसने अपने नाते-रिश्तेदारों को लड्डू खिलाए थे। लड्डू खाने के बाद परिवार के कई लोगों को उल्टी-दस्त होने लगी थी। जिसमें 17 बच्चों के अलावा पांच वयस्कों की भी हालत बिगड़ गई। इसके बाद सभी लोगों को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया था। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि यासिर की लिखित शिकायत पर पुलिस ने हाजी स्वीट हाउस के मालिक पर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने की धारा में एफआईआर दर्ज की है।

भर्ती सभी बच्चों की अस्पताल से हुई छुट्टी

लड्डू खाकर बीमार भर्ती दो बच्चों को भी बलरामपुर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सभी बीमार बच्चों के सकुशल होने से घरवालों में खुशी है। हालांकि, आरोपी की दुकान रविवार को भी खुली होने से पीड़ितों में नाराजगी है। पुराने लखनऊ में एक महिला के परिवार में बच्चा होने की खुशी में रिश्तेदारों के घर पर नादान महल रोड नक्खास तिराहा स्थित हाजी की दुकान से लड्डू खरीदकर भेजे गए थे, जिसको खाने के बाद 18 बच्चों समेत 22 लोगों को उल्टी, दस्त की शिकायत पर बलरामपुर अस्पताल में शुक्रवार देर रात भर्ती कराया गया था। हालत में सुधार के बाद बाकी लोगों को छुट्टी दे दी गई थी। बलरामपुर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि इमरजेंसी में हसनैन (2) और बिलाल (12) ही भर्ती थे, जिनके स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्हें भी रविवार को छुट्टी दे दी गई है।

यातायात | अम्बाला मंडल के शम्भू स्टेशन पर किसान आंदोलन के चलते रेलवे ने लिया निर्णय

आम्रपाली एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के रूट बदले गए

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अम्बाला मंडल के शम्भू स्टेशन पर किसान आंदोलन के कारण आम्रपाली एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।

इस कारण गोरखपुर से 29 अप्रैल को चलने वाली गोरखपुर-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस (12587) अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिन्द-सानेहवाल के रास्ते चलेगी। गुवाहाटी से 29 अप्रैल को चलने वाली गुवाहाटी-जम्मूतवी लोहित एक्सप्रेस (15651) अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते जाएगी।जयनगर से 30 अप्रैल को चलने वाली जयनगर-अमृतसर सरयु-यमुना एक्सप्रेस (14649) अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिन्द-सानेहवाल के रास्ते और इससे पहले 29 को यही ट्रेन (14650) इसी रूट से चलेगी।

जम्मूतवी से 30 अप्रैल को चलने वाली ट्रेन नंबर 15098 जम्मूतवी-भागलपुर अमरनाथ एक्सप्रेस सानेह वाल-चंडीगढ़-अम्बाला-के रास्ते, गोरखपुर से 29 अप्रैल को चलने वाली गोरखपुर-अमृतसर एक्सप्रेस (22423) अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते जाएगी। काठगोदाम से 30 अप्रैल को चलने वाली काठगोदाम-जम्मूतवी गरीब रथ एक्सप्रेस (12207) अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते जाएगी।

कामाख्या से एक मई को चलने वाली कामाख्या-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस (15656) अम्बाला- चंडीगढ़-सानेह वाल के रास्ते चलेगी। जयनगर से 29 अप्रैल को चलने वाली जयनगर-अमृतसर शहीद एक्सप्रेस (14673)अम्बाला-चंडीगढ़-न्यू मोरिंडा जं.-सरहिन्द-सानेह वाल के रास्ते आएगी और इसी रूट से ट्रेन (14674) वापसी भी करेगी।

इसके अलावा कटिहार से 29 तक अप्रैल को चलने वाली कटिहार-अमृतसर आम्रपाली एक्सप्रेस (15707) जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते आएगी।वापसी में यही ट्रेन (15708) इसी रास्ते जाएगी। सहरसा से एक मई को चलने वाली सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस (12203) जाखल-धूरी जं.-लुधियाना के रास्ते जाएगी। उसी दिन वापसी की यही ट्रेन (12204) इसी रूट से आएगी।

इन ट्रेनों का गंतव्य बदला

दरभंगा से 29 एवं 30 अप्रैल को चलने वाली दरभंगा-अमृतसर एक्सप्रेस (15211)अम्बाला में यात्रा समाप्त करेगी। वहीं अमृतसर से 30 अप्रैल, एक और दो मई को चलने वाली अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस (15212) अम्बाला से चलाई जाएगी।

पुलिस कर्मियों का बीपी बढ़ा, आंखें हुईं कमजोर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस लाइन में लगे मेडिकल कैंप में पता चलीं कई बीमारियां

अमृत विचार: काम का दबाव और बेहतर खानपान नहीं हो पाने से 30 फीसदी ट्रैफिक कर्मी ब्लड प्रेशर और शुगर की चपेट में आ गये। इसके अलावा आंख, सांस और लीवर संबंधी बीमारियों से भी ग्रसित मिले। ऐसे कर्मियों को खानपान की लाइफ स्टाइल बदलने और समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच कराने की सलाह दी गई है। रविवार को कैंप में ट्रैफिक कर्मियों का मेडिकल परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं।

ट्रैफिक लाइन में लगे मेडिकल कैंप में करीब 200 यातायात कर्मियों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जांच रिपोर्ट में ज्यादातर कर्मी बीपी और डायबिटीज की बीमारी से ग्रसित मिले। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल के निर्देश पर कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में एसीपी ट्रैफिक लाइन आईपी सिंह, एसीपी ट्रैफिक हजरतगंज जेएन अस्थाना, एसीपी दक्षिणी शिवा जी सिंह, टीआई लाइन शैलेश पांडेय, मेजर लाइन संजय सिंह आदि ने भी चेकअप कराया। कैंप में ट्रैफिक कर्मियों की आंख, सांस, लीवर संबंधी बीमारियों की जांच व फीजियोथैरेपी भी की गई। मेडिकल चेकअप करने वाले चिकित्सक एमएस आलम ने बताया कि काम का दबाव सीधे मस्तिक पर पड़ता है। जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड खाने से सोडियम की ज्यादा मात्रा कई बार हाई बीपी की वजह बन जाती है।इसका आंखों पर सीधा असर पड़ता है। ऐसे करीब 30 फीसदी ट्रैफिक कर्मी ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की बीमारी से जूझ रहे हैं। एसीपी आईपी सिंह ने बताया कि आगे भी समय-समय पर ट्रैफिक कर्मियों के लिए मेडिकल कैंप लगवाया जाएगा। डाक्टरों ने बताया कि समय पर भोजन न करना, बाहर का खानपान लीवर फंक्शन को प्रभावित करता है जो कई प्रकार की बीमारियों का कारण बनता है। ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने के लिए केवल हेल्दी लाइफ स्टाइल ही विकल्प होता है।

एक नजर

विश्व शांति की कामना के साथ रामचरित मानस का पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व शान्ति, सशक्त भारत और मानव उत्थान के लिए रविवार को गोमती नगर के विजयंत खंड में अखंड राम चरित मानस का पाठ पंडित हरि नारायण शुक्ल के मार्गदर्शन में किया गया। शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हुआ पाठ रविवार को हवन के साथ समाप्त हुआ। इस अवसर पर नीरज दीक्षित की भजन मंडली में शामिल हरिहर सिंह, अमित तिवारी, कृष्ण प्रताप सिंह, राजू तिवारी, सुनील तिवारी ने गायन और वादन का पक्ष पूरे जोश और उमंग के साथ संभाला।

लखनऊ विश्वविद्यालय में 6 छात्रों का चयन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के 6 छात्रों का अलग-अलग पदों पर चयन हुआ है। पहला चयन यूपी टेक्निकल एजूकेशन के सहारे अमन कुमार वर्मा का लाइब्रेरियन पद पर हुआ है। रिचा वर्मा, सुमित गुप्ता और पलक यादव भी इसी पद पर चयनित किये गए। दीपाली पटेल को दिल्ली में आईआईटी में इंटर्नशिप मिली है। वहीं, शिवानी शर्मा को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुढ़की (आईआईटीआर) में इंटर्नशिप मिली है। प्लेसमेंट निदेशिका प्रो. मधुरिमा लाल ने बताया कि छात्रों को उत्तम ट्रेनिंग दी जाती है ताकि उन्हें आगे बढ़ने के अवसर मिल सकें।

यूपी बोर्ड: अंकपत्र व प्रमाणपत्र बनकर तैयार

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी बोर्ड दसवीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के अंकपत्र व प्रमाणपत्र बनकर तैयार हो चुके हैं। जल्द ही इन्हें अब जिले में भेजने की प्रक्रिया शुरू होगी। इस बार अंकपत्र व प्रमाण पत्र पहले से बेहतर क्वालिटी के होंगे और विद्यार्थियों की तस्वीर भी साफ प्रिंट में होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि अंकपत्र व प्रमाण पत्र बनकर तैयार हो चुके हैं। संभवत: इसी सप्ताह जारी भी कर दिए जायेंगे। इसके साथ ही इंप्रूवमेंट और कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए छात्रों की आवेदन प्रक्रिया भी शुरू हो सकती है।

पोर्टल चालू, 3 मई तक मांगे संशोधित आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : 2023-24 दशमोत्तर कक्षाओं के अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खोला गया है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनीता सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण के जिन आवेदनों में त्रुटियां हैं वह छात्र-छात्राओं द्वारा ठीक कर 3 मई तक फारवर्ड करें। यह संशोधित आवेदन संबंधित विश्वविद्यालयों द्वारा सत्यापित कर 7 मई तक समाज कल्याण विभाग को फारवर्ड करना है।

एनईपी के तहत होंगी बीए और बीएससी की परीक्षाएं

लविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में स्थापित हुए 246 परीक्षा केन्द्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में 30 अप्रैल से बीए और बीएससी की परीक्षाएं होंगी। इसको लेकर लखनऊ सहित संबद्ध महाविद्यालयों में 246 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि व्यवस्थाओं को लेकर केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

दूसरे और चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 30 अप्रैल से आरंभ होंगी, जो 6 जून तक चलेंगी। उधर, छठे सेमेस्टर की परीक्षा 30 अप्रैल से शुरू होकर 3 जून को समाप्त होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि 30 अप्रैल से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए कुल 246 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें लखनऊ के अलावा सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली जनपदों के सहयुक्त महाविद्यालयों के प्राचार्य और परीक्षा केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

वीडियो ही नहीं आवाज पर भी रहेगी नजर

सभी परीक्षा केन्द्रों पर लविवि की ओर से सीसीटीवी लगाने के निर्देश हैं। कैमरों में वाइस रिकार्डर भी लगाने के लिए कहा गया है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि कैमरों में लगे वाइस रिकार्डर के सहारे गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। जरूरत पड़ने पर केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित भी किया जाएगा।

सहायक केन्द्राध्यक्ष भी रहेंगे मौजूद

हर केन्द्र में केन्द्र प्रभारियों के साथ सहायक केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति भी की गई है। केन्द्रों के कक्षों में परिवेक्षक मौजूद रहेंगे। आंतरिक व्यवस्थाओं के संचालन के दौरान ये उड़ाका दस्ते की मदद भी करेंगे।

बीफार्मा सहित अन्य परीक्षाओं का भी होगा संचालन

बीफार्मा के अलावा डीफार्मा, बीटेक, बीसीए, एमसीए और एमटेक परीक्षाओं के आयोजन भी किये जा रहे हैं। विवि प्रशासन की ओर से इसको लेकर भी गाइड लाइन जारी की गई है।

सत्र शुरू, बिना किताबों के स्कूल जा रहे बच्चे

अमृत विचार, लखनऊ: माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर सचांलित विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा नौ से 12 तक बच्चों को सस्ती दरों में एनसीईआरटी की किताबें अभी मिलने में समय लगेगा। नये शैक्षिक सत्र अप्रैल माह पूरा होने वाला है, दो दिन शेष बचे हैं लेकिन अभी तक सस्ती दरों पर किताबें मुहैया कराने वाले प्रकाशकों की सूची नहीं जारी की जा सकी है। इसके अलावा एनसीईआरटी की किताबों की कमी भी बाजार में बताई जा रही है। जो किताबें मिल रही हैं उनकी कीमत अधिक चुकानी पड़ रही है। इस बार माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से भी स्थिति स्पष्ट नहीं की गई है कि प्रकाशकों की सूची कब जारी होगी। इस बारे में माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला का कहना है कि बोर्ड की वेबसाइट पर सभी विषयों की किताबों की पीडीएफ निशुल्क उपलब्ध है उसे डाउनलोड किया जा सकता है। हालांकि पीडीएफ को डाउनलोड करके यदि उसका प्रिंट कराया जाये तो वह किताब से अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती है।

हेमेटोलॉजी का हब बनेगा लखनऊ, होंगे शोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हेमेटोलॉजी ब्लड की बीमारियों और उसके इलाज को लेकर किए जाने वाले अध्ययन से संबंधित चिकित्सा की एक शाखा है। इस शाखा का हब आने वाले समय में लखनऊ बन सकता है। इसके अलावा एसजीपीजीआई, केजीएमयू और लोहिया संस्थान मिलकर शोध करेंगे। इससे विभिन्न बीमारियों के इलाज की नवीन तकनीक को ईजाद किया जा सके। यह जानकारी केजीएमयू की कुलपति प्रो.सोनिया नित्यानंद ने दी है।

वह रविवार को अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफिक कंवेंशन सेंटर में आयोजित प्रथम एनुवल हेमेटोलॉजी कॉन्क्लेव में शामिल होने पहुंची थीं। इसके अलावा उन्होंने कहा है कि बोन मेरो प्रोग्राम को भी आगे बढ़ाने के लिए केजीएमयू में जल्द ही बोन मेरो ट्रांसप्लांट यूनिट बनाया जाएगा। साथ ही एक विशेष लैब की भी स्थापना होगी। इससे ब्लड से संबंधित बीमारियों की गुणवत्तापूर्ण डाइग्नोसिस की जा सके।

शरीर में आयरन की कमी सामान्य समस्या : मुम्बई से आए डॉ. अभय भावे ने बताया कि आयरन की कमी एक सामान्य समस्या है। इसके उपचार में आयरन की गोली का प्रयोग किया जाता है। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में नस के जरिये आयरन देना भी उचित होता है और यह सुरक्षित भी होता है। पीजीआई चंडीगढ़ की डॉ. रीना दास ने बताया कि थैलेसीमिया के मरीजों में आयरन ओवरलोड होने की समस्या होती है। यह दिक्कत बार-बार रक्त चढ़ाने से होती है। दिल्ली के डॉ. दिनेश भूरानी ने बताया एक्यूट मयलोइड ल्यूकीमिया को पहचानना वृद्ध लोगों में मुश्किल होता है।

प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देते हुए कुलपति। अमृत विचार

▸▸ केजीएमयू में आयोजित एनुअल हेमेटोलॉजी कॉन्क्लेव में केजीएमयू की कुलपति ने दी जानकारी

बीएचयू की टीम को मिला पहला स्थान

कॉन्क्लेव के आयोजन सचिव डॉ एस पी वर्मा ने बताया कि सेमिनार के दूसरे दिन प्रथम सत्र में राज्य के संस्थानों में हेमेटोलॉजी में पीजी कर रहे चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। इसमें बीएचयू की टीम ने प्रथम, लोहिया संस्थान की टीम ने द्वितीय और एम एल एन प्रयागराज की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया है।

गोमती नदी से कचरा निकालते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

कैडेट्स ने गोमती किनारे साफ-सफाई की

अमृत विचार, लखनऊ : गोमती नदी के संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए लोक भारती एवं मनकामेश्वर मठ मंदिर की ओर से अभियान चलाया गया। इसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के 64 यूपी बटालियन एनसीसी कैडेटों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान गोमती नदी के तटों की स्वच्छता को बढ़ाने के लिए एक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कैडेट्स ने नदी के किनारे स्थित कचरे एवं नदी के पानी को साफ करने में योगदान दिया। इसके साथ ही नदी के निकट जागरूकता अभियान भी चलाया गया।

गरीब बच्चों को नहीं दे रहे प्रवेश, होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ आरटीई अधिनियम के तहत चयनित बच्चों का मामला

अमृत विचार: अप्रैल माह बीतने को है लेकिन शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत दूसरी लाटरी में चयनित बच्चों का प्रवेश अभी तक पूरा नहीं हो सका है। बेसिक शिक्षा परिषद और माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित विद्यालय तो प्रवेश ले रहे हैं लेकिन केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) और आईएससीई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालय बच्चों का प्रवेश लेने से लगातार आनाकानी कर रहे हैं।

हर साल की तरह से इस बार भी आरटीई के तहत गरीब बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए तीन चरण निर्धारित किए गये हैं। चयनित सभी बच्चों को प्रवेश मिले इसके लिए निदेशालय की ओर से भी मॉनीटरिंग की जा रही है। दोनों चरणों की समीक्षा के बाद पाया गया कि अभी भी करीब 25 प्रतिशत बच्चों के प्रवेश नहीं हो सके हैं। इसका पहला कारण ये है कि हाई प्रोफाइल निजी विद्यालय अपने यहां प्रवेश लेने के लिए तैयार नहीं है। अब ऐसे विद्यालय प्रबंधकों पर कार्रवाई के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारियों को दिए गये हैं।

तीसरे चरण के लिए आवेदन जारी

आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए तीसरे चरण के आवेदन 15 अप्रैल से चल रहे हैं। अभिभावक 8 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इसके बाद 16 मई को लॉटरी निकाली जाएगी और 23 मई तक प्रवेश होंगे। तीसरे चरण में अधिकारियों को तेजी लाने के भी निर्देश निदेशालय स्तर से दिए गये हैं, ताकि बच्चों का सत्र न पिछड़ने पाये।

पहले विकल्प के सहारे न बैठें अभिभावक-बॉक्स

इस बारे में जानकारी देते हुए अपर शिक्षा निदेशक गणेश कुमार ने कहा कि काफी संख्या में ऐसे मामले भी सामने आये हैं जिसमें चयनित बच्चे के माता-पिता हमेशा पहले विकल्प वाले स्कूल के चक्कर में रहते हैं कि उनके बेटे का प्रवेश वहीं हो। जब वहां सीट नहीं रहती है तो वह बच्चे का प्रवेश कराने से इनकार कर देते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए विकल्प में पांच विद्यालय रहते हैं उनमें से किसी एक में भी प्रवेश लिया जा सकता है।

तलाश गुमशुदा

कृपया अवगत कराना है कि तनिष्क रस्तोगी उर्फ मनू राज रस्तोगी पुत्र श्री अमित कुमार रस्तोगी निवासी गली न0 05 नरपत खेड़ा सन सिटी निकट बन्धन लान थाना पारा जनपद लखनऊ उम्र 15 वर्ष दिनांक 20.04.2024 को सर्राफा मार्केट सौरभ सोनी की सोना गलाई की दुकान से कहीं चला गया है। जिसके सम्बन्ध में थाना कृष्णानगर में मु0अ0सं0 161/2024 धारा 363 द0प्र0सं0 पंजीकृत किया गया है। गुमशुदा/अपहृत तनिष्क रस्तोगी उर्फ मनू राज रस्तोगी के सम्बन्ध में जानकारी मिलने पर निम्न नंबरों पर सूचना देने की कृपा करें। सूचना देने वाले व्यक्ति को उचित ईनाम दिया जायेगा।

नामः– तनिष्क रस्तोगी उर्फ मनू राज रस्तोगी

पिता का नाम :– अमित कुमार रस्तोगी, **पता :–** गली न0 05 नरपत खेड़ा सन सिटी निकट बन्धन लान थाना पारा जनपद लखनऊ, **हुलिया :–** रंग गेहुंआ, कद करीब 4 फिट आँख / कान / नाक औसत, बाल – काले उम्र लगभग 15 वर्ष, **पहनावा :–** नीला जीन्स, लाल टी शर्ट पहन कर घर से निकला हैं।

जांचकर्ता/विवेचक	प्रभारी निरीक्षक	सहायक पुलिस आयुक्त
थाना कृष्णानगर	थाना कृष्णानगर	कृष्णानगर
मो0नं0–8896347691	मो0नं0–9454403858	मो0नं0–9454401490

गरीबी को सामाजिक रोग का मूल कारण मानते थे डॉ. आम्बेडकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डॉ. आम्बेडकर के दार्शनिक दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा

अमृत विचार: कैसरबाग स्थित सनतकदा में हम सबके आम्बेडकर नाम से एक चर्चा का आयोजन किया गया। इसमें डॉ. यश कौर और शर्मिला जोगदंड ने अपने विचार रखते हुए डॉ. आम्बेडकर के दार्शनिक दृष्टिकोण पर विस्तार से चर्चा की।

रविवार को हुए इस आयोजन में कहा गया कि यह डॉ. भीमराव आम्बेडकर के जन्म माह का उत्सव है। शर्मिला जोगदंड ने कहा कि डॉ. बीआर आम्बेडकर को आधुनिक बुद्ध के रूप में जाना जाता है। सरकार ने इस प्रतिभा की अनदेखी की, वह अपने समय में एक महान विद्वान थे, उनके योगदान को शैक्षिक पुस्तकों से बाहर छोड़ दिया गया है। उन्होंने गरीबी को सामाजिक रोगों का मूल कारण माना। डॉ. आम्बेडकर ने दलितों को संगठित किया और ज्ञान दिया। उन्होंने नये भारत का कल्पना की। उनकी पुस्तक बुद्ध और धम्म में उन्होंने न्यायपूर्ण दुनिया का नया क्रम उल्लेख किया जो न्यायपूर्ण रिश्ते और मूल्यों का है।

डॉ. बीआर आम्बेडकर के विचारों और उनके योगदान को जोड़ा गया, जो समकालीन समय में महत्वपूर्ण हैं। चर्चा ने आम्बेडकर के विचारों को वर्तमान काल में महत्वपूर्ण बताया। डॉ. यश कौर ने कहा कि उनके दृष्टिकोण में एक बंधुत्व पर आधारित समाज सभी अपने सदस्यों के लिए समान न्याय और मर्यादा सुनिश्चित करेगा। 127 सदस्य देशों ने बीआर आम्बेडकर और उनके विचारों को याद करते हुए 14 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में उत्सव मनाया। उनका नाम सामाजिक न्याय के साथ जुड़ा है।

कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति व सम्मानित छात्र। अमृत विचार

एलएलबी व एलएलएम के छात्रों को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ कुलपति आलोक कुमार राय ने विधि छात्रों को किया प्रेरित

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास में पूर्ववर्ती छात्रों के मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विधि संकाय के एलएलबी (पंचवर्षीय), एलएलबी (त्रिवर्षीय) तथा एलएलएम के छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए।

कुलपति आलोक कुमार राय ने कहा कि होमी जहांगीर भाभा विधि छात्रावास विधि के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है, जो भविष्य के लिए प्रेरणास्रोत साबित होंगे। उन्होंने कहा छात्रों की लगन, उन्हें निश्चित ही जीवन में सफलता के मार्ग पर अग्रसर करेगी। छात्रावास की प्रोवोस्ट डॉ. अर्चना सिंह ने विधि एवं समाज कल्याण में अपना उत्कृष्ट योगदान देने के लिए छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में हॉस्टल के अंतः वासियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर छात्रों को सम्मानित भी किया गया।

गीतकारों को वीरेंद्र सरल स्मृति सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ: अखिल भारतीय काव्यधारा रामपुर की लखनऊ इकाई ने रविवार को बंसल लॉन, विक्रम नगर, मानक नगर में गीतकार वीरेंद्र सरल की प्रथम पुण्यतिथि पर हिन्दी साहित्य के बहुमुखी प्रतिभा के रचनाकारों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वीरेंद्र सरल की साहित्यिक सेवाओं को याद करते हुए रचनाकारों ने उन्हें अपनी काव्यांजलि दी और उन्हें समर्पित साहित्यकार बताया। जितेंद्र कमल आनंद, रणधीर प्रसाद गौड़, डॉ. अशोक गुलशन, डॉ. अरविंद झा और पायल लक्ष्मी सोनी ने मां शारदे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कवि सम्मेलन की शुरुआत की। इस अवसर पर उत्कृष्ट साहित्यिक सेवाओं के लिए बरेली से डॉ. महेश मधुकर, डॉ. शालिनी शर्मा मुक्ता, रणधीर प्रसाद गौड़, रामपुर से अनमोल रागिनी चुनमुन, लखनऊ से अमरनाथ अग्रवाल, शिखा श्रीवास्तव आदि गीतकारों को वीरेंद्र सरल स्मृति सम्मान से अलंकृत किया गया। लखनऊ से ऋषि श्रीवास्तव ऋषि, सुस्मिता सिंह, संजय सागर, श्यामजीत सिंह, मनोरमा श्रीवास्तव, अर्चना सिंह और मोहिनी मिश्रा आदि रचनाकारों ने काव्यपाठ कर श्रोताओं को देर शाम तक मंत्रमुग्ध किये रखा। काव्य समारोह का संचालन संजय मल्होत्रा हमनवा ने किया।

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

खुला सांस्कृतिक गतिविधियों का स्कूल

अमृत विचार, लखनऊ : अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक गतिविधियों के स्कूल सृजन झंकार और सृजन फाउंडेशन के नए कार्यालय का उद्घाटन रविवार को पूर्व कार्यवाहक महापौर सुरेश चन्द्र अवस्थी और लक्ष्य जनकल्याण समिति के अध्यक्ष एसके वाजपेयी ने किया। जानकीपुरम विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास सृजन झंकार भवन में सृजन फाउण्डेशन के अध्यक्ष डॉ. अमित सक्सेना के संयोजन और रोमा श्रीवास्तव के निर्देशन में शास्त्रीय नृत्य, पश्चिमी नृत्य, एरोबिक्स और जुंबा नृत्य के साथ ही भारतीय शास्त्रीय गायन, उपशास्त्रीय गायन, गिटार, पियानो, तबला और हारमोनियम वादन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। संगीत के क्षेत्र में छह विश्व रिकार्ड का गौरव हासिल कर चुकी संस्था अब मॉडलिंग का भी प्रशिक्षण देगी।

पुरातन छात्र सम्मेलन | डीएम, एसपी, बीएसए, सीडीओ, डीडीओ और डॉक्टर बन चुके पूर्व छात्र मंच पर दिखे एक साथ

भावुक पल ... गले लगते ही ताजा हो गईं पुरानी यादें

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: नवोदय विद्यालय में कभी साथ पढ़े थे आज कोई डीएम है तो कोई कमिश्नर। कोई शिक्षा विभाग में अधिकारी है तो कोई डॉक्टर बन मरीजों की सेवा में जुटा है। कई वर्षों बाद रविवार को जब ये सभी एक मंच पर जुटे तो भावुकता के इन पलों में पद की ठसक बहुत पीछे छूट गई। याद रहा तो सिर्फ छात्र वाला वही बचपना।

इन सभी छात्रों ने एक दूसरे को गले लगाया तो छात्र दिनों की यादें ताजा हो गईं। मौका था रविवार को नवोदय विद्यालय समिति की ओर से पूर्व छात्रों के आयोजित किए गए सम्मेलन का। गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन के सभागार में हुए इस कार्यक्रम में पुरातन छात्र को ही मुख्य अतिथि बनाया गया। ये थे नवोदय विद्यालय समिति के सहायक आयुक्त संजय शुक्ला।

यादगार पल : कार्यक्रम में जुटे नवोदय विद्यालय के पुरातन छात्र। अमृत विचार

▸▸ नवोदय के नवरत्न एक मंच पर

पुरातन छात्र के रूप में नजर आए जिलाधिकारी : मंच पर इन पुरातन छात्रों के समूह में लखनऊ के जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार भी मौजूद थे। जैसे ही मंच पर सहपाठी जुटे तो उनसे भी रहा नहीं गया और वह छोटे-बड़े पद को भूल साथियों को गले लगाते दिखे। पीठ थपथपाई तो पुराने शरारती संस्मरण साझा करने में पीछे नहीं रहे। डीएम नवोदय बरेली से अपनी पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र रहे हैं। वह नवोदय से 1993 के पासआउट हुए। तो भूपेंद्र कुमार आगरा नवोदय 2001 में परीक्षा पास कर बाहर आए। प्रेम कुमार गौतम आईपीएस अयोध्या नवोदय से 1994 में बाहर निकले और अब वर्दी का रुतबा बढ़ा रहे हैं। लवली जायसवाल सीतापुर नवोदय से 2001 में पढ़ाई करने के बाद बाहर आईं तो अब एडिशनल एंड सेशन जज कन्नौज में तैनात हो लोगों को न्याय दिलाने में अपनी महती भूमिका निभा रही हैं।

ये पूर्व छात्र रहे शामिल

अर्चना सिंह असिस्टेंट कमिश्नर, साधना शुक्ला प्राचार्या, सुमति श्रीवास्तव म्यूजिक शिक्षिका, सोमवीर पुनिया असिस्टेंट कमिश्नर, सुमन कुमार असिस्टेंट कमिश्नर, वीके यादव प्राचार्य जेएनवी, नीता उपाध्याय प्राचार्या, बिलकीश जहां स्टाफ नर्स, डॉ राम चंद्र स्टाफ अफसर बेसिक शिक्षा निदेशालय, प्रज्ञा पांडे, पंकज, राजेश कुमार, अंबुकेश, अखिलेश पटेल, केशव राम, कौशलेंद्र, प्रियंका गुप्ता, अहशान, साकेत, वीरेंद्र पांडे, डॉ नरेंद्र सिंह, शिव सिंह, वेदप्रकाश राय, अशोक सिंह, नीतू सिंह, हरी गुप्ता, अनिल दीप आनंद, डॉ नित्या, शोएब अख्तर, विनीत गोस्वामी, कफील अहमद, स्वेक्षा सिंह, राजीव प्रजापति कार्यक्रम में मौजूद रहे।

गरीब बच्चों के लिए वरदान

इस मौके पर उपस्थित सभी छात्रों ने एक दूसरे के बारे में विस्तार से बताया और कहा ये नवोदय नहीं होता तो आज वह इस मुकाम पर नहीं होते। पुराने छात्रों ने कहा कि नवोदय विद्यालय गरीबों के लिए वरदान हैं। लोग इससे अपने बच्चों को सीधे जोड़ें उसे आगे बढ़ने में समय नहीं लगेगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम Anuradha Pandey पुत्री रामनरेश पांडेय निवासी सुमेरपुर हमीरपुर है। गलती से जन्म प्रमाण पत्र में Anuradha Pande हो गया है। अब मुझे Anuradha Pandey **पुत्री रामनरेश पांडेय निवासी सुमेरपुर हमीरपुर** के नाम से ही जाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मेरा डी0 फार्मा का सर्टिफिकेट (डिग्री) अनुक्रमांक संख्या 2127262142047 सन् 2021 भवानी बजार में खो गया है। यदि किसी को मिले तो 9026108949 पर सम्पर्क करे। – **दुर्गेन्द्र साहू 8/316 जानकीपुरम विस्तार लखनऊ**

सूचना

सूचित हो की मेरे पुत्र अंशू सविता का जन्म दिनांक 26.04.2008 को घर पर हुआ है मेरी पत्नी का नाम साधना देवी है मेरे पुत्र अंशू सविता की जन्मतिथि का पंजीयन नगर पालिका परिषद फतेहपुर का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाना है अतः मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए। – **अखिलेश कुमार पुत्र राम गोपाल, निवास– मोहल्ला – देवीगंज शहर फतेहपुर, पर0 तह0 वा जिला– फतेहपुर!**

सूचना

सूचित हो कि मेरी मां स्व.निर्मला देवी पत्नी हरिराम के एलआईसी शाखा रायबरेली के खाता संख्या 275180194 में मेरा नाम बतौर नामिनी बबलू अग्रहरी दर्ज है। अन्य अभिलेखों में मेरा नाम विनोद कुमार दर्ज है। विनोद कुमार और बबलू अग्रहरी दोनो नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है। – **विनोद कुमार उर्फ बबलू अग्रहरी पुत्र हरिराम, निवासी – उमरन, परगना– सलोन, तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

सूचना

सूचित हो कि मैं **नूर मोहम्मद पुत्र सकूर, नि0–मालवीय नगर, सिकन्दरपुर, थाना–छिबरामऊ, जि0–कन्नौज,** मेरा पुत्र अकील अहमद व उसकी पत्नी बेहद झगडालू व स्वतंत्र विचारों के व्यक्ति है जो आए दिन मेरे साथ गाली–गलौज व मारपीट करते है तथा मकान का बैनामा कराने की धमकी देते हैं उनके इन व्यवहारों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है अब हमारा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

सूचना

सूचित हो कि मेरा पुत्र अभिषेक कुमार मुझसे अलग निवास करता हैं। इसके किसी भी प्रकार के कार्य व्यवहार से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही है और मैंने उसे अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है अब मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नही है। **–मूलचंद्र पुत्र मुंशी लाल, निवासी–ग्राम–छतेनी, पोस्ट– लालपुर शिवराजपुर, थाना– शिवली, तहसील– मैथा, जनपद– कानपुर देहात**

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया निःशुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

एक नजर

अटल के करीबी रहे कुंवर हरिदत्त सिंह का निधन

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के करीबी रहे कुंवर हरिदत्त सिंह का रविवार को निधन हो गया। वह करीब (90) वर्ष के थे। बख्शी का तालाब नगर पंचायत के भवानीपुर निवासी कुंवर हरिदत्त सिंह जन संघ के समय से अटल जी से जुड़े थे। वह पूर्व विधायक सुखलाल के साथ अटल के चुनाव प्रचार में आगे रहते थे। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बीकेटी इंटर कालेज में हुए कार्यक्रम में कुंवर हरिदत्त ने मंच का संचालन किया था। विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस और भाजपा से जुड़े हरिदत्त समाज का समाजसेवा में भी अहम योगदान रहता था। समाजसेवी की मौत की खबर सुनकर क्षेत्र के बड़े नेताओं ने घर पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए।

42 पशुओं को लगाए एंटी रैबीज वैक्सीन

अमृत विचार, लखनऊ : जीव आश्रय संस्था ने रविवार को राजाजीपुरम सेक्टर-12 में पशु टीकाकरण शिविर लगाया। शिविर की शुरुआत क्षेत्रीय पार्षद गौरी सांवरिया ने की। इस दौरान श्वान, बिल्ली समेत 42 पशुओं को निशुल्क एंटी रैबीज लगाया गया। संस्था प्रमुख अमित सहगल ने बताया कि शिविर में प्रयास एक पहल व स्वप्ना फाउंडेशन का भी सहयोग रहा। डॉ. आश्वत त्रिपाठी, डॉ. अदितिका सिंह, शुभम प्रताप सिंह, हर्षित सिंह, विशाल वर्मा, रुपाली व शालिनी श्रीवास्तव, प्रीती, साहिल, आरती, अच्युत त्रिपाठी ने सहयोग किया। चिकित्सकों ने गर्मी से पशुओं के बीमार होने के बचाव बताए।

तीन माह में 450 मरीजों का हुआ निशुल्क इलाज

अमृत विचार, लखनऊ : एसजीपीजीआई ने राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) के तहत तीन महीने में हेपेटाइटिस बी और सी के 450 मरीजों को निशुल्क उपचार मुहैया कराया है। इन मरीजों की जांच से लेकर दवाएं मुफ्त दी जा रही हैं। हेपेटोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. अमित गोयल ने बताया हेपेटोलॉजी विभाग के निर्देशन में यह उपचार केंद्र जनवरी में शुरू हुआ था। केन्द्र में हेपेटाइटिस-बी रोगियों के लिए निशुल्क डीएनए और हेपेटाइटिस-सी का आरएनए परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। मरीजों को मुफ्त परामर्श, जांच और दवाएं दी जा रही हैं। सोमवार और शुक्रवार को इन मरीजों की ओपीडी संचालित हो रही है। हेपेटोलॉजी विभाग की ओपीडी में इन मरीजों को देखा जा रहा है। हर ओपीडी में औसतन करीब 20 मरीज आ रहे हैं। पंजीकरण के बाद मरीजों को डॉक्टर देखने के बाद जरूरी जांच व उपचार की सलाह दे रहे हैं।

राजरानी आज दाखिल करेंगी नामांकन का दूसरा सेट

अमृत विचार, बाराबंकी : भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत सोमवार को पार्टी के बड़े नेताओं के साथ पुन: नामांकन का दूसरा सेट दाखिल करेंगी। नामांकन से पूर्व जीआईसी ऑडिटोरियम में नामांकन जनसभा आयोजित की गई है।

शौचालय और बाथरूम साफ नहीं करने पर बर्बरता

मदरसा में बच्चों को टार्चर किए जाने का मामला : सीडब्लूसी टीम के सामने बच्चों ने बयां की जुल्म की कहानी

फॉलोअप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: खाने को सिर्फ एक रोटी देते थे, शौचालय और बाथरूम साफ कराते थे...। पेट नहीं भरने पर और रोटी मांगने या कोई भी काम करने से मना करने पर प्लास्टिक की पाइप में कंचे भरकर बुरी तरह पीटते थे। यह खुलासा मोहान रोड स्थित राजकीय बालगृह बालक में मौजूद बच्चों ने अयोध्या से पहुंचे सीडब्लूसी के सदस्यों और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी के सामने किया।

ये है मामला

बिहार से सहारनपुर के दो मदरसों में बस से 95 बच्चे ले जाये जा रहे थे। इस बीच अयोध्या में बच्चों को पुलिस व सीडब्लूसी की टीम ने बरामद कर लिया। अयोध्या में बच्चों को रखने की उचित व्यवस्था नहीं होने से लखनऊ के मोहान रोड स्थित राजकीय बालक बालगृह में रखा गया है।

मदरसा की बात परिजन को बताने पर पीटते थे

बच्चों ने बताया कि मदरसा में उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। मदरसा से संबंधित कोई भी बात परिजन या बाहर के किसी भी व्यक्ति से बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी जाती थी। यदि पिटाई होने की बात परिजन से कोई बता देता तो उसे दोबारा बुरी तरह पीटा जाता था।

रात में सुरक्षा कर्मी बाहर से बंद कर देता था गेट

टीम के सदस्यों को बच्चों ने बताया सबसे अधिक मदरसा संचालक मास्टर जबर और मास्टर शहजाद पीटते थे। रात को सुरक्षा कर्मी गेट बाहर से बंद कर देते थे। सुरक्षा कर्मी से जब गेट बंद करने से मना करते तो बैठने के लिये उपयोग किये जाने वाली पटरा नुमा तिपाई से पीठ से कपडे हटा कर पिटाई करता था।

बिहार से सहारनपुर ले जाते समय अयोध्या से बरामद 95 बच्चों को लखनऊ के राजकीय बालगृह में रखा गया है। रविवार शाम करीब 4 बजे अयोध्या से सीडब्लूसी के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी समेत तीन सदस्यी टीम और चाइल्ड लाइन की काउंसलर ऋचा बालगृह पहुंची। उनके संग मौजूद डॉ. शुचिता चतुर्वेदी के मुताबिक सभी अध्यक्ष ने बच्चों से मदरसे में उनको होने वाली परेशानियों को बारे में जानकारी ली। बच्चों का कहना था कि मदरसे में उन्हें काफी टार्चर किया जाता था। खाने के नाम पर दाल-चावल देते थे। जब भी रोटी बनती सिर्फ एक-एक दी जाती थी। पेट नहीं भरने पर और रोटी मांगने पर बुरी तरह पीटा जाता था। इसके अलावा शौचालय, बाथरूम व कमरों की भी सफाई कराई जाती थी। इसके अलावा भी तमाम तरह से उन्हें प्रताड़ित किया जाता था। टीम के सदस्यों ने बच्चों से अन्य जानकारियां भी लीं।

आज आएंगे परिजन, लिया जाएगा शपथ पत्र : डॉ. शुचिता चतुर्वेदी ने बताया बच्चों के सीडब्लूसी के सदस्यों का कहना था कि सोमवार को बच्चों के परिजन आयेंगे। उनसे यह शपथ -पत्र लिया जायेगा कि अब बच्चों को मदरसा नहीं भेजेंगे। इसके बाद बच्चों को उनके परिजन के सुपुर्द कर दिया जायेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

भागदौड़ में जुटे रहे अभिभावक नहीं हो पाई बच्चों की सुपुर्दगी

अयोध्या/ लखनऊ कार्यालय

▸▸ डबल डेकर बस में 95 बच्चों के मिलने का मामला

अमृत विचार : मानव तस्करी की आशंका में अरुणाचल में पंजीकृत डबल डेकर बस से बरामद 95 बच्चों के मामले में रविवार को भी बच्चों की सुपुर्दगी उनके अभिभावकों को नहीं हो पाई। जनपद पहुंचे बच्चों के अभिभावक रविवार को कागजात तैयार कराने के बाद इधर-उधर चक्कर काटते रहे।

शुक्रवार को दिल्ली के एक एनजीओ की ओर से मानव तस्करी की शिकायत पर राज्य बाल आयोग की सदस्य डॉ. शुचिता चतुर्वेदी के पत्र पर बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना व पुलिस की संयुक्त टीम ने अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत बस एआर 16 बी 1551 से बिहार प्रान्त के अररिया जिले से सहारनपुर जा रहे 97 बच्चों को पकड़ा था। पुलिस ने बस पर सवार यात्रियों और उनके दो बच्चों को जाने दिया था। बाल कल्याण समिति ने 95 बच्चों को लखनऊ राजकीय बाल गृह भेजवाया था। रविवार को छुट्टी होने के चलते अभिभावक कागजात सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर सके। एएचटी थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार का कहना है कि उनको सीडब्लूसी के अग्रिम निर्देश का इंतजार है। वहीं सीडब्लूसी के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी का कहना है कि वह मुख्यालय आए हुए हैं। राजकीय बाल गृह की काउंसलिंग रिपोर्ट समेत अन्य कागजात का निरीक्षण और अभिभावकों की काउंसिलिंग के आधार पर निर्णय लिया जाएगा।

कवायद

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण की तैयारी के लिए केकेसी कॉलेज में लाई गईं ईवीएम को ट्रक से उतारते कर्मचारी। ● अमृत विचार

हादसे ने छीना पैर, पुनर्वास विवि ने चलना सिखाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि में कृत्रिम अंगों और थेरेपी से मिल रही लोगों को राहत

अमृत विचार : हादसे का शिकार लोगों के लिए पुनर्वास के कृत्रिम अंग और थेरेपी संजीवनी लेकर आए हैं। लोगों की मिलती राहत के बीच विवि में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ चली है।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कृत्रिम अंग और कराया जा रहा उपचार (थेरेपी) इन दिनों राहत भरा है। रविवार के दिन भी लोगों की भीड़ जमा थी। कोई बच्चे तो कोई परिवार की महिला को लेकर कृत्रिम विभाग आया हुआ था। इसी में हरदोई की सोनिका पाल भी थीं। इन्हें कृत्रिम अंग के साथ चलाया जा रहा था। पूछने पर बताती हैं कि डेढ़ साल पहले सड़क हादसे में पैर कट गया। कमर की समस्या के चलते फिर उठ नहीं सकीं। तमाम इलाज के बाद भी राहत नहीं मिली। सोनिका के पति रामचन्द्र कहते हैं कि लाखों रुपया खर्च करने के बाद भी सुधार नहीं हुआ तो किसी ने यहां का पता बताया। बताते हैं कि डेढ़ माह के भीतर पत्नी ने चलना शुरू कर दिया है।

निशुल्क कृत्रिम अंगों के साथ नियमित उपचार

कृत्रिम संस्थान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रंजीत कुमार बताते हैं कि कृत्रिम अंग पूरी तरह निशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। थेरेपी की सुविधा भी दी जा रही है। तीन माह के भीतर 37 मरीजों को राहत मिल चुकी है। कृत्रिम अंग पाने वालों में प्रदेश के कई जिलों से आने वाले लोग शामिल हैं।

कृत्रिम अंग के साथ चलने का अभ्यास करती हरदोई की महिला।

वीजा बनाने के नाम पर 1.30 लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, बाराबंकी, : वीजा बनवा कर विदेश भेजने के नाम पर 1 लाख 30 हजार रुपयों की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय थाने में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहिमपुर निवासी तौफीक ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह नौकरी के सिलसिले में विदेश जाने के लिए वीजा बनवाना चाह रहा था। इस संबंध में थाना फतेहपुर के ग्राम धमसड़ निवासी मोहम्मद अकील से बात की। उसने बताया कि वह और सूरज सस्ते दाम में वीजा दिलाकर विदेश में नौकरी लगवा देंगे। भरोसा कर 70 हजार रुपए नकद दिये और 60 हजार रुपये प्रीति मौर्या के खाते पर भेज दिये। कुछ दिनों बाद विपक्षियों ने फर्जी वीजा उसके व्हाट्सएप पर भेजा। कूटरचित वीजे की भनक पीड़ित को लगते ही वह अपना पैसा वापस मांगने गया तो विपक्षियों ने अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी।

जानकीपुरम ट्रॉमा में अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जांच होगी जल्द

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ट्रॉमा प्रभारी ने शासन को लिखा पत्र, मिला आश्वासन

अमृत विचार : जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। ट्रॉमा प्रभारी की ओर से शासन को पत्र लिखकर मशीनों की मांग की गई है।

शासन की तरफ से आश्वासन मिला है, चुनाव के बाद बजट जारी होने की उम्मीद है। 20 बेड वाले जानकीपुरम ट्रॉमा सेंटर में करीब आठ डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टॉफ तैनात है। यहां 24 घंटे इलाज की सुविधा भी शुरू हो गई है। प्रभारी डॉ. शांतनू के मुताबिक, संस्थान में अभी एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। इसके लिए मरीजों को बीआरडी महानगर या दूसरे सरकारी केंद्र जाना पड़ता है। सेंटर में एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है।

सुरक्षा के लिए पुलिस पिकेट की मांग

प्रभारी ने बताया कि रात में ट्रॉमा के आसपास सन्नाटा हो जाता है। अराजकतत्वों का जमावड़ा लगता है। मरीजों की सुरक्षा को लेकर रात में मुख्य गेट को अंदर से बंद करना पड़ता है। मरीजों के खटखटाने पर स्टाफ गेट को खोलता है। शिकायत मिली है कि मरीज गेट को बंद देख वापस लौट रहे हैं। इसको लेकर पुलिस पिकेट की मांग की गई है। सेंटर में ही पुलिस के ठहरने का इंतजाम भी किया जाएगा।

गैर हाजिर डॉक्टर ने बैक डेट में लगाई हाजिरी

अमृत विचार , लखनऊ: महिला मरीज से छेड़छाड़ के आरोपी डॉक्टर पर उपस्थिति रजिस्टर पर बैक डेट में साइन करने का आरोप लगा है। डॉक्टर सूचना दिए बिना करीब एक महीने से गायब था।

डॉक्टर पुराने लखनऊ की पीएचसी में संविदा पर तैनात है। डॉक्टर पर करीब दो महीने पहले इलाज के बहाने महिला मरीज से छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया था। इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। फजीहत से बचने के लिए डॉक्टर एक माह पीएचसी से गायब रहा। आरोप है करीब तीन दिन पहले स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर बैकडेट में अपनी हाजिरी लगा दी। जानकारी होने पर सीएचसी प्रभारी ने हाजिरी काटकर रजिस्टर समेत रिपोर्ट सीएमओ ऑफिस भेज दी है।

स्वयं परीक्षण कर बच सकते हैं स्तन कैंसर से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

जागरूकता शिविर में उपस्थित डॉक्टरों की टीम।

▸▸ स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन के शिविर में डॉक्टरों ने किया जागरूक

अमृत विचार : स्त्री वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से रविवार को एक निजी अस्पताल में स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर एवं गर्भाशय से संबंधित परेशानियों के समाधान हेतु जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें डॉ. फरहा अहमद ने बताया प्रत्येक माह स्वयं परीक्षण कर स्तन कैंसर से बचा जा सकता है। उन्होंने स्तन में किसी भी प्रकार का दाना, फोड़े फुंसी या स्तन के रंग में बदलाव या स्तन की त्वचा में कठोरता आने पर गंभीरता से लें। डॉ. हिमानी नेगी ने सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक किया। डॉ. मोहम्मद सोहेल ने सर्वाइकल कैंसर की पहचान व इसके लक्षण के बारे में बताया।

कैंसर के प्रकार लक्षण एवं बढ़ती दर को कम करने के लिए कार्डियोलॉजी इंचार्ज नीमा पंत ने महिलाओं को जागरूक करने के साथ भ्रांतियां को दूर किया। डाइटिशियन अर्चना ने महिलाओं को अच्छे खान-पान व उचित आहार व्यवहार के लिए जागरूक किया। जुंबा ट्रेनर एवं नेचुरोपैथी योग गुरु रजनी ने महिलाओं को प्रतिदिन कम से कम 15 मिनट योग आसन एवं जुंबा करने की सलाह दी। डॉ. मयंक, डॉ. नीलू त्रिवेदी ने भी जानकारी साझा की।

समस्या | सभी 19 सीएचसी में रिक्त हैं पद, 7 सोनोलॉजिस्ट से चलाया जा रहा काम

सीएचसी में रेडियोलॉजिस्ट नहीं, अल्ट्रासाउंड को गर्भवती परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैं लेकिन किसी में स्थायी रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। सात सोनोलाजिस्ट अलग-अलग दिनों में कुछ सीएचसी पर जाकर अल्ट्रासाउंड करते हैं। इससे मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को हो रही है। हालांकि गर्भवती के अल्ट्रासाउंड के लिए सीएचसी से निजी केंद्रों को संबद्ध किया गया है। किंतु धनराशि कम होने और समय पर भुगतान न मिलने के कारण संबद्ध केंद्र अल्ट्रासाउंड करने में आनाकानी कर रहे हैं। इससे गर्भवती महिलाएं 900 से 1200 रुपये देकर निजी केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड कराने को मजबूर हैं। अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था न होने के कारण सीएचसी में प्रसव का आंकड़ा भी नहीं बढ़ रहा है।

मलिहाबाद सीएचसी में बिचौलिए सक्रिय

अल्ट्रासाउंड कक्ष में लटकता ताला।

मलिहाबाद सीएचसी पर अल्ट्रासाउंड मशीन तो है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। सीएचसी से एक निजी केंद्र को संबद्ध किया गया है। अल्ट्रासाउंड के लिए शासन से तय धनराशि कम होने और भुगतान में देरी के कारण संबद्ध केंद्र संचालक जांच में कतरा रहा है। इससे सीएचसी पर निजी केंद्रों के बिचौलिए सक्रिय हैं। यह आशा और डॉक्टरों से संपर्क कर गर्भवती को प्रलोभन देकर जांच के लिए अपने केंद्र पर ले जाते हैं। इसके अलावा सीएचसी में कई महीने पहले एक्स-रे फिल्म खत्म हो गई थी। कई बार पत्राचार करने के बावजूद फिल्म नहीं मिल सकी। लिहाजा मरीज निजी सेंटर से एक्स-रे करवाने को मजबूर हैं। सीएचसी अधीक्षक अपूर्व भटनागर ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती के लिए उच्चाधिकारियों से मांग की जा चुकी है।

काकोरी में महीने में चार दिन ही अल्ट्रासाउंड

काकोरी सीएचसी अधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि उनके यहां आठ महीने से कोई डॉक्टर नहीं है। अल्ट्रासाउंड के लिए अस्थाई तौर पर एक निजी केंद्र को संबद्ध किया गया है। वहां गर्भवती महिलाएं अल्ट्रासाउंड करा सकती हैं। संबद्ध केंद्र पर महीने में चार दिन 1, 9, 16 और 24 तारीख को मरीजों का अल्ट्रासाउंड कराया जाता है।

> मरीजों की जांच में किसी तरह की अड़चन न आए इसके लिए 42 निजी केंद्रों को भी जोड़ा गया है। इन केंद्रों से जांच कराने पर भुगतान सरकार देती है। इसके अलावा सीएचसी के अन्य डॉक्टरों को भी अल्ट्रासाउंड का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
>
> – मनोज अग्रवाल, सीएमओ

बीकेटी में शोपीस बनकर रह गई मशीन

बीकेटी सीएचसी में भी कई महीने से अल्ट्रासाउंड जांच ठप है। अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि प्रत्येक माह में चार दिवस प्रधानमंत्री मातृत्व दिवस होता है। इसमें अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवती महिलाएं पहुंती हैं। गर्भवती की सूची बनाकर सीएमओ कार्यालय भेजी जाती है। जिला स्तर से बाउचर आने पर गर्भवती को फोन पर सूचना दी जाती है। बाउचर देकर गर्भवती सीएचसी से चयनित डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड करवा सकती हैं। भुगतान सरकार की ओर से किया जाता है। इस प्रक्रिया में समय लगने के कारण गर्भवती निजी सेंटर पर अल्ट्रासाउंड करा लेती हैं।

साल भर से रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त

सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रेडियोलॉजिस्ट डॉ. रंजना का करीब साल भर पहले स्थानांतरण हो गया था। अभी तक दूसरे रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती नहीं हुई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. चंदन यादव ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जा चुका है। वैकल्पिक तौर पर निजी रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था की गई है। उससे महीने में चार दिन 2, 9, 16 और 24 तारीख को सीएचसी में मरीजों के अल्ट्रासाउंड कराए जाते हैं।

रजिस्ट्रियां हुई कम फिर भी बढ़ी इनकम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जिले में वर्ष 2022-23 की तुलना 2023-24 में संपत्तियों की खरीदारी कम हुई। इससे रजिस्ट्री में काफी गिरावट आई है और निबंधन विभाग 100 फीसद राजस्व की पूर्ति नहीं कर पाया है। जिले को 2023-24 में 3299 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य मिला था। इसमें पूरे वर्ष में 3136 करोड़ रुपये राजस्व हासिल हुआ है।

2023-24 में आवासीय, व्यवसायिक व कृषि संपत्तियों की खरीद-बिक्री कम हुई। इस वजह से रजिस्ट्रियां भी कम हुईं। वर्ष 2022-23 में सभी नौ निबंधन कार्यालय पर 1,61,074 रजिस्ट्री हुईं थीं और 2023-24 में 1,52,121 रजिस्ट्री हुईं हैं। रजिस्ट्री में 5.55 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई, लेकिन इसका असर विभाग की आय पर नहीं दिखा। कम रजिस्ट्रियां होने पर भी विभाग की आय दो फीसद बढ़ी है। सहायक महानिरीक्षक निबंधन सतीश कुमार त्रिपाठी ने बताया, वर्ष के अंत में रजिस्ट्रियां कम हुई हैं।

मोहनलालगंज की सबसे अधिक आय

जिले के सदर, सरोजनी नगर, मोहनलालगंज, बीकेटी, मलिहाबाद समेत सभी नौ उपनिबंधन कार्यालय पर कुल 1,52,121 रजिस्ट्री हुईं। इसमें सबसे ज्यादा सरोजनी नगर में 33,342 रजिस्ट्री हुईं। जबकि आय के मामले में मोहनलालगंज रजिस्ट्री कार्यालय आगे रहा। यहां 108 फीसद आय रही।

एक नजर

कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद इलाके में युवक का शव फंदे से लटका मिला। परिजन आत्महत्या की वजह पता होने से मना कर रहे हैं। थाना अंतर्गत ग्राम टीकर निवासी प्रदीप मौर्य (22) पूना में होटल पर मजदूरी करता था। वह एक माह पूर्व घर आया था। रविवार शाम करीब 5 बजे घर के कमरे में रस्सी के फंदे से उसका शव लटका मिला। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। परिजन ने आरोप से इनकार किया है। प्रदीप के परिवार में पिता सुघई, मां शांती हैं। एसओ रहीमाबाद अनुभव सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

तेज रफ्तार बाइक से गिर कर महिला की मौत

अमृत विचार, बीकेटी : बख्शी का तालाब इलाके में रविवार को तेज रफ्तार बाइक से गिर कर घायल महिला की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। वह बेटे के साथ बाइक से जा रही थी। जानकीपुरम थाना अंतर्गत मिर्जापुर निवासी महिला सुनीता सिंह (45) रविवार सुबह बेटे अमित के साथ बाइक से मायके गईं थी। जहां से लौटते समय दोपहर रामपुर बेहड़ा के पास तेज रफ्तार बाइक से गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गईं। मां को गिरा देख बेटे ने बाइक रोक राहगीरों की मदद से सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जालसाजों ने बैंक खाते से दो लाख पार किए

अमृत विचार, सरोजनीनगर : साइबर अपराधियों ने युवक को झांसे में लेकर दो लाख रुपये पार कर दिये। सरोजनीनगर के बदाली खेड़ा निवासी पीड़ित अनिल पाल के मुताबिक उनके व्हाट्सएप पर कॉल आई। इसके बाद लिंक आया। इसके बाद बैंक खाते से दो लाख रुपये की रकम कट गई।

रील बना रही युवती का फिसला पैर, नहर में डूबी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

घटनास्थल पर लगी लोगों की भीड़। अमृत विचार

- बीबीडी थाना अंतर्गत दोस्तों के साथ इंदिराडैम पर घूमने आई थी युवती
- इंदिरा नहर में युवती की खोजबीन करने में जुटे स्थानीय गोताखोर

अमृत विचार : बीबीडी थाना अंतर्गत इंदिरानहर के पास रील बना रही युवती का पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गई। युवती को पानी में डूबता देख उसके दोस्त चीख-पुकार मचाने लगी। शोर सुनकर राहगीरों की भीड़ नहर के पास एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नहर में सर्च ऑपरेशन किया। बावजूद इसके युवती का कहीं सुराग नहीं मिला। पूर्व में भी टंकी पर चढ़कर रील बना रहा युवक अंदर गिर पड़ा था। जिससे उसकी मौत हो गई थी।

एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक, इंदिरानगर थाना अंतर्गत सेक्टर- सी टेढ़ी पुलिया निवासी शकील खान सपरिवार रहते हैं। रविवार को उनकी बेटी मनीषा खान (18) अपनी दो बहन एक दोस्त व एक रिश्तेदार के साथ उसके ऑटो रिक्शा से बीबीडी स्थित इंदिरा नहर घूमने आई थी। पूछताछ में पता चला कि शाम करीब साढ़े बजे मनीषा नहर के पास खड़ी होकर इंस्टाग्राम पर रील बनाने लगी थी। इसी बीच उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नहर में गिर पड़ी। मनीषा को नहर में गिरता देख उसकी बहन, रिश्तेदार व सहेली चीखने-चिल्लाने लगी। तभी मनीषा को बचाने के लिए उसका रिश्तेदार नहर में कूद पड़ा, लेकिन पानी के बहाव में वह डूबने लगा। शोर-शराबा सुनकर राहगीरों ने डूब रहे युवक को बेल्ट के सहारे बाहर निकला। वहां मौजूद लोगों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। मौके पर पहुंची बीबीडी पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद नहर में सर्च आपरेशन किया। बावजूद इसके युवती का कहीं सुराग नहीं मिला। प्रभारी निरीक्षक अजय नारायण सिंह ने बताया कि युवती की तलाश में पुलिस ने करीब दो घंटे तक रेस्क्यू अभियाना चलाया है, लेकिन नतीजा शून्य रहा। फिलहाल, अभी कुछ ही कह पाना बेहद मुश्किल है।

हाइड्रोलिक मशीन से टंकी से निकाला गया था शव

गौरतलब है कि 18 अप्रैल को आशियाना के रतनखंड इलाके पानी की टंकी पर चढ़कर रील बना रहा शिवांश अग्रवाल (19) संतुलन बिगड़ने से टंकी के अंदर गिर गया था। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई थी। उसके साथियों व क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकल कर्मियों की मदद से उसके शव को हाइड्रोलिक मशीन की मदद से टंकी से निकाला था।

सस्ती लोकप्रियता बन रही मौत की वजह

मनोवैज्ञानिक डॉ.सृष्टि श्रीवास्तव ने बताया कि लोगों अपनी तरफ आकर्षित करने के लिए युवा पीढ़ी रील बनाने का जोखिम लेती है। रील बनाते समय लोग यह नहीं सोचते की यह उनके जीवन की अंतिम रील है। सस्ती लोकप्रियता के चलते युवा हैरतअंगेज कदम उठाते हैं। जो उनकी मौत की वजह भी बन जाती है।

सावधानी बरतें, ताकि शौक जानलेवा न बने

ट्रेन या अन्य किसी वाहन के सामने रील बनाने से बचें। जान जोखिम में डालकर रील न बनाएं। चलती कार के ऊपर खड़े होकर या रफ्तार में वाहन चलाकर रील न बनाएं। बाइक या अन्य किसी वाहन से स्टंटबाजी कर रील बनाने से बचें।

धमकी : कोर्ट में बयान दिया तो वायरल कर दूंगा तस्वीरें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हसनगंज पुलिस ने आरोपी व उसके तीन साथियों पर दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : हसनगंज थाना अंतर्गत कोर्ट में बयान देने से रोकने के लिए दबंगों ने एक युवती को उसकी आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इसके अलावा युवती के परिजनों को भी धमकाया। हालांकि, युवती की लिखित शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक बृजेश सिंह के मुताबिक, डालीगंज के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती (28) ने ललित कश्यप और उसके तीन साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। युवती ने पूर्व में आरोपी के खिलाफ महिला अपराध से जुड़ा एक मामला दर्ज कराया था। जोकि न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। युवती का आरोप है कि बीते 21 मार्च की रात करीब साढ़े बजे ललित अपने तीन साथियों को लेकर उसके घर पर पहुंचा और हंगामा करने लगा। आरोपी उस पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगा। इंकार किए जाने पर आरोपी ने उसे धमकी दी कि जो तुमको नशा पिलाकर तस्वीरें खीची हैं, वो सोशल मीडिया पर डाल देंगे। इसके साथ ही आरोपी ने कहा कि अगर कोर्ट में बयान दिया, तो वह उसकी अश्लील तस्वीरें वायरल कर देगा। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर सुंसगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

महिला अधिवक्ता की आपत्तिजनक फोटो वायरल की

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थाने एक महिला अधिवक्ता ने एक वृद्ध के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। महिला अधिवक्ता का आरोप है कि वृद्ध ने उससे शादी करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन उसने वृद्ध के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। तब आरोपी ने उसकी फोटोग्राफ को एडिट कर उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ सोशल मीडिया पर वायरल कर दी।

ठाकुरगंज की रहने वाली महिला अधिवक्ता (40) ने बताया कि चौक कोतवाली के कमला नेहरू मार्ग निवासी अनिल जायसवाल उर्फ सिद्धनाथ (65) उनके मुवक्किल थे। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व अनिल उनसे शादी करने का दबाव बनाने लगे थे। इस पर पीड़िता ने उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। इसके बाद वृद्ध ने उनकी फोटोग्राफ को एडिट कर उसकी आपत्तिजनक तस्वीर बनाकर साथी अधिवक्ताओं के पास भेज दी। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर अनिल जायसवाल पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पिता के पास भेजी बेटी की आपत्तिजनक फोटो–वजीरगंज की रहने वाली युवती इण्टरमीडिएट की छात्रा है। छात्रा का कहना है कि कुछ दिनों से उसके मोबाइल पर कॉल आई थी। फोनकर्ता उससे गाली–गलौज करता था। इसी बीच फोनकर्ता ने उसका वाट्सएप हैक लिया। इसके बाद मोबाइल में सेव फोटोग्राफ को एडिट कर परिचितों और उसके पिता के पास भेज दी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

पुलिस आयुक्त को शिकायती पत्र भेजा रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज थाना अंतर्गत आजाद नगर निवासी अधिवक्ता हरि प्रकाश दुबे ने पुलिस आयुक्त समेत विभाग के अन्य अधिकारियों को शिकायती- पत्र भेजा है। इसमें बताया कि एक मित्र ने उधारी के रूप में उनसे 44 लाख रुपये लिये थे। कुछ समय बाद जब रकम मांगी तो वह टाल मटोल करने लगा। दबाव बनाने पर आरोपी ने चेक तो जो खाते में लगाने पर बाउंस हो गयी। चेक बाउंस होने की बात आरोपी से कही तो अपने परिजन के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। अधिवक्ता ने रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस आयुक्त से आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।

युवती को बंधक बनाकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर खुदकुशी करने की कोशिश

अमृत विचार : बिजनौर थाना अंतर्गत दलित युवती को ढाबा प्रबंधक ने कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। युवती की मां ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए बिजनौर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। इसके आधार पर पुलिस ने रविवार को आरोपी को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार राणा के मुताबिक क्षेत्र की रहने वाली युवती (19) ने ज्ञानेन्द्र कुमार अग्निहोत्री उर्फ मोनू के खिलाफ दुष्कर्म व एससी- एसटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में युवती ने बताया कि गत 23 अप्रैल को ढाबे पर रिसेप्शनिस्ट के तौर नौकरी करने के लिए आई थी। उसकी मुलाकात ढाबा प्रबन्धक ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री से हुई थी। उससे बातचीत करने के बाद प्रबंधक ने उसे ढाबे पर नौकरी दे दी थी। आरोप है कि गत 24 अप्रैल की दोपहर ज्ञानेन्द्र ने पीड़िता से कमरे पर चल कर पंखा लाने के लिए कहा था। ज्ञानेंद्र की मंशा से अनभिज्ञ युवती उसके साथ चली गई। कमरे पर पहुंचने के बाद आरोपी ने दलित युवती के साथ गलत काम किया।

पूर्व सूचना आयुक्त के बेटे की कार पर पथराव

अमृत विचार, लखनऊ : विभूति खंड इलाके में शनिवार रात पूर्व सूचना आयुक्त के बेटे की कार पर 10 से 12 की संख्या में पहुंचे युवकों ने पथराव कर दिया। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद हमलावर गाली गलौज करते हुये फरार हो गये। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पूर्व राज्य सूचना आयुक्त हाफिज उस्मान आर–129 नेहरू एनक्लेव गोमती नगर में रहते हैं। उनका बेटा फहद उस्मान (28) शनिवार रात करीब 12 बजे आठ से दस दोस्तों संग कठौता चौराहा स्थित सेल्फी कैफे गया था। फहद के मुताबिक रात करीब 3 बजे उसकी गाड़ी में तोड़ फोड़ की आवाजें आईं। साथियों संग बाहर निकला तो चार पहिया वाहन यूपी 32 बीवी 0112 से पहुंचे 10 से 12 के संख्या में युवक उसकी गाड़ी पर पथराव करते दिखे। उसे बाहर आया देख आरोपी गाली गलौज करते हुये फरार हो गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है।

अकाउंटेंट पर हमला कर लूटी नकदी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन बाइकों पर सवार छह बदमाशों ने अंजाम दी घटना
- तमंचे की बट से सिर फोड़ा, डकैती और जानलेवा हमले की प्राथमिकी

पवन दुबे

अमृत विचार : चिनहट थाना अंतर्गत मल्हौर में रेल विहार चौराहे के पास तीन बाइकों पर सवार छह बदमाशों ने निजी कंपनी कर्मी पवन दुबे को रात में ओवरटेक किया। उसके आगे बाइक लहराई। विरोध पर गाली-गलौज कर हमला बोल दिया। तमंचे की बट से सिर फोड़ दिया। तीन हजार रुपये, मोबाइल और अंगूठी लूट कर भाग निकले।

एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह के मुताबिक, मूलरूप से आजमगढ़ जनपद के जियनपुर कोतवाली निवासी पवन दुबे गोमतीनगर स्थित एक निर्माण एजेंसी में अकाउंटेंट हैं। वह चिनहट के विधायक चौराहे के पास रहते हैं। शनिवार रात करीब 9 बजे वह बाइक से आफिस से घर की तरफ जा रहे थे। उनका आरोप है कि मल्हौर में रेल विहार चौराहे के पास दो बाइकों पर सवार चार बदमाश गाड़ी लहराकर चला रहे थे। आगे गाड़ी अचानक रोक दी। पीछे से एक बाइक पर सवार उनके दो अन्य साथी आ गए। इसके बाद तमंचा तान दिया। बट से ताबड़तोड़ वार कर सिर फोड़ दिया। जेब से मोबाइल, रुपये और अंगूठी लूट लिया। ढाबे से लोग निकले उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया तो बदमाश भाग निकले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया पुलिस ने दो हमलावरों को हिरासत में लिया है। उनकी निशानदेही पर चार साथियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

शातिर चोरों के पास मिले 19 कालीन

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा पुलिस ने रविवार को दो शातिरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक ई-रिक्शा और चोरी की 19 कालीन बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक नितीश श्रीवास्तव के मुताबिक पुलिस की गिरफ्त में आए शातिरों की पहचान गुडम्बा के बसहा निवासी कुनाल गुप्ता और नहरिया रोड जानकीपुरम निवासी बलवंत के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है। शातिरों ने बताया कि यह कालीन उन्होंने चुराई हैं और इनको बेचने की फिराक मे थे। इसके बाद पुलिस ने शातिरों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

आर्यकन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या पर प्राथमिकी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बगैर अनुमति के प्रधानाचार्या ने कटवा दिए दो वृक्ष
- वन विभाग ने महानगर कोतवाली में दर्ज कराई प्राथमिकी

अमृत विचार : महानगर कोतवाली में वनविभाग ने आर्यकन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या और एक कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। वन रक्षक का आरोप है कि प्रधानाचार्या बिना अनुमति लिए दो वृक्षों पर आरा चलवा दी है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच करने में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, शहरी रेंज अवध वन प्रभाग के वन रक्षक विनय कुमार की लिखित शिकायत पर आर्यकन्या इण्टर कॉलेज की प्रधानाचार्या ममता किरण राव और कर्मचारी फुरकान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। लिखित शिकायत में वन रक्षक ने बताया कि कॉलेज परिसर के गेट के बगल अशोक और गुल मोहर के वृक्ष को प्रधानाचार्या ने बगैर अनुमति के कटवा दिया। वन विभाग ने उसने पूछताछ की तो वह गोलमोल जवाब देने लगी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर उप्र ग्रामीण एवं पर्वतीय क्षेत्रों में वृक्षों का संरक्षण अधिनियम की धारा के तहत दो लोगों पर कार्रवाई की गई है।

सार-संक्षेप

दबंगों ने युवती का रिश्ता तुड़वा पिता को धमकाया

अमृत विचार, लखनऊ : बीकेटी थाना अंतर्गत रैथा गांव में तीन भाईयों ने गांव की रहने वाली एक युवती का रिश्ता तुड़वाने के बाद उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। युवती के पिता ने यह आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के मुताबिक रैथा गांव निवासी किसान ने गांव के रहने वाले तीन भाई जितेंद्र, धर्मेंद्र और राजेंद्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि उसने अपनी बेटी की शादी का रिश्ता तय किया था। शादी वाले दिन कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर तीनों भाईयों ने विवाह को रोकवा दिया था। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित से धक्का–मुक्की कर उसे जान से मारने की धमकी दी थी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीनों भाईयों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

लविवि की छात्रा को ब्लैकमेल कर वसूले रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : अलीगंज थाने में लविवि की छात्रा ने साइबर अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। मूलरूप से शाहजहांपुर के तिलहर निवासी युवती लविवि (लखनऊ विश्वविद्यालय) से एमएससी की पढ़ाई कर रही है। लिखित शिकायत में पीड़िता ने बताया कि कुछ दिनों से उसके मोबाइल पर अलग–अलग नंबरों से कॉल आ रही है। फोनकर्ता ऋण जमा करने की बात कहकर उसे धमकी देते हैं। इंकार करने पर जालसाज उसकी आपत्तिजनक फोटो को वायरल करने की बात कहते हैं। छात्रा ने बताया कि जालसाजों ने उसके वाट्सएप नंबर पर छात्रा की फोटो लगाकर एक आपत्तिजनक वीडियो भेजा। इसके आधार पर जालसाजों ने डरा धमका उससे पांच हजार रुपये वसूल कर लिए है। बावजूद इसके जालसाज छात्रा से 10 लाख रुपये की मांग कर रहे है। प्रभारी निरीक्षक विनोद तिवारी तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की है।

जेब्रा क्रासिंग बनवाने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके के शांति नगर निवासियों ने कानपुर रोड पर बनाए जा रहे ऊंचे डिवाइडर में पेट्रोल पंप के पास जेब्रा क्रॉसिंग बनवाने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि पेट्रोल पंप के सामने रहने वाले लोगों को लखनऊ जाने के लिए करीब 1 किलोमीटर दूर हज हाउस के पास जाकर लौटना पड़ता है। वहीं कानपुर की ओर से शांति नगर आने के लिए करीब 2 किलोमीटर दूर नादरगंज तिराहे से मुड़कर वापस आना पड़ता है। ज्यादा दूरी होने के कारण लोग गलत दिशा से निकलते हैं। इससे हादसे की आशंका रहती है। जेब्रा क्रासिंग बनने से करीब 2 हजार आबादी को राहत मिलेगी।

दरोगा पर मारपीट का आरोप, मुख्यमंत्री से शिकायत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिजनौर इलाके में रहने वाले पीड़ित ने एक दरोगा पर मारपीट कर प्रापर्टी डीलर के नाम जमीन का बैनामा कराने का दबाव बनाने का आरोप लगा मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है। थाना अंतर्गत मखदूमपुर कैथी निवासी किसान वासुदेव ने पत्र में बताया कि एक प्रॉपर्टी डीलर ने उसकी डेढ़ बीघा जमीन का एग्रीमेंट किया था। अब वह रोड के किनारे वाली जमीन का बैनामा करने का दबाव बना रहा है। मना करने पर प्रॉपर्टी डीलर ने बिजनौर थाने के दरोगा से मिलकर दबाव बनाया। आरोप है कि दरोगा ने शनिवार को उसे थाने बुलाया। जहां प्रॉपर्टी डीलर पहले से ही मौजूद था। दरोगा ने प्रापर्टी डीलर के पक्ष में काम करने को कहा। किसान के बेटे ने विरोध किया तो दरोगा ने उसे जंगल में ले जाकर पीटा। जबकि किसान की कनपटी पर पिस्टल लगा इनकाउंटर की धमकी दी और डेढ़ घंटे तक लॉकअप में बंद रखने के बाद छोड़ा। पीड़ित ने पुलिस विभाग के आलाधिकारियों पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगा मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है।

जच्चा–बच्चा की मौत पर डॉक्टर व 5 नर्स पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोर्ट के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर शुरू की जांच

अमृत विचार : कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत लोकबंधु अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत मामले में कोर्ट के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने अस्पताल की डॉक्टर निशा रानी और पांच स्टाफ नर्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

गौरतलब है कि 24 नवम्बर को सरोजनीनगर हनुमानपुरी निवासी आरती शर्मा (38) को प्रसव-पीड़ा होने लगी। इसके बाद भाई कुलदीप विश्वकर्मा ने बहन को फौरन लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़ित ने बताया कि भर्ती करने के दो दिन बाद अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। जिसके बाद परिजन ने अस्पताल की महिला डॉक्टर निशा रानी और पांच स्टाफ नर्स के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सम्बन्धित थाने में शिकायत की थी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दायर की। कोर्ट के आदेश पर कृष्णानगर पुलिस ने महिला डॉक्टर निशा रानी और पांच स्टाफ नर्स के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या और धमकी देने की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

निवेश किया गया रुपया वापस मांगने पर दी धमकी

अमृत विचार, लखनऊ : मानक नगर थ्राना अंतर्गत मंगलखेड़ा निवासी उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य सरदार परविंदर सिंह सपरिवार रहते है। पत्नी सुखपाल कौर के मुताबिक उनकी महिला मित्र राजाजीपुरम निवासी मंजू पुष्कर ने उन पर जबरन दबाव बनाकर क्यूनेट कम्पनी से जोड़ दिया और कम्पनी में दो लाख रुपये निवेश करा दिए। जिसके बाद उन्हें लोगों को जोड़कर दो-दो लाख रुपये निवेश कराने की बात कही गई जो बात पीड़िता को नागवार लगी। जब उसने अपना निवेश किया हुआ रुपया वापस मांगा तो धमकी देने लगी। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

बहन की शादी में आये भाई की बस की टक्कर से मौत

लखनऊ/ मोहनलालगंज

- हादसे के बाद चालक बस छोड़ मौके से फरार, रिपोर्ट दर्ज
- मोहनलालगंज इलाके में हादसा बाराबंकी निवासी था युवक

अमृत विचार: मोहनलालगंज इलाके में चचेरी बहन की शादी में शामिल होने आये बाराबंकी जनपद निवासी युवक की मौत हो गई। वह मकान के मेन गेट के सामने खड़े होकर रिश्तेदारों का स्वागत कर रहा था। इसी दौरान बस की चपेट में आ गया। हादसे के बाद आरोपी चालक बस छोड़ कर फरार हो गया।

बाराबंकी जनपद के हैदरगढ़ थाना अंतर्गत कनवा गांव निवासी संतोष कुमार का बेटा अभिनेन्द्र प्रताप सिंह मोहनलालगंज के शिवगढ़ रिसार्ट में चचेरी बहन की शादी में परिवार के साथ गया था। जहां रिसार्ट के गेट पर रिश्तेदारों का स्वागत कर रहा था। इसी दौरान लखनऊ से रायबरेली जा रही रोडवेज बस ने अभिनेन्द्र को टक्कर मार दी। हादसे में गम्भीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन सीएचसी मोहनलालगंज ले गये। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग निकला। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी चालक पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्धा लापता

अमृत विचार, लखनऊ : नगराम कनेरी गांव में 70 वर्षीय वृद्धा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। नगराम के कनेरी गांव निवासी रमाशंकर ने बताया कि बीते सोमवार को उनकी वृद्ध मां रामरती (70) घर से कहीं चली गयी थी। जो वापस लौट कर नहीं आयी। उनकी मां की मानसिक हालत ठीक नहीं रहती है वह पहले भी कई बार बिना बताए घर से चली जाती थी पर बाद में वापस आ जाती थी लेकिन इस बार कई दिनों तक इंतजार करने के बाद भी जब वह नहीं आई तो मैने कई जगह खोजबीन भी की। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पांच स्थानों पर लगी आग, दमकल कर्मियों ने पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चौथी मंजिल पर रखे जनरेटर में लगी आग
- अपार्टमेंट और गेहूं के खेतों में लगी आग

सरोजनी नगर क्षेत्र के सहजनपुर गांव में लगी आग से जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

अमृत विचार : बढ़ते पारे के साथ राजधानी में आग लगने की घटनाओं में इजाफा हुआ है। अमूमन हर दिन तीन से चार स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। रविवार को भी पांच अलग-अलग स्थानों पर आग लगने की घटनाएं सामने आई हैं। हालांकि, समय रहते दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इन घटनाओं में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

थाना गुडम्बा क्षेत्र के रिंग रोड कल्याणपुर पर स्थित सीबी टावर के चौथी मंजिल पर यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के ऑफिस है। जहां रविवार की दोपहर चौथी मंजिल के ऊपर रखे जनरेटर में आग लग गयी। पहली और दूसरी मंजिल पर गोदरेज फर्नीचर का शोरूम है। शोरूम कर्मचारी अभिषेक ने आग देखा तो दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल ने एक घण्टे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इंद्रा नगर फायर ऑफिसर अजय कुमार ने बताया कि आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। वहीं, चिनहट थाना क्षेत्र में गोरखपुर निवासी आशुतोष सिंह का देवां रोड पर अमांडा हाइट अपार्टमेंट में प्लैट है। जिसमें काव्य गुप्ता किराये पर रहते है। उन्होंने बताया कि रविवार की दोपहर शार्ट सर्किट से पलंग पर पड़े गद्दे में आग लग गयी थी। जिस पर गोमतीनगर फायर स्टेशन को सूचना दी गयी थी। लेकिन टीमों के आने से पहले पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया। उधर, बंथरा थाना अंतर्गत सहजनपुर गांव में दोपहर गेहूं के खेतों में आग लग गयी। अग्निशमन अधिकारी सुमित प्रताप सिंह ने बताया कि आग गेहूं के खेत व झाड़ियों में लगी थी। जिसे बुझा दिया गया। वहीं, कटी बगिया स्थित स्कूल के पीछे खेतों में आग लग गयी थी। जिसे बुझा दिया गया है। इसके अलावा इसी क्षेत्र के लोनहा गांव में गेहूं के खेतों में लगी आग को बुझाया गया। उसके बाद दमकल कर्मियों ने बिजनौर थाना अंतर्गत माती गांव में बाग में लगी आग पर काबू पाया। दमकल कर्मियों का कहना है कि इन घटनाओं में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

सड़क दुघर्टना में घायल हुआ था बाइक सवार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- दंपति ने बिल्डर व उसके साथियों पर दर्ज कराई थी प्राथमिकी

अमृत विचार : बाजारखाला थाना अंतर्गत बाइक सवार दंपति पर हमला किए जाने के मामले में नया मोड़ आया है। पुलिस की तफ्तीश में बाइक सवार युवक सड़क दुर्घटना का शिकार बताया जा रहा है। जबकि युवक का कहना था कि बिल्डर ने साथियों की मदद से उस पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।

सआदतगंज के मेहंदीगंज निवासी क्षमा तिवारी का आरोप है कि शनिवार शाम को वह पति अमित तिवारी उर्फ कवि तिवारी के साथ बाइक से चन्द्रिका देवी मन्दिर जा रही थी। हैदरगंज पुल पर बिल्डर मोनिस व एहसान ने अपने चार साथियों की मदद से पति अमित तिवारी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। हालांकि, तहरीर के आधार पर बाजार खाला पुलिस ने हमलावरों पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। डीसीपी पश्चिम डॉ.दुर्गेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने दो टीमों ने पूरे रास्ते के सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का विश्लेषण किया। जिस ओवर ब्रिज पर घटना बतायी गई वहां से अमित तिवारी पत्नी व बच्चे के साथ बाइक से चढ़ते और सुरक्षित अवस्था में उतरते दिखाई पड़े।

उसके आगे नींबू पार्क, रूमी गेट और कुड़िया घाट तक सुरक्षित मोटरसाइकिल से जाते हुए कई फुटेज मिले हैं। फुटेज में अमित तिवारी की मोटरसाइकिल जिसे कोई अन्य व्यक्ति चला रहा व आगे बच्चा है, उसमें वह चोटिल दिख रहे हैं। जो पक्का पुल होते हुए सिविल अस्पताल गेट नम्बर 2 से प्रवेश करते दिखायी दिए। वहीं पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ मोटर साइकिल से सिविल अस्पताल में गेट नंबर-03 से प्रवेश करते हुए दिखायी दे रही है। इसके अलावा इलेक्ट्रोनिक साक्ष्यों के विश्लेषण से नामजद आरोपियों की उपस्थिति उक्त स्थान पर नहीं पायी गई।

एक नजर

अटल आवासीय प्रतियोगिता में होनहारों का चयन

अमृत विचार, लखनऊ : अटल आवासीय प्रतियोगिता का परीक्षा परिणाम 2024 जारी हो गया है। इसमें राजधानी के अलग-अलग सरकारी विद्यालयों के बच्चों का चयन हुआ है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय कल्ली पश्चिम सरोजिनी नगर छात्र रवि मौर्या और रीत मौर्या का इसमें चयन हुआ है। वहीं कक्षा 9 में पूर्व माध्यमिक विद्यालय भटगांव की होनहार छात्रा अंकिता खुशी का चयन हुआ है। वहीं ग्रामीण अंचल के काकोरी विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरसंडा से चयनित अलव कुश को उसके घर पर जाकर शिक्षकों ने सम्मानित भी किया। इस बारे में नोडल सुरेश जायसवाल ने बताया कि शिक्षक संजय कुमार के अथक प्रयासों से विगत वर्षों में राष्ट्रीय आय एवं पात्रता परीक्षा में अभी तक 10 बच्चों का चयन हुआ है। आगे भी बच्चों में इस तरह की प्रतिभा निखारने के प्रयास किए जाते रहेंगे।

श्रीराम दरबार, मां दुर्गा और हनुमानजी की मूर्ति की स्थापना

अमृत विचार, लखनऊ : अमरावती सेवा समिति ने योगीजी मंदिर शौर्यविहार कालोनी जानकीपुरम विस्तार में एके शुक्ला के संरक्षण में श्रीराम दरबार, मां दुर्गा और हनुमानजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। 26 अप्रैल को शुरू हुए इस कार्यक्रम का समापन रविवार को हवन और विशाल भंडारे के साथ किया गया। विधि-विधान से हुए इस कार्यक्रम में दूर-दूर से संत महात्मा और बड़ी संख्या में भक्तों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूजा और प्राण प्रतिष्ठा नैमिष के धर्मेंद्र शास्त्री, अंकित शास्त्री आदित्य शास्त्री, बालकृष्ण शास्त्री ने सम्पन्न कराई।

मुंबई इंडियंस पहुंची लखनऊ, कल सुपर जायंट्स से होगा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मुकाबले के लिए तैयार इकाना स्टेडियम
- दोनों टीमें आज फ्लड लाइट में करेंगी अभ्यास

अमृत विचार : इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) टीम के सामने इस बार पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस की चुनौती होगी। 30 अप्रैल को होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले के लिए भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी रोहित शर्मा के साथ कप्तान हार्दिक पांड्या और अन्य खिलाड़ी रविवार को लखनऊ पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट से टीम ने सीधे होटल का रुख किया। दोनों टीमें सोमवार को अभ्यास के लिए शाम को इकाना स्टेडियम पहुंचेंगी।

मुंबई के लिए इस बार का आईपीएल अब तक बहुत अच्छा नहीं रहा है। संघर्ष कर रही टीम का इस बार प्लेऑफ का सफर आसान नहीं दिख रहा। मुंबई ने अब तक नौ मैच खेले हैं और तीन में जीत दर्ज की है। छह में उसे हार का सामना करना पड़ा। अंक तालिका में मुंबई नवें स्थान पर पहुंच गई है। प्लेऑफ का सफर तय करने को टीम को करिशमाई प्रदर्शन करना होगा और अब सभी मुकाबलों में जीत दर्ज करनी होगी। मेजबान लखनऊ सुपर जायंट्स ने अब तक नौ मैच खेले हैं, जिनमें उसने पांच में जीत हासिल की है और चार में हार का सामना करना पड़ा। अंक तालिका में टीम चार नंबर पर मौजूद है। मंगलवार को होने वाले मुकाबले में मेजबान अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए जीत हासिल करना चाहेंगे तो मुंबई हर हाल में जीत दर्ज करना चाहेगी जिससे प्लेऑफ तक पहुंच सके।

मुंबई इंडियंस की टीम के खिलाड़ी बूमराह व हार्दिक। अमृत विचार

मुंबई के पास हिसाब चुकाने का मौका

पिछले वर्ष मुंबई और एलएसजी का मैच इकाना स्टेडियम पर खेला गया था। इस मुकाबले में एलएसजी ने जीत दर्ज की थी और मुंबई को पांच रन से हरा दिया था। एक बार फिर से दोनों टीमें इस मैदान पर आमने-सामने होंगी। ऐसे में मुंबई इंडियंस यहां पर मिली हार का हिसाब भी बराबर करना चाहेगी।

एलएसजी के लिए आसान नहीं होगा यह मुकाबला

मुंबई टीम में दिग्गज खिलाड़ियों की भरमार है। ये खिलाड़ी किसी भी मैच का रुख पलटने में सक्षम है। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी किसी भी टीम को अकेले हराने का दम रखते हैं। ऐसे में केएल राहुल एंड कंपनी के लिए यह मुकाबला किसी भी सूरत में आसान नहीं होने वाला है।

- वर्ष 2022 में लखनऊ ने हराया मुम्बई को 18 रन से, मुम्बई में
- वर्ष 2022 में लखनऊ ने मुम्बई को हराया 3 रन से, मुम्बई में
- 248 मैच मुम्बई ने खेले हैं आईपीएल में
- 140 जीते, 107 हारे, 01 में परिणाम नहीं
- 39 मैच लखनऊ ने खेले हैं आईपीएल में
- 22 जीते, 16 हारे, 01 में परिणाम नहीं

नीता अंबानी व सचिन के आने की संभावना

पांच बार की चैंपियन मुंबई टीम की मालकिन नीता अंबानी अपने बेटे आकाश अम्बानी के साथ टीम का हौसला बढ़ाने मंगलवार को लखनऊ पहुंच सकती हैं। उनके आने के संभावना को देखते हुए मेजबान उनकी मेहमाननवाजी की तैयारी में जुट गए हैं। मुंबई टीम के डगआउट के बायी ओर सीमा रेखा के बाहर उनके लिए नीले सोफे का इंतजाम किया जा रहा है। पिछले वर्ष भी नीता अंबानी टीम का हौसला बढ़ाने लखनऊ पहुंची थीं। टीम के मेंटर के रूप में जुड़े मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के पहुंचने की भी संभावना है।

यश ने जीते दोहरे खिताब, ट्राफी पर कब्जा

पुरुष एकल के साथ युगल में भी चैंपियन, लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: यश वर्मा ने लखनऊ चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट में शानदार तरीके से पुरुष एकल और युगल के फाइनल में जीत के साथ दोहरी विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया। लामार्टिनियर एसडीएस टेनिस अकादमी के क्ले कोर्ट पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में आशी शमसेरी ने बालिका अंडर-16 और हसन ने बालक अंडर-14 में खिताब जीत लिए।

रविवार को खेले गए मुकाबलों में पुरुष एकल फाइनल में यश वर्मा ने सानिध्य द्विवेदी को 7-3 से हराकर खिताब जीता। इसके बाद पुरुष युगल के फाइनल में अनुज कुमार के साथ जोड़ी बनाकर उतरे यश वर्मा ने अमर सिंह व अभिषेक यादव को 9-5 से हराकर युगल की विजेता ट्रॉफी जीत ली।

बालक अंडर-14 का खिताब हसन ने फाइनल में सोहम को 7-3 से हराकर जीता। बालिका अंडर-16 के फाइनल में आशी शमसेरी ने सिद्धि सिंह को 7-3 से हराया। समापन समारोह में विकास मूलचंदानी, शैलेंद्र द्विवेदी व अमरेंद्र वर्मा ने पुरस्कार वितरित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत टूर्नामेंट डायरेक्टर गोपाल सिंह बिष्ट ने किया।

टेनिस के विजेता खिलाड़ी पुरस्कार और प्रमाण पत्रों के साथ। अमृत विचार

श्रद्धा से मनाया जा रहा गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व

अमृत विचार, लखनऊ: गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व सोमवार को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा मानसरोवर गुरु तेग बहादुर नगर एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड में धूमधाम से मनाया जायेगा। सभा के अध्यक्ष सरदार सम्पूरन सिंह बग्गा ने बताया कि गुरु तेग बहादुर के 403वें प्रकाश पर्व पर तीन दिवसीय दीवान की शुरुआत 27 अप्रैल को सुखमनी साहिब के अखंड पाठ के साथ हुई थी। रविवार को शाम छह बजे से रात 11 बजे कीर्तन दीवान का आयोजन किया गया। अखंड पाठ का समापन सोमवार को होगा। रविवार को संगत ने मिलकर हजूरी रागी गुरमुख सिंह ने आसा दी वार के कीर्तन किए। हेड ग्रंथी ज्ञानी बलदेव सिंह एवं हरिन्दर सिंह ने संगत को गुरु तेग बहादुर के इतिहास के बारे में बताया। हजूरी रागी गुरमुख सिंह ने शब्द कीर्तन किये। उधर ऐतिहासिक गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर यहियागंज ने रविवार की शाम सात बजे से प्रकाश पर्व के कार्यक्रमों की शुरुआत की।

स्पेनिश ओपन पैरा बैडमिंटन में सुहास एलवाई को मिला रजत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: इंटरनेशनल बैडमिंटन सर्किट में प्रदेश के खेल सचिव एवं आईएएस अधिकारी सुहास एलवाई का धमाकेदार प्रदर्शन करने में जुटे हैं। उन्होंने स्पेनिश ओपन पैरा बैडमिंटन के एसएल-4 वर्ग में रजत पदक पर कब्जा किया। टोलेडो (स्पेन) में हुई प्रतियोगिता में भारतीय पैरा बैडमिंटन टीम ने 17 पदक अपने नाम किए। इसमें पांच स्वर्ण, पांच रजत और सात कांस्य पदक शामिल रहे।

सुहास एलवाई ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए तीन एकल मुकाबले जीतते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला हमवतन नवीन शिवकुमार से हुआ। सुहास ने पहला गेम 21-17 से जीत कर अपने नाम किया।

दूसरे गेम में भी उन्होंने दबदबा कायम किया और 21-10 के स्कोर से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। भारतीय पैरा शटलर का सामना फाइनल में फ्रांस के लुकास मजूर से हुआ। लुकास इस मुकाबले में गजब की लय में दिखे। उन्होंने 21-18, 21-6 से जीत दर्ज करते हुए खिताब अपने नाम किया।

- टोलेडो में हुई प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने 17 पदक किए अपने नाम

यूनिटी कॉलेज की खिताबी जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार, लखनऊ : अमान आगा रिजवी के हरफनमौला खेल से यूनिटी कॉलेज ने सुब्रतो कप अंडर-17 जोनल बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में जयपुरिया कॉलेज को टाईब्रेकर में 3-1 से हराया और खिताबी जीत दर्ज की। लामार्टिनियर कॉलेज के पोलो मैदान पर खेले गए मैच में दोनों ही टीमों के बीच जोरदार भिड़ंत देखने को मिली।

पहले हॉफ में दोनों ही टीमें काफी जद्दोजहद के बाद भी गोल नहीं कर सकीं। मध्यांतर में गोल रहित बराबरी के बाद खेल के दूसरे हॉफ में दोनों ही टीमों ने रणनीति बदल कर खेलना शुरू किया। इस दौरान यूनिटी कॉलेज की ओर से अमान रिजवी ने साथी खिलाड़ी से मिले पास को गोल में बदला। जवाब में जयपुरिया कॉलेज की ओर से शिवांश ने गोल कर हिसाब बराबर किया। निर्धारित समय में दोनों ही टीमें 1-1 गोल से बराबरी पर रहीं। टाईब्रेकर में यूनिटी कॉलेज ने तीन गोल दागे जबकि जयपुरिया के खिलाड़ी एक गोल ही कर सके। इस तरह यूनिटी कॉलेज ने 3-1 से खिताब जीत लिया।

इससे पूर्व यूनिटी कॉलेज ने क्वार्टर फाइनल में मॉडर्न स्कूल अलीगंज के खिलाफ वॉकओवर से जीत के बाद सेमीफाइनल में लामार्टिनियर कॉलेज को 3-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। इसमें यूनिटी की ओर से अमान रिजवी ने 2 गोल दागे थे।

जीत दर्ज करने वाली यूनिटी कॉलेज की टीम। अमृत विचार

- फाइनल में जयपुरिया कॉलेज को टाईब्रेकर में 3-1 से हराया

नदियों का महत्व समझें और उन्हें संरक्षित करें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नदियों की निर्मलता एवं अविरलता में समाज की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विषयवार जानकारियां साझा की गईं।

भाषा विवि में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शामिल विश्वनाथ खेमका ने नदियों के महत्व, उनके संरक्षण और समाज के उत्तरदायित्व व भूमिका पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि धरती पर नदियां तो जीवन है। हम सभी को नदियों को साफ-सुथरा बनाने का प्रयास करना चाहिए। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो. एहतेशाम अहमद ने करते हुए विषयवार जानकारियां साझा कीं। संगोष्ठी की समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा और डॉ. नीरज शुक्ला ने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर प्रो. सौबान सईद, डॉ. श्वेता अग्रवाल सहित काफी संख्या में विवि के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भाषा विवि में आयोजित संगोष्ठी में मंचासीन अतिथिगण। अमृत विचार

- नदियों के महत्व और संरक्षण पर संगोष्ठी भाषा विवि में आयोजन

रोलर स्केटिंग : सीएमएस के छात्रों का जलवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: राजाजीपुरम स्थित सीएमएस के कैम्पस में आयोजित रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में सीएमएस के छात्रों ने जलवा बिखेरा। प्रतियोगिता में रविवार को रिंक-2 के मुकाबले हुए। इसमें बाल खिलाड़ियों ने रोलर पर 500 मीटर से लेकर 2000 मीटर की रेस की। एडजेस्टेबल रेस, क्वार्डस रेस और इनलाइन रेस में भी सीएमएस के छात्र ही छाए रहे। विजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

दो-दिवसीय इंटर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप में लखनऊ के 69 स्कूलों के 800 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्रों ने रोलर स्केटिंग की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। चैंपियनशिप के दूसरे दिन रविवार को बालक व बालिका दोनों वर्गों में कक्षा-5 से 8 के छात्रों ने रोलर स्केटिंग की विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन किया। रोलर पर छात्रों का नियंत्रण, गति पर नियंत्रण व मानसिक संतुलन देखते ही बना। चैंपियनशिप के समापन अवसर राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या अनुपमा चेकर ने कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों को धन्यवाद दिया।

रोलर स्केटिंग में प्रतियोगिता के दौरान जीत के लिए जोआजमाइश करते बच्चे।

- दो-दिवसीय इंटर-स्कूल रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप सम्पन्न
- विजेताओं को पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

लड़कियों और महिलाओं के साथ संस्था के सदस्य। अमृत विचार

माहवारी में साफ-सफाई से ही बचेंगे कैंसर जैसे रोगों से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सैनिटरी नैपकिन का वितरण कर स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

अमृत विचार : चैतन्य वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से पवित्र कैंपेन के तहत फतेहपुर में महिलाओं और बेटियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान कहा गया कि माहवारी के दौरान साफ-सफाई न रखने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है।

फाउंडेशन की संस्थापक ओम सिंह ने बताया कि इस अवसर पर सभी को मुफ्त में सैनिटरी नैपकिन दिए गए। माहवारी के दौरान साफ-सफाई न रखने से होने वाली बीमारियों खास कर सर्वाइकल कैंसर, यूटीआई और कई तरह के संक्रमण के बारे में बताया गया। हाइजीन के अलावा उचित आहार, पौष्टिक भोजन की विशेषताओं के बारे में भी जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि अपनी कमाई से हर महीने 100 रुपये जरूर निकालें और पैड्स ही इस्तेमाल करें। इस अवसर पर एक जरूरतमंद महिला को राशन भी दिया गया।

फूलों की होली खेली, एक-दूसरे को गुझिया व सेंवइयां खिलाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति ने हर साल की तरह से होली व ईद मिलन का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने एक दूसरे को गुझिया और सिंवइयां खिलाकर मुंह मीठा कराया और फूलों की होली खेली।

सदर बाजार में हुए इस आयोजन में 21 व्यापारियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति के अध्यक्ष वसी उल्ला आजाद ने बताया कि साप्ताहिक बाजार के व्यापारी हर साल होली व ईद मिलन का आयोजन कर आपस में खुशियां बांटते हैं और एक दूसरे के सुख दुःख के बारे जानकारी हासिल करते हैं।

इस मौके पर मोहम्मद कलीम खान, वसी उल्ला आजाद, विनोद कुमार गुप्ता, अनिल सक्सेना, लक्ष्मण वर्मा, मोहम्मद इस्माइल, अनिल यादव, मोहम्मद शानू, मोहम्मद अफजाल, भानू यादव, घनश्याम यादव, मोहम्मद इरहान, मोहम्मद लावीक, मोहम्मद रफीक, लल्लन खां, मोहम्मद खालिद, महेश कुमार, मोहम्मद कलीम और बाबू आदि को सम्मानित किया गया।

ईद व होली मिलन के कार्यक्रम में व्यापारी को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित करते हुए।

- साप्ताहिक बाजार व्यापारी कल्याण समिति ने धूम-धाम से मनाया होली व ईद मिलन
- 21 व्यापारियों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया

बाजार में फिर दिखने लगे प्रतिबंधित पॉलीथिन के झोले

सब्जी, चाट के ठेलों से लेकर बड़ी दुकानों तक में दिए जा रहे पॉलीथिन के थैले, जिम्मेदार अनजान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम प्रशासन की लापरवाही से एक बार फिर प्रतिबंधित सिंगल यूज पॉलीथिन लोगों के हाथों में दिखना शुरू हो गई है। फल, सब्जी से लेकर चाट, फास्टफूड, दाल-चावल से लेकर जनरल स्टोर तक में ग्राहकों को प्रतिबंधित पॉलीथिन में सामग्री दी जा रही है।

जिम्मेदारों का दावा है कि प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया जाता है, तो फिर ठेलों, रेस्तरां से लेकर बड़ी दुकानों तक में उपयोग कैसे किया जा रहा है। उच्चाधिकारी कह रहे हैं कि अभियान चलेगा। यहां तक कि होलसेलर व इसे बनाने वाले निर्माताओं पर भी कार्रवाई की जाएगी। अभियान सिर्फ छोटे दुकानदारों तक ही सीमित नहीं रहेगा। जनवरी-2022 में केंद्र सरकार के निर्देश पर नगर निगम ने सिंगल यूज प्लास्टिक, कैरी बैग, थर्माकोल से बने कप, गिलास, प्लेट, चम्मच का उपयोग रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाए। इसके अलावा दुकानों और प्रतिष्ठानों में प्रतिबंधित पॉलीथिन मिलने पर कार्रवाई भी की गई। सख्ती बढ़ने पर लोग घरों से कपड़ों के थैले लेकर बाजार निकलने लगे थे। बाजारों में कई दुकानों में भी हल्के कपड़े या मोटे कागज के थैले में सामग्री दी जाने लगी थी। तब ऐसा लगा था कि प्रतिबंधित पॉलीथिन अब नहीं चलने दी जाएगी।

उत्पादन बंद हो तभी रुकेगा इस्तेमाल : फल, सब्जी और किराना दुकानदारों का कहना है कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का उत्पादन और बिक्री रोकी जाए, तभी इस्तेमाल बंद हो पाएगा। प्रवर्तन दल में तैनात रहे एक अधिकारी का कहना है कि शहर में कानपुर और गुजरात से प्रतिबंधित पॉलीथिन व थर्माकोल का सामान आता है। इसे रोका जाए तभी इस्तेमाल बंद हो सकता है।

पॉलीथिन में खीरे देता दुकानदार।

पॉलीथिन में टमाटर ले जाता युवक।

- नगर निगम का छापेमारी अभियान छोटे दुकानदारों तक सीमित

> प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। बाहर से स्टॉक लाया जा रहा है। स्टॉकिस्ट के गोदामों पर भी छापेमारी की जाएगी। जीएसटी विभाग से भी नगर निगम सीमा के व्यापारियों का डाटा लिया जा रहा है।
>
> -इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

100 क्विंटल पॉलीथिन जब्त वसूला 15 लाख का जुर्माना

वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया। इसमें 100 क्विंटल पॉलीथिन जब्त की गई और दुकानदारों से करीब 15 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया है।

मनमोहन सिंह मोहिनी को ज्ञानी दित्त सिंह अवार्ड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ.

अमृत विचार : आजाद लेखक कवि सभा उत्तर प्रदेश की ओर से पंजाबी साहित्य के पुरोधा पंथ रत्न ज्ञानी दित्त सिंह की स्मृति में गुरुद्वारा केन्द्रीय सिंह सभा आलमबाग लखनऊ के दीवान हाल में समारोह आयोजित किया गया। त्रिलोक सिंह बहल के स्वागत भाषण के बाद देवेन्द्र पाल सिंह बग्गा, ब्रिजिन्दर पाल सिंह, रवनीत कौर और गुरुद्वारा अध्यक्ष निर्मल सिंह ने ज्ञानी दित्त सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मनमोहन सिंह मोहनी और अजीत सिंह ने कविता पाठ किया।

आजाद लेखक कवि सभा उत्तर प्रदेश की ओर से दिया जाने वाला ज्ञानी दित्त सिंह अवार्ड सरदार मनमोहन सिंह मोहिनी को दिया गया। उन्हें यह अवार्ड वर्ष 2023 में उनकी उल्लेखनीय साहित्यिक सेवाओं के लिए दिया गया। नरेन्द्र सिंह मोंगा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का संचालन सरबजीत सिंह बख्शी ने किया।

मनमोहन सिंह मोहिनी को पुरस्कार देते पदाधिकारी। अमृत विचार

- पंजाबी साहित्य के पुरोधा पंथ रत्न ज्ञानी के जीवन पर प्रकाश डाला

कांग्रेस का सपा से गठबंधन अप्रासंगिक : बाबूराम निषाद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के डफरपुर में बोले राज्यसभा सांसद

अमृत विचार : चुनाव के दौरान बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने एवं कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कायम करने के मद्देनजर भाजपा ने रविवार को हैदरगढ़ और कुर्सी विधानसभा क्षेत्र में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया। कुर्सी विधानसभा के डफरपुर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद व मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस शून्य है। ऐसे में कांग्रेस का सपा से गठबंधन अप्रासंगिक है।
उन्होंने कहा कि हमारा बूथ अध्यक्ष ही राष्ट्रीय अध्यक्ष है। उन्होंने कहा कि भाजपा की तरफ से ऐसा प्रत्याशी आप लोगों के बीच में मिला है जो कि आपकी बहू भी है बेटी भी है और बहन भी है।

बड्डूपुर और निंदूरा बेलहरा फतेहपुर मंडल के कार्यकर्ताओं से कहा कि उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचा कर जिले में कमल खिलाना है। प्रत्याशी राजरानी रावत ने लोगों की समस्याओं के निदान का भरोसा दिलाया। विधायक साकेंद प्रताप वर्मा ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को अर्जुन के रूप में कार्य करना है।

भाजपा कर रही जनता को गुमराह : अरविंद सिंह गोप

सूरतगंज, बाराबंकी

▸▸ सूरतगंज के दौलतपुर गांव में आयोजित हुई चुनाव की चौपाल

अमृत विचार: सूरतगंज के दौलतपुर गांव में आयोजित चुनाव की चौपाल में पूर्व सांसद पीएल पुनिया के साथ पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि भाजपा जो अबकी बार में चार सौ पार का नारा दे रही है,वह सिर्फ जनता को गुमराह करने का तरीका है जबकि सच्चाई यह है, कि इस बार भाजपा यदि सत्ता में आई तो डीजल, पेट्रोल और तेल के दाम 400 के पार पहुंच जाएंगे।
उन्होंने कहा कि जनता ने इस झूठी सरकार को उखाड़ फेंकने का जो मन बना लिया है वह शत-प्रतिशत पूर्ण होगा। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से गठबंधन प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा।

कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रधान अमित सिंह ने माल्यार्पण कर सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में सदर विधायक सुरेश यादव, विधायक गौरव रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख ज्ञानू सिंह, बाबूराम मौर्य जिला अध्यक्ष अयाज अहमद कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष मोहसिन, पप्पू सिंह एवं कमलेश सिंह सहित प्रधान, बीडीसी और क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

संविधान बदलना चाहती है भाजपा : पी एल पुनिया

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

▸▸ कस्बा किन्तूर में ईद मिलन समारोह में बोले कांग्रेस नेता

अमृत विचार : यह सामान्य चुनाव नहीं है। इस चुनाव के दूरगामी परिणाम होंगे। ये बातें क्षेत्र के कस्बा किन्तूर में सपा नेता विनोद यादव की अध्यक्षता एवं नियाज अंसारी के संयोजन में आयोजित ईद मिलन समारोह को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेता पीएल पुनिया ने कहीं।

उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सभी को बराबरी का अधिकार देता है। भाजपा सरकार उस अधिकार को खत्म करने के लिए संविधान बदलना चाहती है। मोदी सरकार ने जो वादे किए थे, वह उन पर खरी नहीं उतरी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है उसे पूरा करती है। इसके साथ ही उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अपने पुत्र तनुज पुनिया के बारे में कहा कि वे पढ़े-लिखे समझदार व्यक्ति हैं जो हमेशा आपके सुख दुख में साथी रहेंगे। वहीं ईद मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सपा नेता पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप ने देश की खुशहाली और मजबूती के लिए लोगों से गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के लिए समर्थन मांगा।

बिना भेदभाव कर रहे सबका विकास : नितिन अग्रवाल

शाहाबाद, हरदोई

▸▸ कार्यकर्ता सम्मेलन में बोले आबकारी मंत्री

अमृत विचार : स्टेशन रोड स्थित एक मैरिज लॉन में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया और सपा, बसपा ने गुण्डों और माफियाओं को बढ़ावा दिया।

उन्होंने कहा कि योगी, मोदी ने न केवल भ्रष्टाचार खत्म किया, बल्कि गुण्डों और माफियाओं को मिट्टी में मिलाने काम किया है। श्री अग्रवाल कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सबको समान रूप से बिना किसी भेद-भाव के एक सूत्र में पिरोकर देश व समाज के विकास के लिए काम किया है।

आबकारी मंत्री ने कहा भाजपा के 10 वर्ष के शासन काल में भ्रष्टाचार का एक भी मामला प्रकाश में नहीं आया, जबकि कांग्रेस शासन में हर दिन भ्रष्टाचार का कोई न कोई मामला निकलकर सामने आता था। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि वह हमेशा की तरह क्षेत्र के लोगों के साथ उनके दुख-सुख में खड़े रहेंगे।

एक नजर

22 ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने 22 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्र के मुताबिक रविवार को पुलिस ने कैंट के स्टेट बैंक के पास जी नेट वाली गली निवासी शरद कुमार कनौजिया को मां विन्ध्यवासिनी वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के पीछे खाली मैदान के पास से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने उस पर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की है। ज्ञातव्य है कि पुलिस अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में उपरोक्त संदिग्ध पर कार्रवाई की गई है।

समाचार पत्र विक्रेता पर हमला, दरोगा ने की अभद्रता

हरदोई, अमृत विचार। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र में समाचार पत्र विक्रेता रविवार की सुबह कस्बा के दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित जब शिकायत लेकर थाने पर गया तो मौजूद दरोगा ने बदसलूकी करते हुए बैठा लिया और उसके साथ मारपीट की। हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के जोधनपुरवा गांव निवासी सूरज रविवार की सुबह लगभग करीब 6 बजे साइकिल से कस्बे में अखबार बांट रहा था। उसी समय हरपालपुर बाजार में तेज रफ्तार पिकअप के चालक सौरभ ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी, जिससे उसकी साइकिल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गई। समाचार पत्र विक्रेता ने जब विरोध किया तो आरोपी सौरभ व गौरव ने लाठी-डंडे और सरिया लेकर गालियां देते हुए उससे मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित को गर्दन व अन्य जगह काफी चोट आई।

पेड़ से टकराई कार, पिता और पुत्र की मौत, 6 लोग घायल

बेटी की ससुराल से शादी में शामिल होकर लौट रहे थे सभी

हरदोई

अमृत विचार: बेटी की ससुराल से वापस लौट रहे पिता और पुत्र की कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। घायलों को सवायजपुर सीएचसी से मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर दो लोगों को लखनऊ भेजा गया है। कार सवार शाहाबाद से एक शादी में शामिल होने के बाद वापस लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार रविवार की भोर पहर साण्डी थाने के मानीमऊ निवासी रईस खां (65) की बेटी शाहाबाद में ब्याही है। शनिवार को वहीं उसकी ननद की शादी थी। रईस खां अपने घर वालों के साथ शादी में शामिल होने के बाद रविवार की भोर पहर बड़े बेटे साकिब खां (45), महशर (43) पत्नी साकिब, छोटा बेटा शारिक खां (35), नूही (32) पत्नी शारिक खां, पोता हकीम (8) पुत्र साकिब, पोती रुमाना (9) पुत्री साकिब और एक वर्षीय शिजा पुत्री शारिक के साथ कार से वापस लौट रहे थे। सवायजपुर मोड़ पर अचानक सड़क पर सामने से जानवर आ गया, जिसे बचाने में कार अनियंत्रित हो गई और सड़क के किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। उस पर सवार सभी लोग बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए।

आनन-फानन में सवायजपुर सीएचसी पहुंचाया गया, जहां रईस खां और उसके बेटे साकिब की मौत हो गई,जबकि घायलों को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां से शारिक की पत्नी नूही और साकिब की पुत्री रुमाना को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

पेड़ से टकराकर क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार

दिल्ली में बैग का कारखाना चलाता था साकिब

मानीमऊ निवासी रईस खां के चार बेटों में सबसे बड़ा साकिब काफी होनहार था। उसका दिल्ली में बैग का कारखाना है और अच्छा कारोबार चल रहा था। वैसे तो रईस खेती-बाड़ी करते थे, छोटे बेटे शारिक की नौकरी लग गई। वह चिल्लौर के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक है। साकिब ईद पर कारखाना बंद कर गांव आया था। उसकी दिल्ली जाने की तैयारी थी, लेकिन उसी बीच बहन की ननद की शादी पड़ गई। बहन की ज़िद के चलते उसने शादी के बाद ही दिल्ली जाने का फैसला किया था, लेकिन उसी बीच हुए हादसे उसके घर वालों की खुशियां छीन ली।

शादी समारोह में खाना बनाते समय लगी आग

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : शादी समारोह में खाना बनाते समय चूल्हे से भड़की चिंगारी से लाखों रुपए की खाद्य सामग्री व गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से आग बुझाई। रविवार को बदोसराय क्षेत्र के ग्राम मेलारायगंज के बच्चूलाल की पुत्री रेश्मा यादव की बारात आनी थी। शादी में जनजातियों बरातियों के लिए खाना बनाते समय भडकी चिंगारी से पूरे घर में आग फैल गई। जिससे गांव में हाहाकार मच गया। ग्रामीण आग बुझाने में लग गए। इतने में ग्रामीणों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए फायर ब्रिगेड सिरौली गौसपुर को सूचित कर मौके पर बुलाकर आग बुझवाई। आग से राशन तेल शकर खोवा सब्जी, मसाला व गृहस्थी के सामान सहित लाखों रुपए की सम्पत्ति जल कर राख हो गई।

आकाश ने यूपी सरकार की तुलना तालिबानी सरकार से की

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

▸▸ बसपा के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर ने सीतापुर की चुनावी जनसभा में पीएम मोदी व सीएम योगी को घेरा

अमृत विचारः बहुजन समाज पार्टी के नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने रविवार को बसपा प्रत्याशी के समर्थन में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कि जो सरकार रोजगार नहीं दे सकती, पढ़ाई नहीं दे सकती, तो ऐसी सरकार का कोई हक नहीं है सत्ता में आने का। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग अगर आपके बीच आये तो जूता निकालकर रेडी कर लीजियेगा, क्योंकि वोट की जगह जूता मारने का समय आ गया है इनको। आरआर कॉलेज मैदान में लोकसभा सीतापुर, धौरहरा, मिश्रिख मोहनलालगंज सहित हरदोई और लखीमपुर सीट से बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करने के दौरान भाजपा और सपा पर जमकर हमला बोला।

योगी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश की बुलडोजर वाली सरकार गरीबों के घरों को उजाड़ने का काम कर रही है। बसपा सरकार ने महा माया आवास के जरिये गरीबों को घर देने का काम किया था। आकाश आनंद ने यूपी बीजेपी की तुलना तालिबान से करते हुए कहा कि ये आतंकवादियों की सरकार है। बोले- जो सरकार युवाओं को भूखा रखे, जो सरकार बड़े-बुजुर्गों को गुलाम बना कर रखे, ऐसी सरकार आतंकवादियों की सरकार होती है। ऐसी सरकार तालिबान व अफगानिस्तान में चलती है। आकाश आनंद ने कहा कि एनसीआरबी का डाटा कहता है कि उत्तरप्रदेश में 16000 से ज्यादा कैडनैपिंग हुई हैं, ये कैसी सरकार है जो हमारी बहन-बेटियों की रक्षा नहीं कर सकती है। रोजगार के मुद्दे पर पीएम मोदी के बयान पर पलटवार करते हुए आकाश आनंद ने कहा कि बसपा का युवा पकौड़े तलने के लिए डिग्रियां लेकर नहीं बैठा है। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक मामले पर सरकार को घेरते हुए बसपा नेता आकाश आनंद में कहा कि भाजपा सरकार युवाओं को रोजगार देना नहीं चाहती है।

पिटाई से गर्भ में बच्चे की मौत

हरदोई

▸▸ बच्चे को छीन रहे ससुराल वालों ने कर दी थी गर्भवती महिला की पिटाई

अमृत विचार : मायके में रह रही गर्भवती अपने तीन वर्षीय बेटे के साथ पूजा करने मंदिर गई हुई थी, उसी बीच उसे ससुराल वाले रास्ते में मिल गए। आरोप है कि बच्चे को छीन रहे ससुराल वालों ने गर्भवती की पिटाई कर दी, जिससे उसके बच्चे की गर्भ में ही मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ भी कहा जा सकता है।

अतरौली थाने के नई गढ़ी निवासी सुधीर कुमार का आरोप है कि उसने अपनी पुत्री सारिका की शादी उसी थाने के पितौली निवासी रामेन्द्र के साथ की थी। सारिका गर्भवती थी और करीब दो महीने से मायके में रह रही थी। शुक्रवार को सारिका अपने तीन वर्षीय पुत्र प्रदुम्न को साथ लेकर जंगली शिव मंदिर पूजा करने गई हुई थी। वहीं रास्ते में सास विमला, देवर श्यामवीर उर्फ़ छोटू और ससुर राजेन्द्र उसके पास पहुंचे और प्रदुम्न को अपने साथ ले जाने के लिए उसे छीनने लगे। सारिका ने विरोध किया तो ससुराल वालों ने उसकी पिटाई कर दी। सुधीर का कहना है कि घर पहुंचते ही सारिका की तबियत बिगड़ गई और प्रसव पीड़ा होने लगी। शनिवार को उसे सीएचसी भरावन ले जाया गया, जहां उसने मरे हुए बच्चे को जन्म दिया। पुलिस ने सुधीर की तहरीर पर बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

पिता ने लगाया बेटी की हत्या का आरोप

हरदोई, अमृत विचार : तीन बेटों की मां की संदिग्ध हालात में मौत के बाद पिता ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। उसका सवाल है कि यदि बेटी ने जहरीला पदार्थ खाया था तो ससुराल वाले इलाज के लिए कहीं ले क्यों नहीं गए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मल्लावां कोतवाली के कन्थरी निवासी सुंदरलाल ने करीब 12 साल पहले अपनी पुत्री सोनवती (30) की शादी कछौना कोतवाली के ज्ञानपुर के अमरपाल के साथ की थी। सोनवती के तीन बेटे गोपाल, छोटू और शिवा है। पिता सुंदरलाल का कहना है कि शनिवार को उसे पता चला कि सोनवती ने ज़हर खाकर आत्महत्या कर ली,जबकि उसका आरोप है कि शादी के बाद से ही सोनवती का पति दहेज़ में बाइक की मांग करते हुए उसकी पिटाई करता था।

चोरों ने स्कूल को बनाया निशाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ चोरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अमृत विचार : शातिर चोरों ने स्कूल और दो घरों का ताला तोड़ कर लाखों की ज्वैलरी और रोजमर्रा का सामान समेट लिया है। पीड़ितों की लिखित शिकायत पर बीकेटी, गुडम्बा और कृष्णानगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। चोरों की तलाश में पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी है।

बीकेटी प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह के मुताबिक, इंदौराबाग प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्या संध्या कश्यप ने स्कूल में हुई चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में प्रधानाचार्या ने बताया कि गत 25 अप्रैल की रात चोरों ने कार्यालय कक्ष का ताला तोड़कर शिक्षा विभाग से मिले दो टैबलेट, निजी लैपटॉप, प्रोजेक्टर, दो साउन्ड सिस्टम, स्टेशनरी का सामान समेत सरकारी अभिलेख पार कर दिए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। वहीं गुडम्बा थाना अंतर्गत शिवपुरी कॉलोनी मिश्रपुर निवासी उमेश कुमार निषाद गत 27 अप्रैल को सुबह करीब 11:45 बजे पत्नी के साथ स्कूल में पीटीएम के लिए थे। डेढ़ बजे पत्नी घर लौटी तब मेन गेट पर लटका ताला टूटा मिला। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने घर से सोने-चांदी के कीमती गहने समेत नकदी पार कर दी।

शादी में गए चाचा-भतीजे के साथ मारपीट

परसपुर, अमृत विचार : लड़की की शादी में न्योता करने गए चाचा भतीजे के साथ मारपीट किये जाने के मामले में चार आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लखनापुर निवासी मन्नू शिल्पकार अपने भाई रज्जन शिल्पकार व भतीजा राज कपूर के साथ शुक्रवार को समय लगभग रात्रि 09 बजे गुलाम शिल्पकार निवासी ग्राम बेलई आश्रम परसपुर के घर न्योता देने आये थे।

12 बीघे खेत में 15 फिट गहरी खोदाई कर बेच दी गई मिट्टी

आधा दर्जन गांवों में कई माह से मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर

सुढ़ियामऊ,बाराबंकी

अमृत विचार: क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में कई माह से मिट्टी का अवैध खनन जोरों पर है। प्रतिदिन अलग-अलग स्थानों पर खनन कर मिट्टी ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर दूसरी जगहों पर ले जाई जा रही है। गंगौरा गांव के पास तो करीब 12 बीघे खेत में 15फिट खोदाई कर मिट्टी बेच डाली गई है।
मोहम्मदपुर खाला थाना अन्तर्गत सूरतगंज क्षेत्र में मिट्टी के अवैध खनन का धंधा जोरों पर है। इलाके में विवियापुर, गगौरा, बसौली, बूढ़ानापुर,बनमऊ,पूरनपुर समेत आधा दर्जन स्थानों पर मिट्टी खनन का कार्य किया हो रहा है। गंगौरा गांव के पास खोदाई कर एक दर्जन ट्रैक्टर ट्रालियों से मिट्टी बेची जा रही है। खनन कारोबारी मिट्टी को ट्रैक्टर ट्रॉलियों में लादकर उसे अन्य जगहों पर भेज देते हैं। शिकायत के बावजूद अवैध खनन पर लगाम नहीं लगायी जा सकी है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के गंगौरा गांव के पास हो रहा मिट्टी खनन

खनन की स्वीकृति के ये हैं नियम

▸▸ परमिशन लेने वाले को ऐसी जगह से मिट्टी निकालनी होती है, जहां पर कोई सड़क, सार्वजनिक मार्ग, भवन या सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान न हो। ▸▸ तय मानक से अधिक मिट्टी निकालने पर यह अवैध खनन होगा। ▸▸ परमिशन के बाद भी अगर सरकार, न्यायालय का कोई नया आदेश आएगा तो उसका पालन करना होगा। ▸▸ खनन के आसपास के खेतों को कोई नुकसान नहीं होना चाहिए। ▸▸ खनन वाली जगह पर अगर पेड़ हो तो उसे नुकसान न पहुंचे। ▸▸ पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र के प्रभावी नियमों अधिसूचना एवं शर्तों के अनुसार खनन संविदा की जाएगी।

सब्ज़ी तोड़ने गए युवक की नदी में डूब कर मौत

हरदोई, अमृत विचार। गर्रा नदी के किनारे सब्ज़ी तोड़ने के बाद युवक नदी में नहाने लगा, उसी बीच वह गहरे पानी में डूब गया, वहां मौजूद उसके भाई का शोर सुनकर दौड़े लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पाली थाने के खारा कुआं बेनीगंज निवासी सूरज कश्यप (28) पुत्र शिवरतन कश्यप सब्ज़ी की खेती करता था। धर्मपुर गांव के पास गर्रा नदी उसका सब्ज़ी का खेत है। रविवार की सुबह सूरज अपने भाई अमित के साथ खेत पर सब्ज़ी तोड़ने गया हुआ था,जैसा कि अमित ने बताया कि सब्ज़ी तोड़ने के बाद सूरज वहीं गर्रा नदी में नहाने लगा, उसी बीच वह गहरे पानी में चला गया। इधर काफी देर बाद जब सूरज वापस नहीं आया तो अमित ने शोर मचाया, जिस पर आस-पड़ोस मौजूद लोग दौड़ पड़े। लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका।

घर के पास शराब पीने से मना करने पर मारा चाकू

सतरिख, बाराबंकी

▸▸ चौकीदार के पुत्र व उसके साथी पर आरोप

▸▸ पुलिस के अनुसार थाने पर नहीं आया पीड़ित

अमृत विचार : खेत से भूसा ढोकर घर पहुंचे मज़दूर द्वारा शराब पीने का विरोध करना महंगा पड़ गया। मज़दूर को पुलिस चौकीदार के पुत्र व अन्य लोगों ने जमकर लाठी डंडों से पीट दिया और चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सतरिख थाना क्षेत्र के पचासी गांव निवासी रामनरेश गांव में ही किसी किसान के खेत से ट्रॉली में भूसा भरने की मज़दूरी करने गया था। शनिवार की देर रात मज़दूरी कर वापस घर लौटा तो उसके घर के पास पड़े तख्त पर गांव के ही पुलिस चौकीदार जादू लाल का पुत्र बब्लू यादव व इनका साथी बराती लाल शराब पी रहे थे। शराब पीने का नरेश द्वारा विरोध कर दिया तो दोनों लोगों ने मिलकर लाठी-डंडों से उसे पीट दिया और चाकू से हमला कर दिया। जाति सूचक गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों फरार हो गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन उसका इलाज तक नहीं कराया गया। उसके बाद उसने स्वयं प्राथमिक उपचार करवाया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया का कहना है कि थाने पर हर पीड़ित की मदद की जाती है पीड़ित थाने पर नहीं आया है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

दबंगई

सिरौलीगौसपुर में कागज पर पानी दे रहे 2945 हैण्डपम्प, हकीकत कुछ और

लापरवाही

▸▸ ब्लॉक प्रशासन का दावा 195 हैंडपंप आंशिक रूप से ही खराब

▸▸ भीषण गर्मी में पेयजल संकट और गहराया

जयशंकर पाण्डेय, सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : इस भीषण गर्मी में गांवों में खराब पड़े हैण्डपम्पों की अब तक मरम्मत न कराये जाने से ग्रामीणों में स्वच्छ पेयजल का संकट गहराने लगा है। ग्रामीणों की शिकायतों के बावजूद जिम्मेदारों ने इस समस्या से अपना मुंह मोड़ लिया है। कई हैण्डपम्प जहां वर्षों से खराब पड़े हैं तो वहीं कुछ पर लोगों ने टुल्लू पंप लगाकर अपना कब्जा कर लिया है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार विकास खंड सिरौलीगौसपुर क्षेत्र में कुल 3140 हैण्डपम्प लगे हैं जिनमें 2945 चल रहे हैं तो वहीं मात्र 89 हैण्डपम्प पूरी तरह से खराब व 106 आंशिक रूप से खराब है्र। किन्तु धरातल पर हकीकत इसके बिलकुल विपरीत दिखाई पड़ रही है।

> गांवों में खराब हैंडपम्पों की जांच कराकर उन्हें ठीक कराया जाएगा। गर्मी में किसी को भी पेयजल की समस्या न हो, जिला प्रशासन इसका पूरा ध्यान रख रहा है। जो भी हैंडपंप रिबोर होने वाले हैं, उन्हें रिबोर भी कराया जायेगा।
>
> –अमित त्रिपाठी, बीडीओ, सिरौलीगौसपुर

केस 1

तहसील परिसर में खराब पड़ा हैंडपंप।

तहसील परिसर में ही चार हैण्ड पम्प काफी लम्बे समय से खराब पड़े हैं। यही नहीं तहसील आने वाले लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाए गए दो फ्रीजरों में से एक पूरी तरह खराब है। वरिष्ठ अधिवक्ता पुर्णेन्द्र सिंह ने बताया कि तहसील परिसर में खराब पड़े हैण्ड पम्पों के कारण पेयजल समस्या हो रही है।

केस 2



ढेखवामाफी में इस हाल में है हैंडपंप।

इसी तरह ग्राम पंचायत ढेखवामाफी में हरिश्चंद्र लोधी व मोहम्मद खलील के दरवाजे पर लगें हैंडपंप करीब एक साल से खराब पड़े हैं। इन लोगों ने बताया कि कई बार शिकायत के बाद भी हैण्ड हैंडपंप ठीक नहीं कराए गए। अब इस गर्मी में पेयजल के लिए मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है।

केस 3

पीठापुर में लगा खराब हैंडपम्प।

ग्राम पंचायत किंतूर, पीठापुर और ग्राम मटेहना में बहादुर यादव के दरवाजे पर लगा हैण्ड पम्प भी काफी समय से पानी नहीं दे रहा है। इसी प्रकार ग्राम अमराकटेहरा में सुरेंद्र यादव के दरवाजे का हैंडपंप करीब एक वर्ष से खराब है। इसके कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कुन्तेश्वर मंदिर के पास टुल्लू बांध कर हैंडपंप पर किया गया कब्जा।

राहगीरों को खरीदकर पीना पड़ता है पानी

ग्राम पंचायत बदोसरांय के मुख्य चौराहे पर एक भी इंण्डिया मार्का हैंडपंप नहीं लगा है। ऐसे में दुकानदारों और राहगीरों को शुद्ध पेयजल के लिए भटकना पड़ता है। क्योंकि लगभग सभी प्राइवेट और सरकारी वाहन यहां पर सवारियां उतारने व बिठाते हैं। ऐसे में आमजनों को मजबूरी में 20 रुपए में पानी की बोतल खरीद कर प्यास बुझानी पड़ती है। इस लेकर अधिकारी व प्रतिनिधि गंभीर नहीं हैं। स्थानीय लोगों व राहगीरों ने स्थानीय प्रशासन का ध्यान पेयजल समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

43 बीघे में बनेगा पुलिस मोटर यार्ड

मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार : जिला प्रशासन के निर्देश पर रविवार को राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी एवं प्रभारी निरीक्षक मसौली अरुण प्रताप सिंह की मौजूदगी मे बड़ागांव स्थित पुलिस मोटर यार्ड निर्माण के लिए भूमि की पैमाइश कर सीमा का चिह्नांकन किया गया। जिले के ग्राम पंचायत बड़ागांव में करीब चार हेक्टेयर भूमि पर मोटर यार्ड का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। इसमें जिले के सभी पुलिस थानों .में कबाड़ वाहन, चोरी किए गए या फिर चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए वाहनों को डंप किया जाएगा। ग्राम पंचायत बड़ागांव की एक भूमि पर करीब 43 बीघे मे डंपिंग यार्ड बनाया जायेगा। इसके अलावा इसी भूमि में करीब एक हेक्टेयर में अग्निशमन केंद्र का निर्माण होना है। रविवार को राजस्व निरीक्षक स्वामीनाथ सोनी व प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह हल्का लेखपाल भूमि की पैमाइश की।

पांच सालों में कराए विकास कार्यों से ज्यादा स्मृति इरानी रट रहीं राहुल का नाम

अमेठी लोकसभा सीट से अभी राहुल गांधी की प्रत्याशिता का कांग्रेस हाईकमान की तरफ से आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन स्मृति इरानी ने पहले उनके लिए रण छोड़ दास का शोर मचाया, अब पिछले कुछ दिनों से राहुल फिर लड़ने आ रहे हैं, का ऐलान करती घूम रही हैं। आखिर ऐसा क्या है कि जिस चुनाव में स्मृति इरानी को पांच साल में कराए गए विकास कार्यों की रट लगानी चाहिए थी, उस चुनाव में वह राहुल गांधी नाम का जाप कर रही हैं। हालांकि वह पांच साल में कराए गए अपने काम भी गिनाती हैं, लेकिन उतनी दमदारी से नहीं, जितनी गंभीरता उनके भाषणों में राहुल के नाम को लेकर नजर आती है। हालांकि सोमवार को नामांकन से पहले रविवार को स्मृति इरानी अयोध्या पहुंचकर रामलला का आशीर्वाद लिया।

2024 के आम चुनाव में भाजपा की तरफ से हाई प्रोफाइल चुनावी योद्धा केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी अपने बयानों से हमेशा चर्चा में रहती हैं। वह अमेठी से तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं, और वहां प्रचार में दिन-रात सक्रिय हैं। 2014 में अमेठी से इरानी हार गई थीं, जबकि 2019 में राहुल गांधी को हरा दिया था। अब अमेठी को उन्होंने घर बनाकर 'अपना' बना लिया है। राहुल गांधी को 2019 के पिछले आम चुनाव में परास्त कर ईरानी ने एक तरह से राजनीतिक रूप से भी 'बेघर' कर दिया था। राहुल गांधी का अमेठी में अपना कोई घर नहीं है। वह राजीव गांधी चाइल्ड टेबल ट्रस्ट या राजीव गांधी फाउंडेशन द्वारा संचालित संजय गांधी अस्पताल के गेस्ट हाउस से ही अपनी चुनावी गतिविधियां चलाते थे।

अमेठी में आशियाना बनाने के बाद भाजपा नेता केंद्रीय मंत्री ने खुद को मान लिया 'अजेय'

- पिछले चुनाव में 55,000 वोटों से जीत दर्ज कराने वाली स्मृति इरानी अब अमेठी की मतदाता बन चुकी हैं। चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही वह लगातार अमेठी संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क करने में जुटी हैं। अमेठी में अपना आशियाना बनाने के बाद उन्होंने खुद को 'अजेय' मान लिया है। इसी कारण गृह प्रवेश के मौके पर भी राहुल गांधी पर तंज करने से वह नहीं चूकी थीं।

राहुल का नाम लिए बिना पूरा नहीं होता भाषण

अब तो जैसे-जैसे चुनावी अभियान आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे स्मृति इरानी राहुल गांधी के नाम की 'रट' भी बढ़ाती चली जा रही हैं। उनका कोई भी भाषण राहुल का नाम लिए बिना पूरा ही नहीं होता जैसे कोई यज्ञ बिना 'स्वाहा' के संपन्न नहीं होता। हालांकि स्मृति इरानी का दावा है कि अमेठी में 5 साल में उन्होंने इतने काम कर दिए हैं जो प्रधानमंत्री रहते राजीव गांधी भी नहीं करा पाए थे। राहुल गांधी द्वारा कराए गए कामों को वह कोई काम मानती ही नहीं हैं, जबकि कांग्रेस के मीडिया प्रभारी अनिल सिंह इरानी के कराए तमाम कामों को राहुल गांधी द्वारा प्रारंभ किया हुआ बताते हैं। भाजपा कार्यकर्ता और आम मतदाता भी हैरान है कि आखिर सांसद स्मृति इरानी राहुल गांधी पर इतना हमलावर क्यों है? जिन्होंने अभी तक अमेठी से चुनाव लड़ने की घोषणा तक नहीं की है। हालांकि अब माना जा रहा है कि वायनाड के बाद राहुल गांधी अमेठी से भी चुनाव लड़ेंगे।

- रायबरेली के राजनीतिक विश्लेषक डॉ राम बहादुर वर्मा मानते हैं कि स्मृति इरानी इस समय 'राहुल फोबिया' से ग्रसित नजर आ रही हैं। कांग्रेस और गांधी परिवार रायबरेली और अमेठी के बारे में फैसला करने में देरी लगा रहा है। लेकिन स्मृति ईरानी पहले ही अपनी सभा में इस बात का ऐलान कर चुकी हैं कि 26 के बाद राहुल गांधी अमेठी आ जाएंगे। राहुल नाम रटने के पीछे एक यही कारण माना जा सकता है कि कोई उनसे 5 साल का हिसाब न मांगे और जवाबदेही तय न की जा सके, लेकिन सुल्तानपुर के वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना इसे सुनियोजित रणनीति मानते हैं। वह कहते हैं कि स्मृति इरानी उस रणनीति पर अमल कर रही हैं जिसमें कहा जाता है कि इतना शोर करो कि दुश्मन आने की हिम्मत ही न जुटा पाए। वह यह भी कहते हैं कि इसकी वजह देने वाले भी खुद राहुल गांधी हैं, हारने के बाद अगर वह पांच साल वह अमेठी से अपना संपर्क न तोड़ते तो आज इरानी के इन हमलों का जवाब जनता खुद दे रही होती। उनका मानना है कि राहुल पर हमले इसलिए ज्यादा प्रसारित हो रहे हैं कि मीडिया भाषण के उन्हीं अंशों को हाईलाइट करता है, जो चटपटे हों। अब अमेठी के मतदाता तय करेंगे कि राहुल नाम की रट स्मृति इरानी को चुनावी वैतरणी पार कराएगी या उनका वोट बैंक चट कर जाएगी। अमेठी में नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है लेकिन गांधी परिवार अभी उम्मीदवार तय नहीं कर पाया है। – गौरव अवस्थी

सराहनीय

बच्चा भूख से रोया तो रोकी ट्रेन, दूध के लिए दिया गर्म पानी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार : भारतीय रेल सोशल मीडिया पर मिली शिकायतों का लगातार संज्ञान लेकर उनका समाधान करता रहता है। कई बार ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों की तबीयत बिगड़ने पर भारतीय रेल उनको दवा से लेकर डॉक्टर तक उपलब्ध कराता है। इसी कड़ी में रविवार को रेलवे ने दून एक्सप्रेस में परिजनों के साथ सफर कर रहे बच्चे को भूख लगने पर उसके दूध के लिए गर्म पानी उपलब्ध कराया है।

हरदोई स्टेशन अधीक्षक विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि एक परिवार अपने एक वर्षीय बच्चे के साथ वाराणसी से हरिद्वार के बीच 13009 दून एक्सप्रेस में यात्रा कर रहा था। ट्रेन के लखनऊ निकलने के बाद बच्चे को भूख लगी, परिजनों के पास दूध पाउडर तो था लेकिन दूध बनाने के लिए गर्म पानी नहीं था। इस पर यात्री ने सोशल मीडिया पर रेल प्रशासन से गर्म पानी की मांग की। यात्री की मांग पर रेलवे बोर्ड तुरंत हरकत में आया और मुरादाबाद मंडल को इस बाबत निर्देशित दिया। रेलवे बोर्ड से प्राप्त निर्देशों का मंडल रेल कार्यालय मुरादाबाद में संज्ञान लेते हुए सीएमआई मनीष बाजपेई को तत्काल दूध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएमआई मनीष बाजपेई ने तत्परता दिखाई और रेल नीर की बोतल को खुलवाकर पानी गर्म कराया और संडीला रेलवे स्टेशन पर दून एक्सप्रेस के पहुंचते ही बच्चे के परिजनों को गर्म पानी उपलब्ध कराया। इसके बाद दंपति ने दूध बनाकर बच्चे को पिलाया। रेलवे ने बच्चे की सलामती के लिए दंपति यात्री को दूध भी फ्री में दिया। रेल यात्री ने इस संवेदनशीलता और तत्परता के लिए सीएमआई मनीष बाजपेई, मंडल के अधिकारियों, रेलवे बोर्ड के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। पैंट्री कार रेलवे प्रणाली का सबसे अहम हिस्सा है। लेकिन इस ट्रेन में पैंट्री कार का डिब्बा नहीं था।

> इस ट्रेन में पैंट्री की सुविधा उपलब्ध नहीं थी। ट्रेन सिर्फ 1 मिनट के लिए संडीला स्टेशन पर रूकती है, इतने समय में गर्म दूध की व्यवस्था नहीं हो सकती थी। इसलिए डीआरएम मुरादाबाद ने तत्काल दूध उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिसके लिए ट्रेन कुछ समय के लिए रोकी गई। दूध उपलब्ध कराने के बाद ट्रेन रवाना की गई।
>
> –विजय कुमार सिन्हा, स्टेशन अधीक्षक हरदोई,

रामलला के समक्ष पांच मिनट तक हाथ जोड़े खड़ी रहीं स्मृति इरानी

अयोध्या, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में अमेठी सीट पर नामांकन करने से पहले भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी ने रविवार को रामलला का दर्शन किया। उन्होंने रामलला की वंदना की और विजयीभव : का आशीर्वाद मांगा। इसके बाद हनुमानगढ़ी पर पूजा अर्चना कर मणि रामदास छावनी पहुंचीं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास सहित प्रमुख संत-महंतों का आशीर्वाद लिया। स्मृति इरानी अमेठी स्थित अपने आवास से सड़क मार्ग से सीधे रामलला के दरबार में पहुंचीं। शीश झुकाया और पांच मिनट तक हाथ जोड़ रामलला के समक्ष खड़ी रहीं। अपनी भावनाओं को मीडिया से साझा करते हुए कहा कि मैंने श्रीरामलला के चरणों में राष्ट्र की प्रगति, देश के प्रधान सेवक के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

किशोरी के चेहरे पर गर्म सलाई से नाम लिखने वाले को भेजा जेल

फॉलोअप

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

▸▸ दुष्कर्म की हुई थी पुष्टि, पुलिस ने किशोरी के बयान के आधार पर धाराएं बढ़ाईं

अमृत विचार: धौरहरा क्षेत्र में एक किशोरी को बंधक बनाकर उसके चेहरे पर लोहे की सलाई गर्म कर अपना नाम लिखने वाले सिरफिरे प्रेमी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इसके बाद कोर्ट से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने किशोरी के बयान के आधार पर धाराएं बढ़ाई हैं। पॉक्सो एक्ट भी लगा है। एसपी साहा ने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से मामले में कोई निर्देश अथवा डीजीपी ने बयान आदि तलब नहीं किए हैं। बीते दो दिन पहले धौरहरा में बात न करने से नाराज 16 साल की किशोरी को दर्दनाक सजा दी गई थी। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि 19 अप्रैल की सुबह 11: 30 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री परचून की दुकान पर सामान लेने गई थी। वापस घर जाते समय रास्ते में गांव के ही एक युवक ने उसको उठा लिया था और अपने घर में तीन दिनों तक बंद करके शारीरिक यातनाएं दीं थीं। बेटी जब घर नहीं पहुंची तो वह उसकी तलाश कर रही थी। तीसरे दिन शाम को किसी तरह से चंगुल से छूटी पुत्री घर पहुंची और पूरी बात बताते हुए आरोपी के खिलाफ तहरीर दी थी, जिस पर पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की थी। आरोप है कि आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया था और यह किसी और की न हो सके, इसलिए उसने किशोरी के गाल पर दाग दिया था। पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर रिपोर्ट तो लिखी, लेकिन उसने तमाम बातों का जिक्र नहीं किया था। यहां तक कि आरोपी को पकड़ा भी नहीं गया। पुलिस शुरू से ही मामले को प्रेम प्रसंग बता रही थी। नाराज पीड़ित किशोरी अपनी मां के साथ 26 अप्रैल को एएसपी पवन गौतम से मिली थी और पूरी घटना बताई थी। एएसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी अमन सलमानी के खिलाफ दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ाई थी।

> विवेचना में धाराएं भी बढ़ाई गई हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय से मामले में कोई निर्देश अथवा डीजीपी ने बयान आदि तलब नहीं किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।
>
> –गणेश प्रसाद साहा, एसपी

रेलवे संग करें तीर्थयात्रा, 17 मई को रवाना होगी ट्रेन

नई दिल्ली, अमृत विचार। भारत गौरव टूरिस्ट ट्रैन से रामलला संग काशी विश्वनाथ, जगन्नाथ धाम, गंगासागर तीर्थ जैसे कई महत्वपूर्ण सनातनी धार्मिक स्थलों के दर्शन कर सकते हैं। श्रद्धालुओं की मांग पर भारतीय रेल ने यह फैसला लिया है। यह यात्रा 17 मई 2024 को उदयपुर से रवाना होकर वाया चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, जयपुर और से सवारियां लेती हुई जाएगी। इस यात्रा की अवधि 12 दिन की है जिसमें पुरी में जगन्नाथ धाम, कोणार्क के सूर्य मंदिर, गंगासागर तीर्थ, कोलकाता के काली घाट मंदिर, जसडीह में बैधनाथ धाम, गया में महाबोधी मंदिर व विष्णुपद मंदिर, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर, गंगा आरती व अन्य स्थानीय मंदिर तथा अयोध्या में नवनिर्मित रामलला मंदिर व हनुमानगढ़ी तीर्थ जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण सनातनी धार्मिक स्थलों के दर्शन का मौका मिलेगा। आईआरसीटीसी के संयुक्त महाप्रबंधक/ पर्यटन योगेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि भारत गौरव टूरिस्ट ट्रैन का यह रेक पूर्णतय त्रेतिया श्रेणी वातानुकूलित यात्री बोगी से सुसज्जित है। जिससे कि इस गर्मी के मौसम में यात्रियों को कोई असुविधा न हो। यात्रा को दो श्रेणियों 'स्टैण्डर्ड केटेगरी' व 'कंफर्ट केटेगरी' में विभाजित किया गया है। स्टैण्डर्ड केटेगरी का मूल्य 26,660 रखा गया है जिसमे ए सी ट्रैन, नॉन- ए सी आवास तथा नॉन- ए सी बसों की व्यवस्था रहेगी। कंफर्ट केटेगरी का मूल्य 31,975 रखा गया है जिसके अंतर्गत ए/ सी ट्रैन के साथ ए/ सी आवास एवं ए सी बसों की सुविधा मिलेगी। कन्फर्म बर्थ के साथ-साथ होटल-आवास, खानपान सेवा, ट्रांसपोर्टेशन व मन्दिर दर्शन की सुविधा भी प्रदान करवाई जाएगी। यात्री इस पैकेज की विस्तृत जानकारी व्हाट्सएप्प नंबर 9001094705, 8595930998 से भी प्राप्त कर सकते हैं। इन पैकेज की बुकिंग सुविधा आई .आर .सी .टी .सी . की वेबसाइट www.irctctourism.com पर भी उपलब्ध है। इसके अलावा आईआरसीटीसी क्षेत्रीय कार्यालय : 708, 7 वी मंजिल क्रिस्टल मॉल, बनीपार्क, कलेक्ट्रेट सर्किल के पास जयपुर, (राजस्थान) में आकर भी करवा सकते है। सम्बंधित विवरण फ़ोन न . 9001094705, 8595930998 से भी लिया जा सकता है।

आज से चलेगी सहरसा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन

नई दिल्ली, उत्तर रेलवे अमृत विचार। सहरसा अनारक्षित स्पेशल 29 अप्रैल2024 को चलेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए और अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए उत्तर रेलवे 29 अप्रैल 2024 को 04038 नई दिल्ली-सहरसा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाएगा। यह 20 .15 बजे नई दिल्ली से प्रस्थान करेगी। 12554 के रास्ते में यह गाजियाबाद, कानपुर सेंट्रल, ऐशबाग, बाराबंकी, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, छपरा, सोनपुर, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगुसराय और खगड़िया स्टेशन पर रुकेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी।

डंपर की टक्कर से पलटी कार, बचा परिवार

कानपुर। यशोदा नगर फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार डंपर की टक्कर से कार पलट गई। हादसे में कार सवार बैंक मैनेजर का परिवार बाल-बाल बच गया लेकिन घटना के कुछ समय बाद बैंक मैनेजर की मां की घर में मौत हो गई। सदमे से उनकी मौत की चर्चा रही।

लखनऊ, जानकीपुरम-वन निवासी अजय श्रीवास्तव यूको बैंक में मैनेजर हैं। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर वह अपनी कार से पत्नी रंजना, बेटे हर्षित और बेटी शैलवी के साथ नौबस्ता निवासी साढ़ू राहुल के घर जा रहे थे। यशोदा नगर फ्लाईओवर पर पीछे से आ रहे डंपर ने कार में टक्कर मार दी जिससे कार पलट गई। हादसे में सभी मामूली रूप से चुटहिल हुए। डंपर छोड़कर चालक फरार हो गया। नौबस्ता पुलिस ने मैनेजर के परिवार को सकुशल बाहर निकाला और डंपर जब्त कर लिया। इसके बाद चकेरी, हरजेंदर नगर स्थित जेके कालोनी निवासी अजय की मां शैल कुमारी (85) की घर में मौत हो गई। चर्चा होने लगी कि हादसे की जानकारी मिलने पर सदमे में आने से उनकी मौत हो गई, लेकिन परिजनों ने इस बात से इंकार किया।

भंडारे से लौट रहे युवक की गोली मारकर हत्या

कौशांबी, अमृत विचार। भंडारे से वापस लौटते समय देर रात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। थाना पिपरी क्षेत्र के दुर्गापुर गांव में शनिवार को भैरव बाब मंदिर में भंडारे का आयोजन किया गया था। जहां रामानुज पुत्र राजाराम (32) निवासी दुर्गापुर गांव से भैरव बाबा मंदिर भंडारे में प्रसाद लेने गया हुआ था। वह भंडारा खाकर वापस लौट रहा था। उसी दौरान यह घटना हो गयी।

मैनपुरी लोकसभा सीट

विरासत की रियासत में बदलाव की चाहत

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव की बड़ी बहू और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पांचवी बार लोकसभा का चुनाव लड़ने के लिए परिवार की परंपरागत मैनपुरी सीट के मैदान में दोबारा उतरी हैं। डिंपल यादव ने अपना पहला चुनाव वर्ष 2009 में फिरोजाबाद लोकसभा सीट से सिने स्टार और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राज बब्बर के खिलाफ लड़ा था। इस चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद डिंपल 2012 में कन्नौज लोकसभा सीट से उपचुनाव में उतरीं, जहां उन्हें सफलता मिली और सांसद बनी। 2014 के आम चुनावों में भी कन्नौज सीट से जीत हासिल की, लेकिन 2019 में कन्नौज की जनता ने उन्हें नकार दिया और भाजपा के प्रत्याशी सुब्रत पाठक को जिताकर संसद भेजा। इससे पहले मैनपुरी सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल यादव जीत का परचम फहरा चुकी है, यहां से लगातार दूसरी जीत का रिकॉर्ड कायम रखने के लिए सपा ने उन पर दूसरी बार दांव लगाया है। भाजपा ने सपा के इस मजबूत गढ़ को तोड़ने के लिए प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह तो बसपा ने यादव वोटों में सेंध लगाने की रणनीति के तहत शिवप्रसाद यादव को मैदान में उतारकर इस बार मैनपुरी का चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

डिंपल यादव के सामने भाजपा के मैनपुरी से विधायक, मंत्री जयवीर सिंह तथा बसपा के शिव प्रताप यादव की दोहरी चुनौती

क्या एमपी के सीएम मोहन यादव साबित हो सकते हैं तुरुप का इक्का

- भाजपा अपने प्रत्याशी जयवीर सिंह को जिताने के लिए हर दांव चल रही है। यादव वोट तोड़ने के लिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को लगाया गया है। उन्होंने अखिलेश यादव को आड़े हाथ लेते हुए साफ कहा कि मैनपुरी कभी सपा का गढ़ थी, लेकिन अब सब मोदी मय हैं। उधर, अखिलेश यादव आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा ने डिवाइड एंड रूल के तहत मोहन यादव को यहां प्रचार का जिम्मा सौंपा है।

पिछले चुनाव में जीत का अंतर कम होना सपा के लिए चिंता का कारण

- मैनपुरी लोकसभा सीट जिसे 2014 और 2019 की मोदी लहर में भी भाजपा जीत नहीं पाई। सपा यहां लाखों वोटों से चुनाव जीतती रही। लेकिन 2019 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने यहां से जीत तो दर्ज की पर पहली बार ऐसा हुआ कि उनकी जीत का अंतर एक लाख से नीचे सरक गया। सपा-बसपा गठबंधन के बाद भी मुलायम सिंह भाजपा के प्रत्याशी प्रेम सिंह शाक्य को 94 हजार वोटों से ही हरा सके। कांग्रेस ने भी इस चुनाव में प्रत्याशी नहीं उतारा था। हालांकि 2022 में मुलायम सिंह के निधन के बाद हुए उपचुनाव में सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के लिए पूरे सैफई कुनबे ने ताकत लगाई और पार्टी ने जीत का अंतर 2 .88 लाख पहुंचा दिया। लेकिन 2019 की स्थितियां सपा के लिए चिंता का सबब मानी जा रही हैं।

सपा भी कर रही क्षत्रिय मतदाताओं को साधने का प्रयास

- मैनपुरी सीट पर लगभग दो लाख क्षत्रिय मतदाता हैं, इन्हें साधने के लिए सपा भी पत्ते चल रही है। भाजपा से नाराजगी की बात उठाई जा रही है। डिंपल यादव खुद इस काम में जुटी हैं। दरअसल, डिंपल का मायका पक्ष ठाकुर है तो ससुराल यादव परिवार में है। इस बात से यादव-ठाकुर के बीच संबंध जोड़ा जा रहा है। डिंपल यादव के पिता सेना में कर्नल थे। उनकी बहन उनके प्रचार में साथ निभा रही हैं, तो इस बार बेटी अदिति भी सक्रिय है।

जयवीर सिंह कद्दावर नेता पूरा परिवार राजनीति में

मैनपुरी लोकसभा सीट पर वर्ष 2019 के चुनाव भाजपा ने वोट प्रतिशत के लिहाज से बड़ी उछाल लगाकर सपा के सामने जोरदार चुनौती पेश की थी। इसके चलते इस बार सपा प्रत्याशी डिपल यादव के सामने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को चुनावी मैदान उतारे जाने से भाजपाई उत्साह में हैं। जयवीर सिंह का मैनपुरी से पुराना नाता रहा है। वह जिले की घिरोर विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2002 में बसपा के टिकट पर विधायक बने लेकिन सपा में शामिल होकर मुलायम सरकार में राज्यमंत्री बने। लेकिन वर्ष 2007 में उन्होंने फिर बसपा से ही चुनाव लड़ा और विधायक चुने गए। इस बार भी वह प्रदेश सरकार में मंत्री बने। वर्ष 2022 में उन्होंने मैनपुरी विधानसभा सीट पर सपा के वर्चस्व को तोड़कर जीत हासिल की थी। जयवीर सिंह 2012 और 2018 में विधान परिषद के सदस्य भी चुने जा चुके हैं। उनकी पत्नी राजकुमारी चौहान 2009 में अलीगढ़ से बसपा के टिकट पर सांसद चुनी गई थीं। पुत्र अरविंद सिंह 2014 में बसपा से अलीगढ़ लोकसभा सीट पर चुनाव लड़े थे और दूसरे नंबर पर रहे थे। 2019 के लोकसभा चुनाव में अरविंद सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर गौतमबुद्ध नगर से चुनाव लड़ा था।

2022 उपचुनाव मुकाबला

दल	उम्मीदवार	वोट	%
सपा	डिंपल यादव	6,18,120	64 .08
भाजपा	रघुराज सिंह शाक्य	3,29,659	34 .18

2019 लोकसभा चुनाव परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
सपा	मुलायम सिंह यादव	5,24,926	53 .75
भाजपा	प्रेम सिंह शाक्य	4,30,537	44 .09

उपचुनाव 2014 उप चुनाव का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
सपा	तेज प्रताप सिंह यादव	6,53,786	64 .46
भाजपा	प्रेम सिंह शाक्य	3,32,537	32 .79

2014 लोकसभा चुनाव परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
सपा	मुलायम सिंह यादव	595,918	59 .63
भाजपा	शत्रुघ्न सिंह चौहान	2,31,252	23 .14
बसपा	डॉ. संघमित्रा मौर्य	1,42,833	14 .29

मतदाताओं का अनुमानित जातीय गणित

यादव	4 .20 लाख
शाक्य	3 .25 लाख
क्षत्रिय	1.90 लाख
जाटव	1.20 लाख
अन्य दलित	90 हजार
ब्राह्मण	1.10 लाख
लोधी	1.05 लाख
वैश्य	70 हजार
मुस्लिम	85 हजार

1996 से अजेय सपा का किला फतह करने के लिए भाजपा इस बार कर रही धुंधाधार प्रचार, झोंकी जोरदार ताकत

2002 में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे जयवीर सिंह, बाद में सपा में शामिल हो गए थे और मंत्री बने थे

कमजोर नहीं बसपा की चुनौती, घोसी यादव वोटों में सेंधमारी

बसपा ने मैनपुरी में नामांकन से पहले अपना प्रत्याशी बदल दिया था। अब पार्टी की ओर से भरथना के पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव चुनावी मैदान में हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने मैनपुरी सीट पर जातीय समीकरण देखते हुए पहले डा. गुलशन शाक्य को प्रत्याशी बनाया था। लेकिन नामांकन से पहले उनकी टिकट काट दी। इस पर डा. गुलशन शाक्य अब सपा में शामिल हो चुके हैं। बसपा प्रत्याशी शिव प्रसाद यादव मूल रूप से औरेया के बिधूना क्षेत्र के गांव हरदू के रहने वाले हैं। उनकी पहचान शिक्षाविद् के रूप में है। उन्होंने वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर भरथना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था और सपा के प्रदीप यादव को हराकर विधायक बने थे। वह घोसी यादव समाज से आते हैं। शिव प्रसाद यादव भाजपा में भी रह चुके हैं। उन्होंने अपनी सर्वजन सुखाय पार्टी भी बनाई थी। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले दोबारा बसपा में शामिल हो गए थे। जानकारों का मानना है कि उन्हें मैनपुरी लोकसभा सीट से बसपा ने यादव मतदाताओं में सेंधमारी की तैयारी कर रही है। सपा प्रत्याशी डिपंल यादव कमरिया यादव समाज से आती हैं, जबकि मैनपुरी में करीब 33 प्रतिशत यादव मतदाता घोसी बिरादरी के हैं।

28 साल पहले मुलायम ने फहराया परचम, फिर मैनपुरी बन गई पारिवारिक सीट

- 1992 में समाजवादी पार्टी की स्थापना करने वाले मुलायम सिंह यादव 1996 का लोकसभा चुनाव मैनपुरी से जीते थे। इसके बाद वर्ष 1998 और 1999 में सपा के टिकट से बलराम सिंह यादव यहां से चुनाव जीतकर सांसद बने। 2004 में फिर से मुलायम सिंह यादव मैनपुरी से सांसद चुने गए। लेकिन उन्होने प्रदेश की सियासत में रहने का फैसला लेते हुए इस सीट से त्यागपत्र दे दिया था। इसके बाद साल 2004 में हुए लोकसभा के उप चुनाव में मुलायम के भतीजे धर्मेंद्र यादव मैनपुरी से चुनाव जीते। 2009 और 2014 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मुलायम सिंह यादव यहां से सांसद बने। साल 2014 में मुलायम सिंह यादव आजमगढ़ और मैनपुरी दोनों लोकसभा सीटों पर चुनाव जीते। इसके बाद उन्होने मैनपुरी सीट छोड़ दी। एक बार फिर सीट रिक्त हुई और उपचुनाव हुए तो परिवार के तेजप्रताप सिंह यादव सांसद बने। वह मुलायम सिंह के बड़े भाई रतन सिंह यादव के पौत्र हैं।

नेताजी के कारण हुए तीन बार उपचुनाव

- 2014 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर का असर मैनपुरी सीट पर देखने के नहीं मिला था। नेताजी मुलायम सिंह जीते और उनके सीट छोड़ने के बाद हुए उपचुनाव में उनके पौत्र तेजप्रताप को 65 प्रतिशत वोट मिले। मुलायम सिंह यादव ने 2004 में भी मैनपुरी से जीतने के बाद सीट छोड़ी थी। इसके बाद धर्मेंद्र यादव यहां से उपचुनाव जीते थे। मैनपुरी सीट पर तीसरी बार उपचुनाव मुलायम सिंह के निधन के कारण 2022 में हुए।

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविन: ॥

पांच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पांच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

संपादकीय

युवा बेरोजगारी अधिक

भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है। परंतु अर्थव्यवस्था में होने वाली वृद्धि उन लाखों युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर पा रही है, जो हर साल श्रम बाजार में प्रवेश कर रहे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति विरोधाभाषी है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (अईएलओ) की हाल में जारी रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो बेरोजगार कार्यबल है, उनमें लगभग 83 फीसद युवा हैं। आईएलओ की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी कौशल की कमी है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने स्वीकार किया है कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। दरअसल पिछले कुछ दशकों में अधिकांश वृद्धि भारत के सेवा क्षेत्र के विस्तार की वजह से हुई है, जो कि विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में उतने रोजगार नहीं पैदा कर पाती है। हालांकि, कृषि और निर्माण क्षेत्र में नौकरियां काफी हैं, लेकिन इन क्षेत्रों में उतने कुशल श्रमिक नहीं मिल पा रहे हैं जितनी उम्मीद की जाती है। यही वजह कि नव शिक्षित वर्ग श्रम क्षेत्र की मांगों को पूरा नहीं कर पा रहा है। यानी, उन क्षेत्रों में नौकरियां भी हैं और नौकरी चाहने वाले भी, लेकिन काम के हिसाब से योग्यता और कौशल की कमी है। पिछले तीन वर्षों में सरकार ने अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और रोजगार पैदा करने के तौर पर सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे पर खर्च बढ़ाया है। इन तमाम प्रयासों के बावजूद, युवाओं के लिए रोजगार सृजन अपर्याप्त है जो कि आईएलओ की रिपोर्ट से पता चल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा बेरोजगारी स्नातक डिग्री धारकों में पाई गई। इनमें महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित समूह था जबकि भारत उन देशों में से एक है जहां महिला श्रम बल भागीदारी दर दुनिया में सबसे कम, करीब 25 फीसदी है। ऐसे में गैर-कृषि रोजगार बढ़ाने के लिए नीतियों में बदलाव की जरूरत भी जोर है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है।

कैसे बहने लगी पूर्वोत्तर में बदलाव की बयार

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है।

बीती 26 अप्रैल को लोकसभा की देशभर के अलग-अलग राज्यों में फैली 88 सीटों के लिए मतदान हुआ, पर एक खास बात की कमोबेश अनदेखी ही हुई। दूसरे चरण की पोलिंग में मणिपुर में 77.18 फीसद और त्रिपुरा में 78.53 फीसद तक मतदान हुआ। इन दोनों राज्यों जितना अधिक मतदान देश में कहीं नहीं हुआ। इससे पहले, पहले दौर के मतदान में मेघालय में 70.26 फीसद, मिजोरम में 54.18 फीसद, नगालैंड में 56.77 फीसद, त्रिपुरा और मणिपुर में क्रमश: 89 फीसद से कुछ कम और लगभग 70 फीसद मतदान हुआ। यही नहीं, कहीं कोई हिंसा भी नहीं हुई।

मतदान के ये आंकड़े बहुत कुछ साफ-साफ कहते हैं। ये उन तमाम लोगों को शांत करवाने के लिए काफी हैं, जो दावा करते थे कि पूर्वोत्तर राज्यों में शांति अभी दूर की संभावना है। सच तो यह है कि पूर्वोत्तर भारत की सफलता की कहानी बनकर उभरा है। पूर्वोत्तर से देश भर संदेश गया है कि कोशिश हो तो जटिल विवाद हल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्षों में कई खूंखार उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए और 9,500 से अधिक उग्रवादी आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में शामिल हुए। बेहतर सुरक्षा स्थिति के कारण, पूर्वोत्तर के 80 प्रतिशत हिस्से से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) हटा लिया गया है।

पिछली सरकारों द्वारा वास्तविक समस्याओं का समाधान किए बिना सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम (एएफएसपीए) को लगातार बढ़ाया गया। इसे त्रिपुरा और मेघालय से पूरी तरह हटा लिया गया है और मणिपुर, मिजोरम और अरुणाचल प्रदेश के अधिकांश जिलों में इसका अस्तित्व समाप्त हो गया है। बेशक, यह क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की सुधरती स्थिति की ओर इशारा करता है। देश के लिए सिरदर्द बनने वाले उल्फा, यूएनएलएफ, डीएनएलएफ, एनएलटीएफ जैसे संगठन शांति स्थापित करने के लिए तैयार हुए और उनके कैडर देश- प्रदेश की मुख्यधारा में शामिल हो गए। इन उग्रवादी संगठनों के हजारों कैडरों ने आत्मसमर्पण कर दिया और उन्हें पुनर्वासित किया जा रहा है।

दरअसल पूर्वोत्तर राज्यों में अशांति का लंबा इतिहास रहा है। यहां उग्रवाद, अवैध घुसपैठ और अन्य समस्याओं के कारण पूरा क्षेत्र पक्षाघात की स्थिति मे ला कर खड़ा कर दिया गया था। कहना पड़ेगा कि पिछली सरकारों ने कोई ठोस कदम नहीं उठाए। यही नहीं, पूर्वोत्तर राज्य की पुरानी समस्याओं को हल करने की तरफ ध्यान नहीं दिया गया, जिसका परिणाम यह हुआ की यह सारा क्षेत्र जलने लगा। ऐसा प्रतीत होता है जैसे वहां की जनता को मूर्ख बना कर उनका ध्यान भटकाया जाता रहा।

नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने पहले कार्यकाल से ही पूर्वोत्तर राज्यों पर विशेष ध्यान दिया है। यह एक ऐसा क्षेत्र है जो विकास के लिए केंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर है। यह सब होने के बावजूद इसकी घोर उपेक्षा की गई। अगर पूर्वोत्तर राज्य अब अमन की तरफ पूरी तरह से बढ़ रहे है तो इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके तेज तर्रार गृह मंत्री अमित शाह को देना होगा। अमित शाह के पास एक रणनीतिक दृष्टिकोण है जो उनके सभी पूर्ववर्तियों को भी मात देता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' मंत्र को अमित शाह ने पूर्वोत्तर में मन से लागू किया। केंद्रीय गृह मंत्रालय की सक्षम मध्यस्थता के कारण अग्रवादी संगठनों को शांति का रास्ता अपनाना पड़ा। इससे यह साबित होता है कि, अगर इरादे हों तो जटिल मुद्दों को भी हल किया जा सकता हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में उग्रवाद और विद्रोह के बढ़ते मामलों के कई कारण रहे हैं। लेकिन सबसे मुख्य कारण क्षेत्र के विकास के प्रति लापरवाही बरतने का है। जिसके लिए लगातार कांग्रेस की सरकारें ही जिम्मेदार रही हैं। एक बात जान लेना होगा कि अगर किसी मसले का ईमानदारी से हल खोजा जाए तो फिर हल निकलता ही है। पिछले दसेक सालों के दौरान

पूर्वोत्तर में उग्रवादी घटनाओं में 89 प्रतिशत की कमी और नागरिकों की मौत के मामलों में 85 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षाबलों की मृत्यु की घटनाएं 71 प्रतिशत घटकर 458 से 132 रह गईं, नागरिकों की मृत्यु में 86 प्रतिशत की कमी आई है।

शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है।

शांति अपने साथ विकास लाती है और विकास स्थायी शांति स्थापित करती है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर भारत में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए पिछले 10 सालों में रेलवे में 81000 करोड़ रूपए, सड़क संपर्क में 48000 करोड़ रूपए और भारतमाला परियोजना के तहत 5196 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया है। उड़ान योजना के तहत 8 नए हवाईअड्डों का निर्माण हुआ है और 71 नए हवाई मार्ग शुरू किए गए हैं। इसके अलावा बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़क नेटवर्क की मरम्मत और सुधार किया जा रहा है।

शीशे की तरह साफ है कि नरेंद्र मोदी सरकार पूर्वोत्तर भारत में समग्र रूप से विकास करना चाहती है, चाहे वह सड़क कनेक्टिविटी, रेल कनेक्टिविटी, बिजली उत्पादन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, दूरसंचार,आदिवासी कल्याण आदि हो।

2014 के बाद से उत्तर-पूर्व भारत की कहानी एक नीति के तौर पर एक महत्वपूर्ण केस-स्टडी होगी जिसमे गृह मंत्री अमित शाह की भूमिका को उचित महत्व दिया जाएगा । उन्होंने वास्तव में दुनिया को दिखाया है कि रणनीति और नीति के माध्यम से किसी क्षेत्र पर कैसे काबू पाया जा सकता है। प्रधानमंत्री की सरपरस्ती में गृह मंत्री के ठोस प्रयासों ने पूर्वोत्तर भारत का चेहरा-मोहरा बदल दिया है। बदले हुए पूर्वोत्तर की नामवर हस्तियों को सारा देश पहचानने लगा है। मुक्केबाज मैरी कॉम को कश्मीर से लेकर गोवा तक का बच्चा-बच्चा अपना मानता है। मैरी कॉम को दादा ध्यानचंद या सचिन तेंदुलकर के कद का खिलाड़ी ही मान सकते हैं। वह छह बार विश्व चैंपियन रहीं और एक बार भारत को ओलंपिक पदक भी जितवा चुकी हैं। इन उपलब्धियों पर मैरी कॉम जितना चाहे फख्र कर सकती हैं। पर पूर्वोत्तर पर निरंतर ध्यान देते रहना होगा। उसकी अब अनदेखी नहीं की जा सकती।

प्रसंगवश

बिखराव व अलगाव के जिम्मेदार

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा ।

हम सात दोस्तों का एक व्हाट्सएप ग्रुप है। पहले कभी इसमें हम सुख-दुख बांटा करते थे । फिर इसे जमाने की हवा लग गई। अब इस पर जहर बोया और काटा जाता है। दो मोदी जी के भक्त हैं, दो विरोधी । बाकी के तीन डर और लिहाज की मिली जुली प्रेरणा से चुप रहते हैं।यह चारों सुबह-शाम हम बचे तीन लोगों को संदेश, वीडियो, अखबारी कतरनों से अपनी ओर मिलाने का प्रयास करते हैं। मेरा व्यापारी मन हैरान होता है। इतनी मेहनत सिर्फ तीन वोटो के लिए? रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के लिहाज से यह सौदा घाटे का है । पर उनका समर्पण देख मैं नतमस्तक हो जाता हूं।

संजय वर्मा
इंदौर

यह अकेले मेरे दोस्तों के व्हाट्सएप ग्रुप की समस्या नहीं है। परिवार, व्यापार, कॉलोनी तमाम व्हाट्सएप ग्रुप पर यही जहर सुबह शाम बंट रहा है। लोग अपने नेता के लिए रिश्ते नाते कुर्बान कर रहे हैं। कभी सोचता हूं क्या मोदी जी या राहुल गांधी को पता है सुदूर इंदौर में कोई उनका पार्टी कार्यालय रोशन करने के लिए अपना घर जला रहा है। मतलब सारे रिश्ते नाते तोड़ के आ गई(गया), ले मैं तेरे वास्ते सब छोड़ के....।

क्यूं कर रहे हैं लोग ऐसा ? यह मुझे सामूहिक हिस्टीरिया जैसा लगता है वरना हमारे ग्रुप का एक वैज्ञानिक दोस्त किसी अतार्किक ऊलजलूल बात के समर्थन में तर्क क्यों ढूंढ कर लाता ?

मनोविज्ञान कहता है इन समर्थकों ने एक काल्पनिक दुनिया बना ली है, जिसमें पार्टी इनका परिवार खानदान और कबीला है जिसकी रक्षा के लिए वे अपना सर्वस्व कुर्बान करने के लिए तैयार हैं। पार्टी का नेता उनका बड़ा भाई पिता या बाबा है, उसके संरक्षण में वे सुरक्षित महसूस करते हैं, प्रेम देते लेते हैं ।

मेरे एक मामा जी थे। उन्होंने शादी नहीं की थी। बुढ़ापे तक आते-आते सब बिछड़ गए। उन्होंने देवी मां को अपना सगा मान लिया। दिनभर उनसे बातें करते। चाय पीने की इच्छा होती तो मां की मूर्ति के पास जाकर पूछते- मां चाय पियोगी ? फिर खुद ही जवाब देते- हां हां अभी बना कर लाता हूं ।

अकेला आदमी अपनी एक काल्पनिक दुनिया बसा लेता है।

अपने नेता के लिए जीने मरने वाले ये मित्र भी क्या मेरे मामा की तरह अपने कुटुंब कबीले से बिछड़ गए हैं ? पर एक समस्या और है , इस तरह हम उनके प्रेम को तो समझ सकते हैं , पर विरोधी गुट से उनकी नफरत को कैसे समझें जिसमें वे दिन रात उबल रहे हैं ?

एक मनोवैज्ञानिक ने बताया है - कभी कभी नफरत भी इंसान को जीने का मकसद देती है। खास तौर पर जब वह किसी समूह से हो। निरर्थक बेमकसद जीवन को किसी सागर में भटकी नाव की तरह नफरत का किनारा मिल जाता है। जीने का मकसद मिल जाता है।

बताते हैं जब इंसान कबीलों में रहता था तब अपने परिचय में नाम, पिता, कबीले और दीगर जानकारी के अलावा अपने दुश्मन का नाम भी बताता था। मतलब आपकी पहचान में आपका दुश्मन भी शामिल था। संभव है यह आदिम प्रवृत्ति हमारे भीतर अब भी हो । हम अब भी अपनी पहचान के लिए दुश्मन और उससे नफरत पर निर्भर करते हों । संभव है अपनी पहचान के संकट से जूझता इंसान नफरत में अपने होने को तलाश रहा है । इस नफरत से एक फायदा और होता है । जब आप एक समूह से नफरत करते हैं तो नफरत करने वालों का भी एक समूह बन जाता है और उनमें आपस में भाईचारा हो जाता है ।

हमारे व्हाट्सएप ग्रुप के चार सदस्यों की इस समस्या को मनोविज्ञान की रोशनी में देखें तो इसकी जड़ में अंतत अकेलापन और प्रेम का अभाव है । यदि ऐसा है तो क्या बचे हुए हम तीन सदस्य भी इसके लिए जिम्मेदार नहीं ? हम क्यों उन्हें वह प्रेम और पहचान नहीं दे पाए जिसके लिए उन्हें जहरीली सियासत की गोद में जाकर बैठना पड़ा । मैं अचानक अपने आप को अपराधी महसूस करने लगा हूं।

विश्वविद्यालयों की स्थिति एवं प्रशासनिक कार्य प्रणाली



ए.के. जैतली
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, बरेली

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी।

नई शिक्षा नीति 2020 के तहत राज्य विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपेक्षा की गई है। परंतु विश्वविद्यालय सामाजिक भ्रष्टाचार का केंद्र बनकर रह गए हैं। कुलपति अपने गलत कामों को सही ठहरने के लिए शिक्षकों का प्रयोग करने लगे हैं। सवाल है क्या इस तरह हमारे विश्वविद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता दे पाएंगे। इन दिनों एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति और कुल सचिव के बीच चल रही अधिकारों और दायित्वों की जंग चर्चा में है। राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 13 में स्पष्ट है कि कुलपति को राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम की धाराओं एवं परिनियम में वर्णित प्रावधानों का पालन करते हुए विश्वविद्यालय का संचालन करना होगा। किन्तु देखने में आया है कि कुलपति जब नियम विरुद्ध कार्य करते हैं तो वह राजभवन को शामिल करने की चेष्टा करते हैं।

कुलपतियों की नियुक्ति में भी अपनाया जा रहा रवैया अजब है। कुलपति की नियुक्ति के लिए चयन समिति में किसी दूसरे विश्वविद्यालय के कुलपति को ही एक सदस्य बना कर अध्यक्ष बनाया जाता है। पांच साल का इतिहास देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि एक कुलपति की नियुक्ति में दूसरे विश्वविद्यालय का कुलपति अहम भूमिका निभाता है। फिर वही नियुक्त कुलपति दूसरे विश्वविद्यालय में नियुक्ति हेतु उसी के कुलपति हेतु चयन में मदद करता है जिसने उसे पूर्व में कुलपति हेतु चयनित किया था। 2020 में एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति की चयन समिति में यूपीटीयू के कुलपति अध्यक्ष थे, और उनके द्वारा ही एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम का चयन किया गया था । तत्पश्चात जब कानपुर विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन का नंबर आया, तो वहीं एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति, चयन समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने उन्हीं यूपीटीयू के कुलपति का नाम कानपुर में चयनित किया, जिन्होंने उन्हें पूर्व एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय हेतु चयनित किया था । इस तरह की चयन प्रणाली एक जांच का विषय है। इस तरह से विश्वविद्यालय के चयनित कुलपति विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं के अनुरूप कैसे खरे उतर सकते हैं?

एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्वरूप को लेकर हाल में ही उच्च शिक्षा मंत्री ने विधानसभा में एक सूचना प्रदान की थी। उस सूचना के आधार पर तो एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय में चयनित शिक्षकों का वेतन निर्धारण यूजीसी एवं शासन के मानकों के अनुरूप नहीं होगा। कुल सचिव व वित्त अधिकारी शासन का प्रतिनिधित्व करते हैं, और उनसे राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम एवं परनियमों के अनुसार यह अपेक्षा की जाती है कि वह विश्वविद्यालय में हो रहे नियम विरुद्ध कार्यों से शासन को अवगत कराएंगे । यही कारण था कि पूर्व वित्त अधिकारी ने विश्वविद्यालय में की जा रही वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमित्ताओं से राजभवन व शासन को अवगत कराया था। जिस पर जांच प्रस्तावित है। हाल में ही एमजेपी विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप लगे। यह भयावक स्थिति है इस विषय में गंभीरता से सोचना होगा। विश्वविद्यालय के अधिनियम व परिनियम में कुलसचिव, उप कुलसचिव व सहायक कुलसचिव शासन के अंतर्गत सेंट्रलाइज्ड सर्विस से गवर्न होते हैं। शासन के अनुसार ये विश्वविद्यालय में सेंट्रलाइज्ड सर्विस से इसलिए नियुक्त किए जाते हैं ताकि वह अपने दायित्वों से पूर्ण नियम व कानून को कुलपति के समक्ष रखें और कुलपति को उसी के अनुसार कार्य करने की सलाह दें, चाहे वह वित्तीय या प्रशासनिक। जब तक कुलपति व शासन के द्वारा नियुक्त अधिकारियों के बीच टकराव नहीं होता, तब तक सब सही चलता रहता है और जब अहम के टकराव होते हैं, तो वही होता है जो विश्वविद्यालय में हो रहा है।

शिक्षा के उत्थान के लिए सरकार चाहे जितने कार्य कर ले, जब तक विश्वविद्यालयों में कुलपतियों के आचरण और कर्तव्यों में नियम कानून का पालन सुनिश्चित नहीं किया जाएगा, तब तक देश, प्रदेश की शिक्षा का उत्थान नहीं हो सकता। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ, समाज का उत्थान, समाज को दिशा देने का कार्य विश्वविद्यालय कैसे कर सकते हैं विश्वविद्यालय की प्रथम प्राथमिकता नियम संगत कार्य करने की होनी चाहिए तभी विद्यार्थियों और समाज का कल्याण हो सकता है।

सोशल फोरम

फर्ज के कर्ज में जिंदगी

मतदान कर के आया तो एक ज्ञानी बुजुर्ग महोदय से मैंने पूछ लिया किस का स्कोर कितना होगा। वह बोले, यह तो नहीं बतला सकता पर आज मुझ पर, आप पर, हर एक पर 1.46 लाख रूपया कर्ज है।

प्रभात उप्रेती
सेवानिवृत्त प्रवक्ता, चमोली

हर जन्मा बच्चा इस बेरहम समाज का कर्जदार हो कर आता है। आज हम पर 20.5 लाख करोड़ का कर्ज हो गया है। खरबपति, खगपति बढ़ते जा रहे हैं। कंगाली बढ़ रही है और मॉल है कि कह रहे हैं, लूट लो। कर्ज तो देश के विकास के लिए है पर खरबपति आगे बढ़ रहे हैं। यानी कि पर्दा हमारे नाम से उट्ठा ईद मनाई लोगों ने।

आमदनी अठन्नी खर्चा रूपया के हिसाब में जब रोजगार नहीं है, मतदाता को रिझाने में सब मुफ्त होईगा तो यही होएगा। मानव संसाधन का प्रयोग नहीं है, 23 करोड़ गरीबी रेखा से नीचे हो गए हैं। पंचतत्व आदमी के भोगी प्रवृत्ति के कारण असंतुलन में हैं।

याद आई एक किताब लैरी इलियट और डॉन एटकिंसन की द गाड्स दैट फेल्ड। कारण एक खास के लिए करोड़ों को समर्पित किए जाने का जलवा। आर्थिक असंतुलन इस विश्व का कृत्रिम नेचर बन गया है। विश्व बाजार सूदखोर है। ब्रिटेन ने तो बैंक, सूदखोरी अर्थशास्त्र के सहारे दुनिया में राज किया। यह अर्थ, अनर्थ है।

हम भारतीय तो अपनी संस्कृति के द्वारा ही कर्जदार कर दिए जाते हैं। मातृऋण, पितृ ऋण, देव ऋण... जिंदगी न हुई सूदखोरी हो गई। सारी जिंदगी ऋण उतारने में चली जाती है, जिएंगे कब।

माता-पिता के लिए बच्चे कर्जदार क्यों। आज के बाजार में तो बच्चे हो लिए पैकेजेज। कैसा अर्थशास्त्र। एहसान तले दाब दो जन्म जन्मान्तर तक, उसका सूद खाते रहो। माता-पिता बच्चे का संबंध हो या प्यार कभी कर्ज नहीं होता, सहज जीने का एहसास है। ऋण तो भाषाई तिलिस्म है।

बच्चों को पालने में माता-पिता का आनंद है तो मां-बाप को पालने में बच्चों को भी आनंद ही आना चाहिए। दोस्ती है असल संबंध। चाहे बच्चों माता-पिता के बीच हो, पति-पत्नी के बीच। सारे संबंध कृत्रिम । और अब कृत्रिम बुद्धि।

-फेसबुक वॉल से

पुराण में सांप और जीवाश्म विज्ञान

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

दुनिया में पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के 'बॉडी-साइज़' अर्थात इनके शरीर की आकृति, आमाप और आकार में फर्क क्यों है? क्या ये एव्ल्युशन की प्रक्रिया के दौरान स्थिर हो गए हैं। कुदरत ने सभी जीवधारियों के शरीर के सम्बन्ध में कुछ घटकों को कैसे निश्चित किया? क्या फार्मूला रहा होगा?

कुछ दिन पहले पुराविदों को सरीसर्प का एक जीवाश्म जमीन में दबा मिला कहा गया कि यह दुनिया का सबसे बड़ा सांप हुआ करता। इस बारे में हमारे यहां तो पुराण कथाओं में किसी और तरीके से कहानियां गढ़ी गई है जो सिर्फ एंटरटेन करती हैं, विज्ञान की बात नहीं बताती। आप चाहें तो इसे वासुकी नाग से जोड़ सकते हैं जिसके फन पर पृथ्वी टिकी हुई है। कोई कहता है यह वाराह के थूथन पर टिकी है। इस मामले में सबसे बढ़िया विवरण डेविड कोप का दिया हुआ है, जिसे हमें पढ़ना चाहिए।

कोप के विवरण जीवाश्म विज्ञान (पेलियंटोलॉजी) से संबंधित हैं। इस विषय पर हमारे यहां एक विशिष्ट टाइप का इंस्टिट्यूट लखनऊ में सन 1946 से कार्यरत है जिसका नाम है बीरबल साहनी इंस्टिट्यूट ऑफ़ पेलियोसाइंसेज। इसके काम काज के बारे में आमजन या अधिकांश फेस-बुकिये तो क्या जानेंगे विज्ञान लेखक भी कभी इस तरफ ध्यान नहीं देते। अधिकांश काम नर्मदा घाटी और हिमालय के जीवाश्मों की तरफ है और बेसिक रिसर्च से कोई खास लेना-देना नहीं। इंडियन सोसाइटी ऑफ़ पेलियोलॉजी भी है जो एक जर्नल का प्रकाशन करती है। डेविड कोप ने इनवरटीब्रेट्स (अरीढ़धारियों) के बारे में सूचना एकत्र कर इसे पचास खंडों में प्रकाशित किया और यह सब करते हुए एव्ल्युशन के बारे में खूब लिखा। पृथ्वी के जीवधारियों के विकासक्रम के बारे में रिसर्च का काम चलता रहता है और नयी थ्योरीज सामने आती रहती हैं। पॉपुलर साइंस पत्रिकाएं भी इस विषय पर कम कवरेज देती हैं, लेकिन वैज्ञानिक शोध प्रकाशित करने वाली कुछेक पत्रिकाओं में इस बाबत जानकारी का प्रकाशन नियमित होता है, खासतौर से 'नेचर इकोलॉजी एंड एव्ल्युशन' जर्नल में।

सांप का जो नया जीवाश्म मिला है और इस खबर को भारत में भी अधिकांश अखबारों ने प्रकाशित किया है उसमें डिटेल्स तो हैं ही नहीं! रिसर्च से मालूम होता है कि विकास क्रम की प्रक्रिया में कुदरती हालात के बदलते रहने का जीवधारियों के बॉडी साइज़ को तय करने की प्रक्रिया पर गहरा प्रभाव पड़ता रहा है। इसमें डेविड कोप की 'आईलैंड थ्योरी' का अध्ययन भी जरूरी है। कुल मिलाकर यह बड़ा रोचक विषय है।

निर्भर करता है कि जीवधारियों के बारे में जानकारी लेने के हमारे नज़रिए को पौराणिक आख्यान प्रभावित करते हैं या आधुनिक वैज्ञानिक पद्धति? और अगर, दोनों के कारण मौजूद हैं तो फिर तुलनात्मक बात कहनी और समझनी चाहिए।

हमारे लाला जी का फ़िल्मी शौक

वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

हमें फ़िल्मी शौक यों ही नहीं है। ये हमें विरासत में मिला है। बल्कि कहिए कि डीएनए में है। हमारे पिता जी भी खूब फ़िल्में देखते थे। हमारे दादा जी को ये शौक जुनून की हद तक था। पार्टीशन से पहले वो अपने शहर मियांवाली में बजाजे का काम करते थे। उन्हें लाला जी कहा जाता था, लाला लक्ष्मण दास बजाजे आले। उन दिनों शहर में कोई सिनेमा हाल नहीं था। सिनेमा देखने वो कई बार लाहौर और रावलपिंडी गए।

लाला जी की तरह के कई फ़िल्मी कीड़े थे। उन्हीं में एक थे - टिंबर मर्चेंट लाला गद्दी राम मानकताला। उन्होंने सिनेमाहाल बनाने की शुरुआत की। हमारे लाला जी और एक अन्य लाल चंद चुग भी उसमें पार्टनर बन गए। सिनेमाहाल का नाम रखा गया - दिलरुबा टॉकीज़। ये बात 1933 की है। शहर में तहलका मच गया। लोगों की लाईफ स्टाईल ही बदल गई। मनोरंजन का एक नया ज़रिया मिल गया। छोटा-बड़ा, जवान-बूढ़ा, हिंदू-मुसलमान, अमीर-फ़कीर, जिसे देखो सिनेमा की बात कर रहा है।

उन दिनों मियांवाली शहर में बिजली नहीं होती थी। दिलरुबा टॉकीज़ डीज़ल के जनरेटर से चलाया गया। शुरुआत के दिनों में प्रोजेक्टर भी एक था। लिहाज़ा रील ख़तम हुई नहीं कि दस मिनट का इंटरवल होता था। टॉकीज़ में भीड़ बहुत होती थी। पीछे की दो पंक्तियां लेडीज़ के लिए रिज़र्व होती थीं। जब कोई धार्मिक फ़िल्म लगती थी तो दोपहर का एक शो लेडीज़ स्पेशल रखा जाता था। कुछ साल बाद टॉकीज़ बंद हो गया। पार्टनर्स में आपसी मन-मुटाव ख़ास वज़ह थी। तब इसे बहादुर शाह अधलखा ने खरीद लिया और नया नाम दिया - बहादुर टॉकीज़।

लाला जी पार्टीशन के बाद दिल्ली में सेटल हो गए। यहां भी उन्होंने बजाजे का धंधा शुरू किया। लेकिन क़िस्मत ने साथ नहीं दिया। फिर उन्होंने चाबी के छल्ले और चेन के धंधे में हाथ डाला। काम जम गया। पहले रिटेल और फिर थोक व्यापारी हो गए। सदर बाजार में एक छोटी सी दुकान रख ली। सदर के पास बारह टूटी में वेस्टएंड सिनेमा हॉल था। लाला जी दुकान से उठकर चुपके से उठ कर फिल्म देख आते थे।

हम लोगों का गर्मी की छुट्टियों में दिल्ली जाना होता था। लाला जी जेब खर्च के लिए रोज़ाना चवन्नी देते थे। जो आगे चल कर पांच रूपए हो गया। सिनेमा देखने के पैसे अलग से मिलते थे।

चुनाव में इलेक्टोरल बॉण्ड ही बजाएगा भाजपा का बैंड : अखिलेश यादव

संवाददाता, बिलारी (मुरादाबाद)

- यादव बहुल क्षेत्र में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे सपा प्रमुख
- गांव स्योंडारा में प्रत्याशी जियाउर रहमान बर्क के समर्थन में की जनसभा

अमृत विचारः सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि यह किसी से नहीं छिपा है कि भाजपा सरकार में सभी दुखी हैं। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा, जनता उनके सारे रूप देख चुकी है।

उन्होंने कहा कि इलेक्टोरल बॉण्ड सबसे बड़ा घोटाला है और यह बॉण्ड भाजपा का बैंड बजा देगा। सपा प्रमुख रविवार को क्षेत्र के गांव स्योंडारा में संभल लोकसभा से गठबंधन प्रत्याशी जियाउर रहमान बर्क के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व जनसभा में पहुंचे अखिलेश यादव का बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर का चित्र भेंटकर स्वागत किया गया। उन्होंने समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को गिनाया।

कहा कि मौजूदा सरकार ने सब योजनाओं को बदल दिया। प्रदेश की जनता सब जानती है। प्रदेश व देश में आमजन का जीना दुश्वार हो गया है। संभल लोकसभा क्षेत्र से जियाउर रहमान बर्क को इतने मतों से विजयी बनाकर भेजो जो कि देश में जीत की सबसे ज्यादा लीड मानी जाए। यह चुनाव डॉ. शफीकुर रहमान बर्क को श्रद्धांजलि देने का भी चुनाव है। वह वर्तमान लोकसभा में सबसे बुजुर्ग सांसद का खिताब पा चुके हैं। इसी के चलते श्रद्धांजलि के तौर पर भी इस सीट के प्रत्याशी को विजयी बनाएं ।

सभी की सहभागिता से पूर्णागिरी मेले को देंगे नया स्वरूप : धामी

ब्यूरो, टनकपुर/हल्द्वानी

- अधिकारी संकल्प लें, श्रद्धालु मेले से अच्छा अनुभव लेकर जाएं

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को बनवास में एनएचपीसी सभागार में प्रसिद्ध मां पूर्णागिरी मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम व सुरक्षित हो। श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई दिक्कत न हो, इसका ध्यान रखा जाए। सभी की सहभागिता से मेले को नया स्वरूप देना है। संकल्प लें कि मेले से श्रद्धालु अच्छा अनुभव लेकर जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला पंचायत की ओर से मेले के अंतर्गत मुंडन को लिया जाने वाला शुल्क कम किया जाए। शासन-प्रशासन का ध्येय लोगों को सहूलियत पहुंचाना है। उन्होंने बनबसा कैनाल क्षेत्र में 1 हजार लोगों के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों, मंदिर समिति एवं प्रशासन के सहयोग से शारदा एवं बूम घाट में नियमित शारदा आरती का आयोजन करें। श्रद्धालुओं को अधिक से अधिक संख्या में आरती से जोड़ा जाए।

शारदा कॉरिडोर (शारदा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट) के निर्माण का जिम्मा यूआईडीबी को सौंपा गया है। क्षेत्र का विकास दीर्घकालिक विजन के साथ किया जाए। सभी विभाग, पूर्णागिरी मेला क्षेत्र में अस्थाई की जगह स्थाई व्यवस्थाओं को प्रथमिकता दें। श्रद्धालुओं की पैदल मार्गों पर स्वास्थ शिविर, डॉक्टर्स की तैनाती, जरूरी दवाइयों का प्रबंध करें। यात्रा मार्ग पर हाईमास्क, सौर ऊर्जा एवं स्ट्रीट लाइट, पेयजल, शौचालयों, वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था करें। मार्ग में पुलिस की अस्थाई चौकी एवं खोया-पाया केंद्र बनाया जाए। धामी ने कहा मेले में स्थानीय उत्पादों की उपलब्धता होनी चाहिए। प्लास्टिक फ्री पूर्णागिरी यात्रा पर काम करें। स्थानीय लोगों को मेले के रोजगार से जोड़ने के लिए पर्यटन स्पॉट विकसित करने, साहसिक खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जाए।

आतंकियों की संपत्ति यूएपीए के तहत की गई कुर्क

श्रीनगर : पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में आतंकवादियों की ओर से कथित तौर पर आश्रय के रूप में इस्तेमाल की गयी एक संपत्ति को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत कुर्क कर दिया है।

पुलिस ने रविवार को कहा, कि मोंघामा पुलवामा में एक मंजिला मकान, जिसे आतंकवादियों ने अपने आश्रय और रहने के लिए इस्तेमाल किया था, उसे यूएपीए के तहत कुर्क कर लिया गया है। मकान के मालिक मोहम्मद लतीफ कर ने कथित तौर पर आतंकवादियों को सभी साजो-सामान संबंधी सहायता प्रदान की थी और उसका आतंकवादी गतिविधियों से भी संबंध था।

जंगल में आग लगाने की कोशिश करते आठ गिरफ्तार

देहरादून, एजेंसी

- एनडीआरएफ की एक टीम हल्द्वानी के लिए रवाना

उत्तराखंड के जंगलों में भड़की आग बुझाने का अभियान रविवार को दूसरे दिन भी वायुसेना के हेलीकॉप्टर की मदद से जारी रहा और अनेक स्थानों पर उसपर काबू पा लिया गया जबकि प्रदेश में जंगल में आग लगाने की कोशिश करते आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया।

नैनीताल जिला प्रशासन के अनुरोध पर राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम हल्द्वानी के लिए रवाना कर दी गयी है जिससे जरूरत पड़ने पर तत्काल उसकी मदद ली जा सके। उधर, वन अधिकारियों ने बताया कि हल्द्वानी, नैनीताल और चंपावत वन प्रभागों समेत प्रदेश के विभिन्न वन क्षेत्रों में भड़की आग को बुझाने के प्रयास युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। वन विभाग द्वारा जारी दैनिक बुलेटिन के अनुसार, पिछले 24 घंटों में प्रदेश भर में जंगल में आग की आठ नई घटनाएं सामने आयीं जिनमें से चार कुमाउं क्षेत्र में, दो गढ़वाल क्षेत्र में और दो अन्य वन्य क्षेत्रों में हैं। इन घटनाओं में 11.75 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा ने बताया कि भारतीय वन सर्वेक्षण की ओर से सुबह चंपावत, नैनीताल और हल्द्वानी वन प्रभाग में आग लगने का अलर्ट मिला था। उन्होंने बताया कि उनमें 60 प्रतिशत से ज्यादा जगहों पर आग बुझाई जा चुकी है जबकि बाकी स्थानों पर आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। वर्मा ने हालांकि, कहा कि प्रदेश में वनों में आग की स्थिति नियंत्रण में है । कुमांउ क्षेत्र में वन में आग की स्थिति का शनिवार रात जायजा लेने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा था कि नैनीताल के आस पास के जंगलों में लगी आग भारतीय वायु सेना के हेलीकॉप्टर की मदद से धीरे-धीरे नियंत्रण में आ रही है। नैनीताल के पास लड़ियाकाटा और पाइन्स के जंगलों में लगी आग को बुझाने के लिए एक एमआई-17 वी 5 हेलीकॉप्टर की सहायता ली गयी। शुक्रवार सुबह लगी आग शाम तक पाइन्स स्थित हाईकोर्ट कॉलोनी के पास तक पहुंच गयी थी तथा उससे क्षेत्र में यातायात भी प्रभावित हो रहा था। आग के वायु सेना के एक बेस के पास पहुंचने की आशंका को देखते हुए हेलीकॉप्टर की सेवाएं ली गयीं। अपर प्रमुख वन संरक्षक वर्मा ने बताया कि रविवार को प्रदेश में जंगलों में आग लगाने की कोशिश करते आठ लोगों को वनकर्मियों ने गिरफ्तार किया। गढ़वाल में आग लगाने की कोशिश करते हुए पांच लोगों को जबकि बागेश्वर वन प्रभाग में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

राष्ट्रपति से मांगी परिवार सहित इच्छा मृत्यु की अनुमति

गाजियाबाद : जिले में हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिला अध्यक्ष जितेंद्र कुमार त्यागी ने पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए परिवार सहित इच्छा मृत्यु की अनुमति मांगी है।

जितेंद्र कुमार त्यागी ने रविवार को बताया कि उन्होंने परिवार के साथ इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। उन्होंने राष्ट्रपति को भेजे अपने पत्र में लिखा है कि पुलिस उन्हें प्रताड़ित कर रही है, उन पर फर्जी आपराधिक मुकदमे दर्ज किये गये हैं, इससे त्रस्त होकर उन्होंने उनसे इच्छामृत्यु की अनुमति मांगी है। गाजियाबाद के पुलिस आयुक्त अजय कुमार मिश्रा ने इस मुद्दे पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

चारधाम यात्रा : पिछले वर्ष का रिकॉर्ड इस बार टूटेगा

संवाददाता, देहरादून

- अब तक 15.66 लाख पर्यटकों ने पंजीकरण कराया

अमृत विचार : चारधाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए टोकन व्यवस्था शुरू की गई है। वहीं, राज्य सरकार का दावा है कि इस बार चारधाम यात्रा पिछले साल का भी रिकॉर्ड ध्वस्त कर देगी।

वहीं अब तक 15.66 लाख पर्यटकों ने अपना पंजीकरण करा लिया है। पर्यटन, धर्म एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि यात्रा को लेकर पर्यटकों में काफी उत्साह है, संभावना है कि इस बार यात्रा पिछले वर्ष के 56.31 लाख श्रद्धालुओं के रिकॉर्ड को ध्वस्त कर देगी। यात्रा के लिए 15 अप्रैल से शुरू हुए पंजीकरण में अब तक गंगोत्री के लिए 2,87,358, यमुनोत्री को 2,60,597, केदारनाथ को 5,40,999, बद्रीनाथ को 4,53,213 और हेमकुंड साहिब के लिए 24,700 के साथ ही कुल 15,66,867 श्रद्धालुओं ने पंजीयन कराया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रदेश स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना देहरादून में पर्यटन विकास परिषद मुख्यालय में की गई है जो पूरे यात्राकाल के दौरान सुबह 7 से रात 10 बजे तक संचालित रहेगा।

बरेली : कारागार में फंदे पर लटककर बंदी ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमर सक्सेना (फाइल)

- पाक्सो एक्ट में आरोपी अमन दो महीने से जेल में था बंद
- वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बंदी रक्षक पर कार्रवाई की संस्तुति की

अमृत विचार : केंद्रीय कारागार-दो में बंदी ने कैंटीन में गमछे से फंदा लगा लिया। जेल कर्मचारियों ने उसे फंदे से उतारकर जिला अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने बंदी रक्षक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की है। आरोपी जेल में पॉक्सो एक्ट के मामले में बंद था। पिता ने जेल अधिकारियों और कर्मचारियों पर बेटे की हत्या करने का आरोप लगाया है।

किला थाना क्षेत्र के चंदननगर निवासी दुर्गा प्रसाद सक्सेना ने बताया कि उनके बेटे अमर सक्सेना (21) ने वर्ष 2019 में सुभाषनगर थाना क्षेत्र की एक किशोरी से प्रेम विवाह किया था। नाबालिग होने पर पुलिस ने किशोरी को उसके परिजनों को सौंप दिया। किशोरी के परिजनों की शिकायत पर अमर के खिलाफ छेड़छाड़, धमकी देने और पाक्सो एक्ट की धाराओं में सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। कोर्ट में पेश न होने पर उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हो गए थे। 5 मार्च को सुभाषनगर पुलिस ने अमर सक्सेना को गिरफ्तार करके केंद्रीय कारागार-2 में भेज दिया था, तब से वह जेल में बंद था। शनिवार शाम को अमर कैंटीन के खाली पड़े हिस्से की ओर गया और वहीं पर गमछे से फंदा लगाकर जान दे दी।

> शनिवार को बंदी रक्षक ने कैंटीन की ओर खाली पड़े स्थान पर गमछे से आत्महत्या कर ली थी। इस प्रकरण में बंदी रक्षक की लापरवाही सामने आई है। बंदी रक्षक के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है। -**अविनाश गौतम**, वरिष्ठ जेल अधीक्षक केंद्रीय कारागार

लापरवाही बरतने वाले बंदी रक्षक पर कार्रवाई

केंद्रीय कारागार में बंदी ने जिस जगह फंदा लगाया वहां ताला लगा दिया जाता था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक विपिन मिश्र ने बताया कि बंदी रक्षक अनिल त्रिवेदी ने लापरवाही के चलते ताला नहीं लगाया था, जिस वजह से यह घटना हुई। लापरवाही बरतने पर बंदी रक्षक अनिल त्रिवेदी के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

गृह मंत्री का एडिटेड वीडियो वायरल, एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल साइबर विंग ने की कार्रवाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक एडिटेड वीडियो वायरल होने पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है। इसको लेकर दिल्ली पुलिस को शिकायतें मिली थीं। इसमें एक शिकायत बीजेपी की ओर से की गई थी, जबकि दूसरी शिकायत गृह मंत्रालय की तरफ से की गई। शिकायत पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल साइबर विंग आईएफएसओ यूनिट ने एफआईआर दर्ज की है।

आरोप है कि अमित शाह के एक वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गई है। एडिटेड वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल किया गया है।

एडिटेड वीडियो में गृहमंत्री को एससी/एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण पर टिप्पणी करते हुए सुना जा सकता है। इस एडिटेड वीडियो को लेकर बीजेपी ने देशभर में एफआईआर दर्ज करने का फैसला किया है।

उधर, बीजेपी सूत्रों ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह ने एससी/एसटी या ओबीसी के लिए आरक्षण खत्म करने की बात नहीं की है और यह वीडियो फर्जी है।

ई- रिक्शा की बैटरी में धमाका युवक की मौत

नोएडा : गौतमबुद्धनगर जिले के थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के अट्टा गांव में एक ई- रिक्शा की बैटरी चार्ज करते समय फटने से एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके पिता गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक डी.पी. शुक्ल ने बताया कि अट्टा गांव में रहने वाले मंजूर अंसारी (22) तथा उनके पिता फारूक अंसारी अपने ई-रिक्शा की बैटरी चार्ज कर रहे थे, तभी बैटरी में धमाका हो गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में पिता-पुत्र दोनों गंभीर रूप से झुलस। अस्पताल में भर्ती मंजूर को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

निजी कंपनियां अंतरिक्ष को और अधिक सुलभ बना देंगी

बेंगलुरु, ,एजेंसी

- अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वालों से इसरो प्रमुख ने की वार्ता

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने इसरो के आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज के माध्यम से अंतरिक्ष में दिलचस्पी रखने वालों के साथ बातचीत करते हुए कहा कि अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में निजी कंपनियां निश्चित रूप से क्षेत्र में अनुसंधान को गति देने में मदद करेंगी।

एक निजी कंपनी स्पेसएक्स के कथित तौर पर अधिकांश देशों की तुलना में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अधिक योगदान देने पर टिप्पणी करते हुए सोमनाथ ने शनिवार को कहा कि निजी कंपनियों को रॉकेट इंजन बनाने के लिए प्रोत्साहित करने और स्पेसएक्स के मामले में इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाने वाले रॉकेट की संभावना का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करने की अमेरिका की परंपरा को भारत द्वारा दोहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ये कंपनियां प्रौद्योगिकी को आगे बढ़ाने, लागत कम करने और अंतरिक्ष को अधिक सुलभ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत में निजी कंपनियों के लिए भी इस प्रकार की क्षमताएं विकसित करना संभव है। सोमनाथ ने हालांकि कहा कि यह तभी संभव है जब सरकार निजी इकाई का समर्थन करे। सोमनाथ ने कहा कि उदाहरण के लिए, नासा के स्वामित्व वाली कुछ तकनीक को स्पेस एक्स में स्थानांतरित कर दिया गया है ताकि वे तेजी से विकास कर सकें। यही कारण है कि स्पेसएक्स ने इतनी प्रगति की है, इस वर्ष उसने लगभग 45 प्रक्षेपण किए। उन्होंने कहा कि भारत में पहले से ही दो कंपनियां काम कर रही हैं- स्काईरूट एयरोस्पेस और अग्निकुल कॉसमॉस। इसरो अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी भारत को इस तरह आगे बढ़ते हुए देखकर उत्साहित हैं। ये कंपनियां पहले ही प्रक्षेपण वाहनों का परीक्षण कर चुकी हैं। यह एक दिलचस्प विकास है। चंद्रयान -4 पर एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, सोमनाथ ने भारत के अगले चंद्रमा मिशन पर एक जानकारी भी साझा की। उनके मुताबिक, चंद्रयान-4 मिशन को चंद्रयान श्रृंखला की अगली कड़ी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की है कि भारत 2040 में चंद्रमा पर उतरने का इरादा रखता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चंद्रमा का निरंतर अन्वेषण आवश्यक है उन्होंने कहा कि चंद्रयान-4 इस उद्देश्य की दिशा में पहला कदम होगा। मिशन का लक्ष्य चंद्रमा पर एक यान भेजना, नमूने एकत्र करना और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाना है।

वर्ग पहेली-54

बाएं से दाएं

1. प्राकृतिक रूप में भूगर्भ से प्राप्त होने वाला तेल; (पेट्रोलियम)।
3. पहनने के कपड़ों की घुंडी फँसाने का फंदा; पाशक।
7. समुद्र में ज्वार के बाद लहरों की वह स्थिति जब वे उतार पर होती हैं।
8. स्वर्ग में निवास करने वाला।
9. 1. तड़क-भड़क 2. वैभव; सुख-समृद्धि 3. ऐश्वर्य का प्रदर्शन; आडंबर।

ऊपर से नीचे

2. दूसरों की संपत्ति अनुचित रूप से हड़पने वाला।
4. 1. कसने
5. अपनी सहायता से किसी को लेटने की स्थिति में लाना।
6. दे. हंबा।



वर्ग पहेली -53 का हल

	1 झि			2 फि		
	3 मि	क	दा	र		4 जु
5 फ़ि	ट			6 क	पू	त
	7 ना	8 ग	फ	नी		वा
9 बा		वे				ना
ति		ष			10 फाँ	
नी		11 क	च	वाँ	सी	

सुडोकू-133

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		7			9			6
6			5					
2					4			
	1			4	8			
9			3		8			8
			9	5				
			4		7			
	4				1			
7	2					3		

सुडोकू -132 का हल

3	2	5	1	9	7	6	4	8
4	7	8	2	5	6	9	1	3
9	1	6	3	8	4	5	2	7
7	6	3	9	1	5	4	8	2
2	5	4	7	6	8	3	9	1
8	9	1	4	2	3	7	5	6
1	4	9	6	3	2	8	7	5
6	8	2	5	7	9	1	3	4
5	3	7	8	4	1	2	6	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 07 .57 तक तत्पश्चात षष्ठी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 30 अप्रैल 04 .42 तक तत्पश्चात उत्तरषाढ़ा।

मेष — आज नौकरी में सहकर्मियों का सहयोग तो मिलेगा लेकिन यह पर्याप्त नहीं होगा। काम को लेकर शंका रहेगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे। किसी रिश्तेदार के द्वारा भी आपकी सहायता की जाएगी।

वृष — आज मन में नए-नए विचारों का समावेश होगा और आप पहले से ज्यादा तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। मन किसी बात को लेकर प्रसन्न रहेगा और कुछ नया करने का विचार मन में आएगा। किसी अपने के द्वारा आपको खुशी मिलेगी।

मिथुन — आज परीक्षा को लेकर चिंता रह सकती है और ज्यादातर समय पढ़ाई में ही व्यतीत होगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं तो कुछ लोगों का साथ मिलेगा और उनके द्वारा मार्गदर्शन भी किया जाएगा।

कर्क — आज यदि आप सिंगल हैं तो किसी के साथ सकारात्मक बातचीत शुरू होगी। ऐसे में शुरू में ही उत्तेजित होने से बचें अन्यथा बात बिगड़ सकती है। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। अपनी कार्य क्षमता का कुशल उपयोग करेंगे। आपकी प्रतिभा को विस्तार मिलेगा।

सिंह — आज शारीरिक रूप से एकदम स्वस्थ रहेंगे और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं होगी। पुरानी बीमारी से आराम मिलेगा लेकिन घरवालों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। मन में नये काम को लेकर उत्साह रहेगा।

कन्या — आज यदि किसी के साथ प्रेम संबंध में हैं तो उनके साथ कुछ बातों को लेकर अनबन होगी लेकिन यदि आपने धैर्य से काम लिया और उन्हें समझने का प्रयास किया तो स्थिति संभल जाएगी। प्रेम संबंधों का आनन्द उठायेंगे। धार्मिक स्थलों पर जाने का अवसर बनेगा।

तुला — आज दिन शुभ तो रहेगा लेकिन किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा लेकिन उनकी भी आपसे किसी बात को लेकर अपेक्षा रहेगी। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं। किसी पर्यटन स्थल की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

वृश्चिक — आज मानसिक रूप से कोई समस्या रह सकती है। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे। उल्टी होने की समस्या हो सकती है। नव-दम्पति को सन्तान प्राप्ति के योग बन रहे हैं। घर में कुछ शुभ कार्य हो सकते हैं।

धनु — आज विवाह को कुछ समय हो गया है तो आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है। आप दोनों के बीच कुछ ऐसा होगा जो मीठी याद बनकर रह जाएगा। साझेदारी में किये जा रहे व्यापार से अत्यधिक लाभ प्राप्त होगा।

मकर — आज राजनीति के क्षेत्र में काम करते हैं तो आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहें क्योंकि वे आपकी गलतियों को पकड़ कर उन्हें बड़ा बनाने का प्रयास कर सकते हैं। आपकी महत्वाकांक्षायें बढ़ सकती हैं।

कुंभ — आज निजी नौकरी करते हैं और किसी प्रोजेक्ट पर कुछ महीनों से काम कर रहे थे तो आज के दिन उसमे असफलता हाथ लग सकती है। बॉस भी आपको लेकर आशंकित रहेंगे और काम से खुश नहीं होंगे।

मीन — आज विवाह के लिए रिश्ता ढूंढ रहे हैं तो किसी का रिश्ता तो आएगा लेकिन किसी कारणवश बात आगे नही बढ़ पाएगी। ऐसे में उदास होने की बजाए सकारात्मक रवैया अपनाएंगे तो बेहतर रहेगा। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- प्रेम — सुबह : 11 .16
- खेल — रात : 08 .45

SONY MAX
- स्टाइल — सुबह : 08 .00
- शेफ — शाम : 06 .00

SONY PIX
- द मास्क — सुबह : 10 .56
- 2012 — शाम : 06 .19

ZEE CINEMA
- सिर्फ तुम — सुबह : 10 .50
- कमांडो — रात : 08 .30

colors CINEPLEX
- अचानक — सुबह : 07 .49
- चेन्नई एक्सप्रेस — शाम : 05 .58

आज की सुपरहिट फिल्म

सोनी मैक्स पर शाम :06 .00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?

जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..

साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं

जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...

पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।

उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

शासन-प्रशासन द्वारा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए पुरजोर प्रयास किया जा रहा है, जिसमें कई स्वयंसेवी संस्थाएं भी सहयोग कर रही हैं। इसी क्रम में राजधानी के सूर्य नगर स्थित बंसल लॉन में सुरभि कल्चरल ग्रुप द्वारा आयोजित मतदान जागरूकता कार्यक्रम में चित्र बनाकर दिखाते बाल चित्रकार। -अमृत विचार

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया रामलला के दर्शन

अमृत विचार, लखनऊ : चुनावी प्रचार के दौर में पार्टियां धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल होने का मौका नहीं छोड़ रहीं हैं। रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने रविवार को अयोध्या में रामलला के दर्शन किये और लखनऊ के भाजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से विजयी बनाने समेत एनडीए के मिशन 80 को सफल बनाने की कामना की। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार के लिए अयोध्या में संगठन के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई है। पदाधिकारियों को एनडीए प्रत्याशियों के समर्थन में मतदाताओं से संवाद करने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक के बाद मंदिर में दर्शन किये और रामलला से सभी के कल्याण की कामना की है।

16 बार हारे, 17वीं बार फिर मैदान में

लोकसभा चुनाव के लिए किया नामांकन

खालिद अय्यूबी, हरदोई

अमृत विचार: उम्र के 73 वें पड़ाव में पहुंच चुके शिव कुमार के हौसलों से साबित होता है कि जुनून से उम्र का कोई रिश्ता नहीं होता। गांव की पंचायत से ले कर देश की संसद में पहुंचने का दावा कई बार कर चुके शिवकुमार 16 बार शिकस्त खा चुके है। इससे उनके ऊपर कोई असर नहीं पड़ा, बल्कि उनके हौसले और मजबूत हो गए। उन्होंने 17 वीं बार 18 वीं लोकसभा चुनाव में अपना दावा ठोक कर साबित कर दिया कि उनका उत्साह कमजोर नहीं हुआ है।

हरदोई मन्नापुरवा निवासी शिवकुमार ने पहली बार 2000 में हुए पंचायत चुनाव मैदान में ग्राम पंचायत टण्डौर से दावा ठोका, उस चुनाव में शिकस्त खानी पड़ी। उसके बाद शिवकुमार ने न सिर्फ पंचायत चुनाव में बल्कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में दावेदारी पेश करते हुए ऐसे लोगों की बोलती बंद कर दी, जो कहते है कि बढ़ती उम्र के साथ-साथ हौसले कमजोर हो जाते हैं।

इससे पहले 16 बार चुनाव मैदान में कूदने वाले शिवकुमार ने 17वीं बार फिर 18वीं लोकसभा के लिए दावा ठोकते हुए गत 25 अप्रैल को हरदोई लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन किया है। इस दौरान छुर्रियों वाले चेहरे पर अजीब सी चमक दिखाई दे रही थी, उसी चमक के साथ पर्चा दाखिल कर कलेक्ट्रेट से बाहर निकले शिव कुमार ने पूछने पर बताया कि उन्होंने गरीबों को हक दिलाने के लिए जो लड़ाई शुरू की है, जब तक सांस है, जारी रहेगी।

कब और कहां ठोका दावा

- 2000-ग्राम पंचायत टण्डौर
- 2002-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2004-अहिरोरी विधानसभा उप चुनाव
- 2004-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2005-ग्राम पंचायत हरदोई देहात
- 2007-अहिरोरी विधानसभा चुनाव
- 2009- हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2010- ज़िला पंचायत सदस्य हरियावां
- 2012-गोपामऊ विधानसभा चुनाव
- 2014- हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2015- ज़िला पंचायत सदस्य टड़ियावां (द्वितीय) व अहिरोरी (प्रथम)
- 2017-गोपामऊ विधानसभा चुनाव
- 2019-हरदोई लोकसभा चुनाव
- 2021- ग्राम पंचायत हरदोई देहात
- 2022-साण्डी विधानसभा चुनाव

चुनावी चक्कर

● अभय 30 को ले सकते हैं बड़ा निर्णय:

राज्यसभा चुनाव में सपा के खिलाफ वोटिंग करने वाले गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक अभय सिंह ने 30 अप्रैल को एक बैठक बुलाई है। सपा विधायक द्वारा बैठक बुलाए जाने के बाद राजनीतिक गलियारों में किसी बड़े धमाके की चर्चा की जा रही है। बताया जाता है कि सपा विधायक ने गोसाईगंज और तारुन क्षेत्र के कार्यकर्ताओं समेत अपने निकटवर्ती लोगों को इस बैठक में बुलाया गया है। अभय सिंह के पिता भगवान बख्श सिंह और उनकी पत्नी सरिता सिंह के भाजपा में शामिल होने के बाद जिले की राजनीति में भूचाल आ गया था। इससे पहले विधायक अभय सिंह ने राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में वोटिंग करते हुए खिलाफत में आ गए थे। इसके बाद उन्होंने रामलला का दर्शन कर कहीं न कहीं पार्टी लाइन से भी अलग हटकर चलने का काम किया।

● भविष्य की सता रही चिंता:

राजधानी की लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव में कई स्थानीय नेता जो कि यहां के विधायक गोपाल टंडन के निधन के बाद उनके ही परिवार के किसी सदस्य को प्रत्याशी बनाने को संगठन पर जोर डाल रहे थे, अब वे नई समस्या में आ गए है, क्योकि भाजपा ने दिवंगत विधायक के परिवार के सदस्य को टिकट न देकर ओपी श्रीवास्तव को प्रत्याशी घोषित कर दिया। अब ये नेता वर्तमान प्रत्याशी से अपने संबंध सुदृढ़ करने के लिए उनके आसपास मंडरा रहे हैं, क्योकि उन्हें भविष्य की चिंता सता रही है।

बसपा पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के बीच है मुकाबला

- प्रधानमंत्री नेहरू ने लगातार तीन बार जीता था चुनाव
- फूलपुर को हाई प्रोफाइल सीटों में किया जाता है शुमार
- माफिया अतीक अहमद भी इसी सीट से बना था सांसद

मिथलेश त्रिपाठी, प्रयागराज

अमृत विचार : प्रयागराज जिले के तहत फूलपुर लोकसभा सीट आती है, जहां पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। फूलपुर लोकसभा सीट को उत्तर प्रदेश की हाई प्रोफाइल सीटों में शुमार किया जाता है।

देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू भी इस सीट से कई बार सांसद चुने गए थे। एक अन्य पूर्व पीएम विश्वनाथ प्रताप सिंह भी यहां से चुने गए थे, गैंगस्टर अतीक अहमद भी इसी फूलपुर सीट से सांसद बने थे। फूलपुर सीट पर भाजपा और बसपा के दांव से चुनाव बेहद रोचक हो गया है। भाजपा ने मौजूद सांसद का टिकट काट दिया है। पहले माना जा रहा था कि सांसद केशरी देवी का टिकट कटा तो उनके बेटे दीपक पटेल को मिल सकता है लेकिन भाजपा ने प्रवीण पटेल को उतारकर सभी को चौंका दिया है। प्रवीण पटेल ने बसपा से राजनीति की शुरुआत की थी। 2017 में बसपा से भाजपा में शामिल हुए थे। सपा ने अमरनाथ मौर्य को उतारा है। अमरनाथ भी लंबे समय तक बसपा में रहे हैं। बसपा ने अपने वरिष्ठ नेता जगन्नाथ पाल को उतारा है। ऐसे में यहां पर मुकाबला बसपा पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों के बीच है।



नेहरू की बहन भी लड़ चुकी हैं चुनाव

1952 के आम चुनाव से पहले फूलपुर सीट इलाहाबाद ईस्ट कम जौनपुर वेस्ट कहलाती थी। यहां से देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू 1952 में निर्वाचित हुए। 1957 व 1962 में भी जीते। उनके निधन के बाद 1964 के उपचुनाव में उनकी बहन विजय लक्ष्मी पंडित जीतीं।

ये विधानसभा क्षेत्र हैं शामिल

प्रयागराज में आने वाली फूलपुर संसदीय सीट पर विधानभा सीटें आती हैं, जिसमें प्रयागराज पश्चिम, प्रयागराज उत्तर, फाफामऊ, सोरांव और फूलपुर सीट है। 2 साल पहले 2022 में राज्य में हुए विधानसभा चुनाव में फूलपुर की 5 विधानसभा सीटों में से 4 पर बीजेपी को जीत मिली थी जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी को मिली थी।

प्रवीण पटेल

अमर नाथ मौर्य

जगन्नाथ पाल

2019 के चुनाव में फूलपुर संसदीय सीट पर बीजेपी और सपा के बीच मुख्य मुकाबला था बीजेपी की ओर से केशरी देवी पटेल मैदान में उतरी थीं, केशरी देवी को चुनाव में 544,701 वोट मिले जबकि सपा-बसपा के साझा उम्मीदवार पंधारी यादव के खाते में 372,733 वोट गए थे।

एकतरफा मुकाबले में केशरी देवी को 171,968 मतों के अंतर से जीत मिली थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में यहां से बीजेपी के प्रत्याशी केशव प्रसाद मौर्य ने सपा के प्रत्याशी धर्मराज सिंह को 3,08,308 मतों के अंतर से हराया था।

कांग्रेस ने फूलपुर सीट से क्रिकेटर से नेता बने मोहम्मद कैफ को उतारा था और वह चुनाव में चौथे स्थान पर रहे थे, फिर 2017 के विधानसभा चुनाव में राज्य में बीजेपी की सरकार बनने के बाद केशव प्रसाद मौर्य को डिप्टी सीएम बनाया गया और इस कारण उन्हें यह सीट छोड़ दी। उनके इस्तीफे से खाली हुई सीट पर उपचुनाव में बीजेपी को हार मिली थी।

प्रवीण बसपा से रहे हैं विधायक

भाजपा प्रत्याशी प्रवीण के पिता महेंद्र प्रताप पटेल झूसी विधानसभा क्षेत्र से 1984, 1989 व 1991 में विधायक चुने गए थे। ये जनता पार्टी व कांग्रेस से जुड़े रहे। प्रवीण पटेल ने बसपा से राजनीतिक शुरू की थी। वर्ष 2007 में बसपा के टिकट पर फूलपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए। बसपा से ही 2012 का विधानसभा चुनाव लड़े, लेकिन हार गए। फिर वर्ष 2017 में भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने 2017 व 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्हें फूलपुर से प्रत्याशी बनाया और दोनों में उन्हें जीत मिली।

अमरनाथ ने बसपा के टिकट पर लड़ा था चुनाव

इंडी गठबंधन के तहत प्रत्याशी अमरनाथ मौर्या सपा के प्रदेश सचिव भी हैं। अमरनाथ मौर्या भी प्रवीण पटेल की तरह बसपा में रह चुके हैं। 2002 में इलाहाबाद शहर पश्चिम से बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ा लेकिन हार गए। इसके अलावा वह बसपा में कई पदों पर भी रह चुके हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के समय स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ अमरनाथ मौर्य ने सपा की सदस्यता ली थी। 2022 में विधानसभा चुनाव में शहर पश्चिम से सपा ने उन्हें टिकट भी दिया था, लेकिन नामांकन के अंतिम दिन रिचा सिंह को टिकट दे दिया गया था।

शुरू से बसपा के साथ हैं जगन्नाथ पाल

बसपा के प्रत्याशी जगन्नाथ पाल 1996 में तत्कालीन बसपा सुप्रीमो कांशीराम के चुनाव में मतगणना एजेंट रह चुके हैं। राजनीति में वह लंबे समय से सक्रिय हैं। ग्राम पंचायत अमरसापुर, बहादुरपुर के दस वर्ष तक प्रधान भी रहे। शुरू से बसपा का झंडा लेकर चल रहे हैं। यही वजह है कि पार्टी उन्हें विधानसभा सीट झुंसी के महासचिव, जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी फूलपुर की जिम्मेदारी पूर्व में दे चुकी है। मुख्य मंडल जोन प्रभारी के साथ प्रयागराज व मीरजापुर मंडल के कोऑर्डिनेटर भी रह चुके हैं। वर्तमान में प्रयागराज के मंडल प्रभारी भी हैं।

फूलपुर: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा



उप चुनाव : 2018 में किसको कितने वोट

दल	उम्मीदवार	वोट
सपा	नागेन्द्र प्रताप सिंह पटेल	3,42,922
भाजपा	कौशलेंद्र सिंह पटेल	2,83,462
निर्दल	अतीक अहमद	48,094
कांग्रेस	मनीष मिश्रा	19,353



निर्वाचित सांसद

वर्ष	सदस्य	दल
1952 व 57	जवाहर लाल नेहरू/मसुरिया दिन	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1962	जवाहर लाल नेहरू	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1964व 67	विजया लक्ष्मी पंडित	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1969	जनेश्वर मिश्र	संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी
1971	विश्वनाथ प्रताप सिंह	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1977	कमला बहुगुणा	जनता पार्टी
1980	बीडी सिंह	जनता पार्टी (सेक्युलर)
1984	राम पूजन पटेल	भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
1989 व 91	राम पूजन पटेल	जनता दल
1996 व 98	जंगबहादुर पटेल	समाजवादी पार्टी
1999	धर्मराज पटेल	समाजवादी पार्टी
2004	अतीक अहमद	समाजवादी पार्टी
2009	कपिल मुनि करवरिया	बहुजन समाज पार्टी

2014 नोटा	2018 नोटा	2019 नोटा
8,424	2,724	7,882

2014 चुनाव के आंकड़े

दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	केशव प्रसाद मौर्य	5,03,564
सपा	धर्मराज सिंह पटेल	1,95,256
बसपा	कपिल मुनि करवरिया	1,63,710
कांग्रेस	मोहम्मद कैफ	58,127

2024 - मतदाताओं की संख्या

कुल मतदाता	- 20,47,108
पुरुष	- 11,11,707
महिला	- 9,35,293
अन्य	- 198



अपनी ढपली अपना राग

सरकार के लिए जनता ही परिवार है, गरीब को घर मिलना ही रामराज्य है। अयोध्या भी सजाया है.. मथुरा भी सजाएंगे है।

-योगी आदित्यनाथ

कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी।

-राहुल गांधी

भाजपा से सावधान रहिए। जो मन की बात करते हैं वे संविधान की बात नहीं करते हैं। यह संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव है।

-अखिलेश यादव

कांग्रेस का हमेशा एजेंडा सामाजिक टकराव और देश को विवादित मुद्दों की तरफ ले जाने का आ रहा है। गरीबों को और गरीब बनाने की मंशा रही है।

-भूपेंद्र चौधरी

दोहरी चुनौती का सामना कर रहे आकाश

अनुसूचित मतदाताओं के साथ सर्व समाज के युवा दिलों में भी खुद को कर रहे स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बीते चुनावों में बसपा की गिरती साख को 2024 के लोकसभा चुनाव में बचाने को जुटे नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद दोहरी चुनौती का सामना कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी में पार्टी को जिताने के साथ ही खुद को भी पार्टी का सही उत्तराधिकारी साबित करने की जिम्मेदारी भी उनके कंधे पर है।

एकला चलो की रणनीति पर लोकसभा चुनाव लड़ रही बसपा के लिए मुख्य दल बने रहने की चुनौती है, 2019 के लोकसभा चुनाव में 10 सीटे जितने वाली बसपा को सपा का समर्थन था, जो इस बार प्रतिद्वंदी की भूमिका में हैं। ऐसी परिस्थितियों में बसपा को दोबारा पुराने तेवर में लाने को पार्टी की बदली रणनीति के तहत उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी जिम्मेदारी उठा रहे है। मायावती के विश्वास को अंजाम तक पहुंचाने बीते छह अप्रैल से आनंद ने पूरी ताकत झोंक रखी है। इस चुनावी सफर में विभिन्न जिलों में प्रत्याशियों के समर्थन में उनकी दो दर्जन से ज्यादा चुनावी सभा प्रस्तावित हैं।

नेशनल कोऑर्डिनेटर की रैलियों में जुटने वाले युवाओं की संख्या को देखकर संगठन के पदाधिकारी भी खुश हैं। रैलियों में पीएम मोदी से लेकर परीक्षा पेपर लीक आदि स्थानीय मुद्दों को लेकर योगी सरकार पर भी हमलावर हो रहें हैं। आकाश आनंद रेलवे में रिक्त 30 लाख पद की बाते कर रहे है, नौकरी संबन्धी पेपर लीक होने और राज्य सरकार द्वारा नौजवानों को नौकरी न दे पाने का मुद्दा उठा रहे हैं।

बैठकों में 75 फीसदी युवा जुट रहे हैं

प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल का कहना है कि आकाश आनंद, युवाओं के आईकॉन बन चुके है। आकाश आनंद युवाओं की समस्याओं पर बात करते हैं। पार्टी बैठकों में युवाओं की उपस्थिति 75 फीसदी हो चुकी है। नौजवानों के मुद्दों से रैलियों में युवा मतदाताओं की जबरदस्त भीड़ जुट रही है। ब्राम्हण, वैश्य, मुस्लिम, अनुसूचित सभी वर्ग का युवा आकाश आनंद के नेतृत्व में एकजुट है। यूथ के जुड़ने से पार्टी सभी 80 सीटों पर टक्कर दे रही है।

नाराजगी की ले रहे जानकारी

लोकसभा चुनाव की शुरुआत होते ही आकाश बसपा का लौटा हुआ जनाधार वापस लाने के लिए पुराने और कर्मठ बसपा नेताओं को भी साध रहे हैं, इसके लिए वह खुद उनसे मिलकर जनता की नाराजगी के बारे में जानकारी ले रहे, जिससे वह जब जनता के बीच जाते हैं तो बड़ी ही आसानी से उनसे घुलमिल जाते हैं।

1,25,88,952 प्रचार प्रसार सामग्री हटाई गई

अमृत विचार, लखनऊ: आदर्श आचार संहिता के तहत चल रही कार्रवाई में अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 1,25,88,952 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 76,91,583 व निजी स्थानों से 48,97,369 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,45,509, पोस्टर के 35,50,888, बैनर के 21,63,970 व अन्य 11,31,216 मामलों में कार्रवाई की गई।

इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 6,67,093, पोस्टर के 22,55,441 बैनर के 12,13,389 व अन्य 7,61,446 मामलों में कार्रवाई की गई। इसी प्रकार अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1277 मामलों में व लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्रवाई की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग व अन्य मामलों में 102 एफआईआर दर्ज कराई गई।

गड़बड़ी की तो सबक सिखाएंगे चाचा चौधरी

मतदाता जागरूकता के लिए छात्र कर रहे अभिनय

चुनाव डेस्क, लखनऊ

अमृत विचार: मैं चाचा चौधरी हूं, जो चुनाव में गड़बड़ी करेगा मैं सबको सबक सिखाऊंगा। जागरुक नागरिक बनिये और वोट कीजिये! विद्यालयों, के छात्र प्रतिष्ठित हास्य पात्रों का अभिनय कर रहे हैं। बेहटा में राजकीय प्राथमिक विद्यालय बख्शी का तालाब हैं। स्टूडेंट्स यहां नाटक के माध्यम से लोगों को शिक्षित कर रहे हैं कि कैसे... नए वोटरों को एप के बारे में बताकर आईडी बनवा सकते हैं, विकलांग लोग, और क्या करें और क्या न करें। ये भी बताया जा रहा है

"चाचा चौधरी और साबू की यादों में बस गए है। पाठकों को उनके प्रतिष्ठित संवादों के लिए याद किया जाता है और बातचीत। वे गर्मजोशी और पुरानी यादों को जगाते हैं। हमारे देश में युवा मतदाताओं की बड़ी संख्या है। इसलिए चाचा चौधरी न केवल यादें ताजा करते हैं बल्कि... वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं।

दरअसल, लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां और उम्मीदवार वोटरों को अपने-अपने तरीके से लुभाने में लगे हैं। प्रशासन भी चुनाव की तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता है। इसी क्रम में अधिक मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए तरह-तरह के तरीकों को अपनाकर मतदाताओं को वोट देने के अधिकार के लिए लिए जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कॉमिक्स के चाचा चौधरी और साबू भी मैदान में उतर गए हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार चाचा चौधरी चुनावी दंगल कॉमिक्स का तेजी से प्रचार प्रसार हो रहा है।

उच्च प्राथमिक विद्यालयों, हाई स्कूल, इंटर कॉलेज और डिग्री कॉलेजों में इस 60 पन्नों के कॉमिक्स की हार्ड कॉपी और सॉफ्ट कॉपी वितरित की जा रही है। ऐसे में चाचा चौधरी और साबू अब मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग की ओर से स्वीप योजना के तहत चाचा चौधरी और चुनावी दंगल नाम से कॉमिक्स जारी की गई है, जिसमें हर वर्ग के वोटरों को ध्यान में रखकर 10 अलग-अलग कहानियां शामिल की गईं हैं। 10 अलग-अलग कहानियां चाचा चौधरी और न्यू वोटर, बनें स्मार्ट वोटर, महिला मतदाता की भागीदारी, चुनावी हेराफेरी, थर्ड जेंडर वोटर अवेयरनेस आईकॉन, अपने उम्मीदवार को जानो एप, पोस्टल वोटर, हर वोट है जरूरी, चाचा चौधरी और अपना वोट शामिल की गईं हैं।

रोचक अंदाज

कॉमिक्स में बेहद रोचक अंदाज में चाचा चौधरी और साबू लोगों को मतदाता बनने, प्रलोभन में न आने, मतदान करने आदि के लिए प्रेरित करते नजर आ रहे हैं। आने वाले दिनों में यह कॉमिक्स जन सामान्य के लोगों में वितरित करने की तैयारी है।

छत्तीसगढ़ के रण में जीत का प्रण

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। छत्तीसगढ़ में 11 लोकसभा सीटें हैं। इनमें चार सीटें एसटी उम्मीदवारों के लिए और एक सीट एससी के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य की 11 में से नौ सीटें जीतकर शानदार सफलता पाई थी। कांग्रेस केवल दो सीटों पर सिमट कर रह गई थी। भाजपा को 50.7 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस का वोट शेयर 40.9 प्रतिशत था। अब लोकसभा चुनाव-2024 में राज्य में चार माह पहले विधानसभा चुनाव जीतने वाली भाजपा के सामने पार्टी की सांसद टैली को डबल डिजिट में पहुंचाने की चुनौती है, जबकि कांग्रेस विधान सभा चुनाव की हार के गम से उबरकर खुद को मजबूत विपक्ष के रूप में स्थापित करने की हर संभव कोशिश में लगी है। राज्य में दो चरणों में मतदान हो चुका है अब तीसरे चरण में सात मई को सात सीटों रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, दुर्ग और जांजगीर-चांपा सीटों पर सात मई को वोट डाले जाएंगे। इस चरण को भाजपा-कांग्रेस के बीच असली लड़ाई माना जा रहा है। इसमें कांग्रेस के प्रण और भाजपा के रण की परीक्षा होगी।

- भाजपा-कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाले इस राज्य में दोनों दलों ने जीत के लिए बिछाई है बिसात
- तीसरे चरण में सात सीटों पर जबर्दस्त घमासान, भाजपा और कांग्रेस के सितारे उतरेंगे जमीन पर
- विधानसभा चुनाव में जीत से उत्साहित भाजपा क्लीन स्वीप की तैयारी में, तो कांग्रेस लेना चाहती हार का बदला

बीते तीन चुनावों में भाजपा का वोट छह तो कांग्रेस का चार फीसदी बढ़ा

- छत्तीसगढ़ में नौ लोकसभा सीटों पर काबिज भाजपा पार्टी के मिशन-400 पार को सफल बनाने के लिए उत्तराखंड, गुजरात और राजस्थान की तरह इस बार राज्य में भी क्लीन स्वीप करके सभी 11 सीटों पर कमल खिलाना चाहती है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद पार्टी का यह उत्साह बेवजह भी नहीं है। छत्तीसगढ़ में पिछले तीन लोकसभा चुनावों में हर बार कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा है। भाजपा का वोट शेयर 2009 से 2019 तक जहां छह फीसदी बढ़ा है, वहीं वोट तो कांग्रेस का भी चार प्रतिशत बढ़ा है, लेकिन उसे सीटों का खास फायदा नहीं हुआ।
- 2009 में भाजपा ने 10 सीटें और कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। 2014 में फिर भाजपा के खाते में 10 सीटें आईं और कांग्रेस के हाथ एक ही सीट लगी। 2019 में जरूर भाजपा नौ सीटें ही जीत पायी थीं और कांग्रेस ने 2 सीटों पर कब्जा जमा लिया था। चुनाव आयोग के अनुसार पिछले साल दिसंबर में छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 90 सीटों में भाजपा को 54 और कांग्रेस को 35 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा का वोट शेयर पिछले चुनाव के 33 फीसदी से बढ़कर 46 फीसदी से ज्यादा हो गया था। इसके मुकाबले कांग्रेस का वोट शेयर थोड़ा घटा था। 2018 में पार्टी का वोट प्रतिशत 43 फीसदी था, लेकिन 2023 में कांग्रेस को 42 .23 फीसदी वोट ही मिले थे।
- राजनीतिक जानकारों का कहना है कि छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दलित, आदिवासी और ओबीसी वोट कांग्रेस के साथ जा रहा था। लेकिन भाजपा की दो घोषणा धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य और महतारी बंधन योजना ने उसके नाराज समर्थकों के साथ फ्लोटिंग वोटरों को भाजपा के पक्ष में खड़ा कर दिया। अब लोकसभा चुनाव में भूपेश बघेल सरकार की नाकामी, भ्रष्टाचार के साथ मोदी की गारंटी और चेहरा है, जो भाजपा को आगे खड़ा दिखा रहा है।



2019 में मत प्रतिशत

50.7% भाजपा
40.9% कांग्रेस

2014 में मत प्रतिशत

48.7% भाजपा
38.4% कांग्रेस

2019 का दलीय परिणाम

दल	सीट	प्राप्त वोट
भाजपा	09	69,02,477
कांग्रेस	02	55,69,183

2014 का दलीय परिणाम

दल	सीट	प्राप्त वोट
भाजपा	10	59,73,904
कांग्रेस	01	47,02,813

विस चुनाव में आठ लोस सीटों पर आगे रही थी भाजपा

विधान सभा परिणामों के मुताबिक राज्य में आठ लोकसभा सीटों पर भाजपा और कांग्रेस तीन सीटों पर आगे रही है। कांग्रेस जिन सीटों पर आगे रही थी, वह तीसरे चरण में आती हैं। पार्टी के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट चुनावी अभियान का जायजा ले गए हैं। सोमवार को राहुल गांधी और 30 को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बाद दो मई को प्रियंका गांधी आने का कार्यक्रम है। भाजपा के भी स्टार प्रचारकों इस चरण में चुनाव प्रचार में ताकत लगाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अगले दो दिनों में कोरबा में सभा का कार्यक्रम बन रहा है। मोदी इससे पहले भी राज्य में चार सभाएं कर चुके हैं। भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों के दौरे के कार्यक्रम बनाए हैं।

रायपुर में दिग्गज नेता और युवा चेहरे के बीच रोचक हुई लड़ाई

रायपुर लोकसभा सीट पर बीते 28 साल से भाजपा काबिज है। यहां से 1991 में अंतिम बार कांग्रेस नेता विद्या चरण शुक्ल जीते थे। भाजपा से मैदान में उतरे कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल आठ बार से रायपुर दक्षिण विधानसभा से चुनाव जीत रहे हैं। इनके मुकाबले कांग्रेस ने रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय को उतारा है। वह युवा चेहरा हैं। वह स्थानीय समस्याएं उठाकर भाजपा को घेरने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

बिलासपुर में हो सकता कांटे का मुकाबला

बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा सात बार से जीत रही है। 2019 में यहां से अरुण साव बड़े अंतर से जीते थे। यहां भाजपा के तोखन साहू के सामने कांग्रेस के देवेंद्र सिंह यादव चुनाव लड़ रहे हैं। यहां यादव और साहू वोटरों का बाहुल्य है, इस कारण मुकाबला करीबी माना जा रहा है। 2019 में भाजपा को 52 और कांग्रेस को 41 प्रतिशत मत मिले थे।

जाजगीर-चांपा लोकसभा सीट से भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह कमलेश जांगड़ को उतारा है। उनके सामने कांग्रेस के डा .शिवकुमार डहरिया चुनौती पेश कर रहे हैं। पिछली बार इस सीट से भाजपा के गुआरम अजगले ने करीब 82 हजार मतों से कांग्रेस प्रत्याशी को हराया था। इस बार यहां कांग्रेस जोर लगा रही है।

रायगढ़ में ढाई दशक से भाजपा का कब्जा

- रायगढ़ लोकसभा सीट से भाजपा के राधेश्याम राठिया के सामने कांग्रेस से सारंगढ़ राज परिवार की डॉ . मेनका देवी सिंह मुकाबले में हैं। इस सीट पर 1999 से भाजपा का कब्जा है। यहां की भाजपा सांसद गोमती साय ने इस्तीफा देकर विधानसभा चुनाव जीती थीं। भाजपा उनके आदिवासी होने पर सवाल खड़े कर रही है। कांग्रेस में भी उनकी प्रत्याशिता पर नाराजगी के स्वर हैं।

कोरबा में कांग्रेस को फिर जीत की आस

- कोरबा लोकसभा सीट पर कांग्रेस का प्रभाव रहा है। यहां से भाजपा की पूर्व राज्यसभा सदस्य सरोज पांडेय के सामने कांग्रेस की मौजूदा सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत हैं। यहां बागेश्वर बाबा की कथा में आए श्रद्धालुओं को भाजपा का पटका पहनाए जाने पर विवाद खड़ा हो गया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में नोटिस जारी किया है। पिछली बार कांग्रेस यह सीट करीब 27 हजार मतों से जीती थी।

राजनांदगांव में भूपेश बघेल की जीत ओबीसी वोटरों पर निर्भर

- छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव लोकसभा सीट पर इस बार के सबसे मुकाबला दिलचस्प में कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के मौजूदा सांसद संतोष पांडेय से हुआ। इस लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में कांग्रेस के पास 5 और भाजपा के पास 3 सीटें हैं। पिछली बार संतोष पांडेय ने कांग्रेस के प्रत्याशी भोलाराम साहू को एक लाख से अधिक मतों से पराजित किया था। कांग्रेस ने लोकसभा क्षेत्र में पिछड़े वर्ग की बहुलता को देखते हुए भूपेश बघेल को उतारा था।

महाराज के आगे भाजपा के गढ़ में सेंध लगा पाएंगी शशि सिंह

सरगुजा आरक्षित लोकसभा सीट आदिवासी बेल्ट मानी जाती है। 2019 में यहां से भाजपा की रेणुका सिंह बड़े अंतर से जीती थीं। यहां कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए चिंतामणि महाराज जो राज्य के संत गहिरा गुरु के परिवार से हैं, को भाजपा ने मैदान में उतार दिया है। उनका मुकाबले में कांग्रेस की शशि सिंह चुनाव लड़ रही हैं। यहां जानकार भाजपा को मजबूत मान रहे हैं।

दुर्ग में भाजपा-कांग्रेस के बीच मानी जा रही कड़ी टक्कर

दुर्ग लोकसभा सीट पर 2019 में भाजपा जीती थी। भाजपा के विजय बघेल ने कांग्रेस की प्रतिमा चंद्राकर को बड़े अंतर से हराया था। हालांकि 2014 में कांग्रेस के ताम्रध्वज साहू ने भाजपा की सरोज पांडेय को यहां शिकस्त दी थी। भाजपा ने एक बार फिर विजय बघेल पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस ने अपने जमीनी कार्यकर्ता राजेंद्र साहू को उतारा है। यहां इस बार करीबी मुकाबला माना जा रहा है।

बस्तर दे चुका बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की विजय का संदेश

संवेदनशील नक्सल प्रभावित बस्तर सीट पर 68 .29 प्रतिशत मतदान करके लोग बंदूक तंत्र पर लोकतंत्र की जीत का संदेश दे चुके हैं। कांकेर में 78, राजनांदगांव में 77 और महासमुंद में 77 प्रतिशत से अधिक वोट पड़े थे, जो पिछली बार से ज्यादा थे। दूसरे राज्यों में कम मतदान की जगह छत्तीसगढ़ में ज्यादा वोट पड़ना सकरात्मक संदेश है।

बिरनपुर हिंसा व पीएससी घोटाला फिर बना कांग्रेस के गले की फांस

- भूपेश बघेल सरकार में हुई बिरनपुर हिंसा और पीएससी घोटाला का मुद्दा विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पर भारी पड़ा था, अब लोकसभा चुनाव में भी ये दोनों मुद्दे कांग्रेस के लिए गले की फांस बनते दिख रहे हैं। केंद्र सरकार की अनुमति के बाद दोनों मामलों में सीबीआई जांच शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय चुनावी अभियान में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर हमलावर हैं। वह कह रहे हैं कि पीएससी के जरिए युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने वादा किया था कि बिरनपुर हिंसा में शामिल आरोपितों को जेल भेजा जाएगा। बिरनपुर में सांप्रदायिक हिंसा में भुवनेश्वर साहू की हत्या हुई थी। इसके बाद भाजपा ने भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू को विधानसभा में टिकट दिया था। वह चुनाव जीतकर विधायक बने थे।

नासिक में दौड़ी अघाड़ी की गाड़ी, महायुति में गतिरोध का पेच

चुनाव डेस्क

नासिक। महाविकास अघाड़ी से शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी राजाभाऊ वाजे नासिक लोकसभा सीट पर सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। लेकिन महायुति में प्रत्याशी चयन को लेकर दरार अभी भी बनी हुई है। बीते 45 दिनों से नासिक लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवारी को लेकर फंसा पेंच नहीं सुलझ सका है। उधर, महाविकास अघाड़ी ने अपना उम्मीदवार तय करके प्रचार में बढ़त बना ली है।

छगन भुजबल द्वारा नासिक सीट पर चुनाव लड़ने से इंकार करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सत्तारूढ़ शिवसेना गुट का सीट पर दावा करने का मार्ग प्रशस्त हो गया था। इस सीट से दो बार के सांसद हेमंत गोडसे शिंदे गुट के साथहैं। वह तीसरी बार चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। 2019 में शिवसेना के टिकट पर हेमंत गोडसे ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,63,599 वोट मिले थे, जबकि एनसीपी के समीर भुजबल ने 2,71,395 वोट पाए थे।



छगन भुजबल

एकनाथ शिंदे

अजित पवार

अमृत विचार

भाजपा से इस सीट पर पूर्व विधायक राहुल ढिकले का नाम सबसे आगे है। लेकिन नासिक सीट पर राकांपा (अजित पवार गुट) और शिवसेना (शिंदे गुट) दोनों प्रत्याशिता के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। शिंदे गुट आसानी से नासिक सीट छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उधर, छगन भुजबल के उम्मीदवारी वापस लेने के बाद भी राकांपा ने नासिक सीट पर अपनी जिद नहीं छोड़ी है। इसलिए नासिक सीट पर महायुति में गतिरोध नहीं दूर हो पा रहा है। इससे महायुति के पदाधिकारी व कार्यकर्ता असमंजस में हैं।

- शिवसेना उद्धव ठाकरे के प्रत्याशी सोमवार को करेंगे नामांकन दाखिल
- शिवसेना शिंदे के साथ राकांपा अजित अड़े हैं चुनाव लड़ने को लेकर

तीसरे चरण में तय होगा शिवसेना राकांपा टूट में कौन ताकतवर : महाराष्ट्र में तीसरे चरण में सात मई को रायगढ़, बारामती, उस्मानाबाद, लातूर, सोलापुर, माधा, सांगली, सातारा, रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग, कोल्हापुर और हातकणंगले सीट पर मतदान होना है। सबसे रोचक मुकाबला बारामती में सुप्रिया सुले (एनसीपी शरद पवार गुट) का सुनेत्रा पवार (एनसीपी अजित गुट) से है।

माधा सीट पर रणजीत सिंह नाइक (भाजपा) का मुकाबला धैर्यशील मोहिते पाटिल (एनसीपी पवार) से है। उस्मानाबाद सीट पर अर्चना पाटिल (भाजपा) के सामने ओमप्रकाश राजे निंबालकर (शिवसेना उद्धव) हैं। लातूर में सुधाकर श्रंगारे (भाजपा) का मुकाबला शिवाजीराव कालगे (कांग्रेस) से है। हातकणंगले में राजू शेट्टी (स्वाभिमानी पक्ष), सत्यजीत पाटिल (शिवसेना शिंदे) और धैर्यशील माने (शिवसेना उद्धव) में त्रिकोणीय मुकाबला है। कोल्हापुर सीट से छत्रपति शाहू महाराज (कांग्रेस) का सीधा मुकाबला संजय मांडलिक (शिवसेना शिंदे) से है। शोलापुर में मुकाबला प्रणीति शिंदे (कांग्रेस) और राम सातपुते (भाजपा) के बीच हो रहा है।

मतदाताओं को रिझाया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में पार्टी उम्मीदवार के लिए वोट मांगे। इस दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिए उन्होंने वाद्य यंत्र भी बजाया।

मांगे वोट

नई दिल्ली से कांग्रेस उम्मीदवार कन्हैया कुमार ने रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर हमला बोला। इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने की अपील की।

35 सालों से कांग्रेस का चक्रव्यूह भेदती आ रही भाजपा

भिंड संसदीय सीट

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। मध्य प्रदेश की भिंड लोकसभा सीट पर चुनावी पारा चढ़ा हुआ है। 35 सालों में नौ चुनाव हुए और सभी में भाजपा को यहां जीत मिली। अब पार्टी 10 वीं बार जीत दर्ज करने के लिए वर्तमान सांसद संध्या राय के साथ मैदान में है। भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए कांग्रेस भी आतुर दिख रही है और इस बार उसने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है।

अब के चुनावों में मुख्य मुकाबले में रही कांग्रेस के लिए उसके बागी देवाशीष जरारिया मुसीबत बन गए हैं। देवाशीष को बसपा ने हाथी का महावत बना लिया है। देवाशीष इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में लगे हैं पिछले चुनाव में उन्हें भाजपा की संध्या राय ने हराया था।

2019 में चुनाव में देवाशीष जरारिया कांग्रेस के टिकट पर मैदान में थे तब उनके मुकाबले भाजपा ने नया चेहरा संध्या राय के रूप में उतारा था। संध्या ने उन्हें पटखनी दी तो इस बार कांग्रेस ने जरारिया से किनारा कर लिया। पार्टी को उम्मीद थी कि फूल सिंह बरैया को जीत दिलाने में जरारिया शिद्दत के साथ लगेंगे लेकिन उन्होंने तो हाथ का साथ छोड़कर हाथी की सवारी कर ली। इसे कांग्रेस के लिए किसी झटके से कम नहीं माना जा रहा है। यहां तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। इससे पहले 30 अप्रैल को राहुल गांधी भिंड में सभा करेंगे।

इस सीट से 1971 में भारतीय जनसंघ के टिकट पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया भी सांसद रह चुकी हैं। यहां से ज्यादातर दूसरे जिलों के उम्मीदवार ही सांसद बनते रहे हैं। यहां तक कि वर्तमान सांसद संध्या राय भी मुरैना जिले की निवासी हैं। वह दिमनी से विधायक रह चुकी हैं।

10, 19 ,722 पुरुष मतदाता	37 ट्रांसजेण्डर मतदाता हैं
8,73 ,872 महिला मतदाता	18, 93, 631 कुल मतदाता

- 10 वीं बार जीत के लिए पार्टी ने वर्तमान सांसद संध्या पर जताया विश्वास
- कांगेस ने भांडेर से विधायक फूल सिंह बरैया को मैदान में उतारा है
- कांग्रेस के बागी देवाशीष बने हाथी के महावत, लड़ाई में आने को आतुर

इस बार कांटे का मुकाबला

इस चुनाव में मुकाबला कांटे का हो सकता है। क्योंकि प्रदेश की सत्ता पर भाजपा भले ही काबिज है लगातार 35 सालों से इस संसदीय सीट को जीतती आ रही है लेकिन विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने उसे जबरदस्त टक्कर दी थी। यहां की आठ विधानसभा सीटों में से चार पर कांग्रेस और चार पर भाजपा काबिज है। ऐसे में यह कहा जा रहा है कि इस बार मुकाबला कांटे का हो सकता है।

भाजपा के रामलखन सिंह लगातार चार बार जीते

- भाजपा ने पहली बार 1989 में इस सीट पर कब्जा किया था। तब नरसिंह राव दीक्षित सांसद बने थे। इसके बाद भाजपा के 1991 में योगानंद सरस्वती को सांसद बनने का मौका मिला। 1996 के चुनाव में राम लखन सिंह सांसद बने और वे 2004 तक जीते। इस तरह चार बार सांसद बनने का मौका उन्हें मिला। पार्टी ने इसके बाद अशोक अर्गल पर दांव लगाया और वे भी 2009 में सांसद बनने में कामयाब हुए। 2014 में भागीरथ प्रसाद को जीत मिली तो 2019 में संध्या राय सांसद बनीं।

नरोत्तम मिश्रा भी यहां से हारे

- शिवराज सिंह सरकार में गृह मंत्री रहते हुए नरोत्तम मिश्रा को यहां की दतिया विधानसभा सीट से हार का सामना करना पड़ा था। उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार ने ही पटखनी दी। नरोत्तम मिश्रा की हार भाजपा के लिए किसी झटके से कम नहीं थी। इससे भी कांग्रेस का मनोबल भिंड लोकसभा के चुनाव में बढ़ा हुआ है।

एक नजर

मुंबई में बाल तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ एक चिकित्सक समेत सात गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई पुलिस ने बच्चों की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर एक चिकित्सक और छह अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्यों को नवजात और एक बच्चे को बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा ने शनिवार को आरोपी डॉ. सोपानराव खंडारे, वंदना अमित पवार, शीतल गणेश वारे, स्नेहा सूर्यवंशी, नसीमा हनीफ खान, लता सुरवाडे और शरद मारुति देवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि विक्रोली निवासी शीतल वारे ने पांच महीने के बच्चे को दो लाख रुपये में बेच दिया। शीतल को गोवंडी से पकड़ा गया, जिसके बाद पुलिस ने डॉ. खंडारे को गिरफ्तार कर लिया, जिन्होंने बच्चे को बेचने में उसकी मदद की थी।

नाकाबंदी में वाहन की जांच कराने से मना करने पर भाजपा का निलंबित नेता गिरफ्तार

जयपुर। राजस्थान में बीकानेर जिले की पुलिस ने भाजपा से निलंबित नेता उस्मान गनी को पुलिस नाकाबंदी के दौरान अपने वाहन की जांच कराने से इनकार करने पर एतियातन गिरफ्तार किया है। राजस्थान में चुनावी रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई टिप्पणी पर गनी ने नाराजगी व्यक्त की थी जिसके बाद पिछले सप्ताह भाजपा ने उन्हें बीकानेर के जिला अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पद से निष्कासित कर दिया था। बीकानेर पुलिस अधीक्षक तेजवानी गौतम ने बताया कि गनी को शनिवार को हिरासत में लिया गया और रिहाई के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश (एडीएम) के सामने पेश किया गया।

खूंखार गौंडर ग्रुप का सदस्य गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने संगठित अपराध पर कार्रवाई तेज करते हुए रविवार को गौंडर ग्रुप के खूंखार गैंगस्टर को हथियारों और हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा कि गैंगस्टर के खिलाफ पहले से ही 14 मामले लंबित थे और वह हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी, हत्या के प्रयास, जबरन वसूली और अन्य जैसे संगठित अपराध में शामिल था। विक्की गौंडर गिरोह से जुड़ा एक गैंगस्टर शहर में सक्रिय है और जालंधर और अन्य शहरों में अवैध हथियारों की आपूर्ति सहित कई अपराधों में शामिल है।

मणिपुर में 30 अप्रैल को होगा पुनर्मतदान

इंफाल। चुनाव आयोग (ईसी) ने बाहरी मणिपुर क्षेत्र के तहत तीन विधानसभा क्षेत्रों के छह केंद्रों पर 30 अप्रैल को फिर से मतदान कराने का आदेश दिया है। मतदान सुबह सात से शाम चार बजे तक होगा। कांग्रेस ने उसके कार्यकर्ताओं को धमकी दिये जाने के बाद 19 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान की मांग की थी।

नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप गिरफ्तार

ठाणे। महाराष्ट्र के नवी मुंबई टाउनशिप में पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक व्यक्ति को रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी और पीड़िता उलवे इलाके में एक ही इमारत के रहते हैं। एनआरआई सागरी पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि शनिवार शाम जब पीड़िता आरोपी के घर खेलने के लिए गई थी तब उसने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। आरोपी पहले भी बच्ची का यौन उत्पीड़न कर चुका है। शनिवार को बच्ची ने परिजनों को बताया। माता-पिता की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज में रविवार को ट्रक ने वैन को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना बरहिमा बाजार के निकट तब हुई जब वैन में सवार पुलिस टीम चुनाव के तीसरे चरण के तहत ड्यूटी के लिए सुपौल जा रही थी। पुलिसकर्मियों को ले जा रही वैन बरहिमा बाजार के पास रुकी थी तभी ट्रक ने उसमें पीछे से टक्कर मार दी। दो पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक घायल पुलिसकर्मी की अस्पताल में मौत हो गई। इसमें 12 से अधिक लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में तीन पुलिसकर्मियों की मौत और अन्य के घायल होने पर दुख जताया है। कुमार ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि घायल पुलिसकर्मियों को सर्वोत्तम संभव इलाज मिले।

शहजादे ने महाराजाओं का अपमान किया पर नवाबों के अत्याचारों पर चुप हैं : मोदी

कांग्रेस पर हमला जारी रखते हुए कानून और व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर भी किए प्रहार

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारत के राजाओं और महाराजाओं का अपमान करने, लेकिन तुष्टीकरण की राजनीति की खातिर नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों के किए अत्याचारों पर एक भी शब्द नहीं बोलने का आरोप लगाया। उन्होंने विरासत कर के मुद्दे पर भी कांग्रेस के खिलाफ हमला जारी रखा और कानून व व्यवस्था को लेकर कर्नाटक सरकार पर निशाना साधा।

मोदी ने कहा कि भाजपा लोगों की संपत्तियां बढ़ाने पर काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस का शहजादा और उनकी बहन दोनों यह घोषणा कर रहे हैं कि अगर वे सत्ता में आए तो वे देश का एक्स-रे करेंगे। प्रधानमंत्री ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, बैंक लॉकर, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे। ये लोग हर घर पर छापा मारेंगे और आपकी संपत्ति पर कब्जा करेंगे। कब्जा करने के बाद वे इसे पुनः वितरित करने की बात कर रहे हैं, वे उसे अपने प्रिय वोट बैंक को देना चाहते हैं...क्या आप इसे होने देंगे? मोदी ने कहा कि मैं कांग्रेस

● पीएम ने पूछा, वे आपकी संपत्ति, जमीन, वाहनों, स्त्रीधन और आभूषण, सोने, मंगलसूत्र का एक्स-रे करेंगे

को आगाह करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस इरादे को छोड़ दीजिए। जब तक मोदी जिंदा है, मैं इसे होने नहीं दूंगा...। जनसभा में मोदी ने कहा कि आपने कांग्रेस के शहजादे का हालिया बयान सुना होगा- वह कहते हैं कि भारत के राजा और महाराजा अत्याचारी थे। उन्होंने राजाओं और महाराजाओं पर गरीबों की जमीन और संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया... शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज और कित्तूर की रानी चेन्नम्मा जैसी शख्सियतों का अपमान किया है जिनकी देशभक्ति आज भी हमें प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि नवाबों, निजामों, सुल्तानों और बादशाहों ने जो अत्याचार किया, उसके बारे में शहजादे के मुंह पर ताला लग गया। शहजादे मुगल शासक औरंगजेब के जुल्मों को याद नहीं रख सकते। औरंगजेब ने कई मंदिरों को अपवित्र किया और उन्हें ध्वस्त कर दिया। कांग्रेस उन दलों के साथ खुशी-खुशी गठबंधन कर रही है, जिन्होंने हमारे धार्मिक स्थानों को नष्ट किया, हत्याओं, गौ हत्या में शामिल रहे।

जिन्होंने राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराया, उन्हें मतदाता खारिज कर देंगे

सिरसी (कर्नाटक)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा दिया, उन्हें मौजूदा लोकसभा चुनाव में जनता खारिज कर देगी। मोदी ने कहा कि राम मंदिर निर्माण पर फैसला देश की आजादी के अगले दिन ही ले लिया जाना चाहिए था। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हीं ताकतों ने अंतिम क्षण तक यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि राम मंदिर न बने और आखिरी दिन भी अदालत का दरवाजा खटखटाया था। उत्तर कन्नड जिले के इस तालुका मुख्यालय शहर की जनसभा में मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके दरबारियों ने 70 वर्षों तक कोशिश की है कि राम मंदिर नहीं बनाया जाना चाहिए।

अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं मोदी : राहुल गांधी

कटक, एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केंद्र में अरबपतियों के लिए सरकार चलाते हैं तो दूसरी ओर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक एक ऐसी सरकार का नेतृत्व करते हैं जो केवल राज्य के चुनिंदा लोगों के लिए काम करती है।

गांधी ने कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में दावा किया कि भले ही बीजद और भाजपा एक-दूसरे के खिलाफ चुनावी लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन वास्तव में वे एक साथ काम कर रहे हैं। इसे साझेदारी कहें या कुछ और नाम दें लेकिन बीजद और भाजपा दोनों एक साथ हैं। गांधी ने पटनायक पर निशाना साधते हुए कहा कि भले ही पटनायक मुख्यमंत्री हैं, लेकिन राज्य में बीजद सरकार उनके सहयोगी वीके पांडियन चला रहे हैं। मोदी और पटनायक की कथित साझेदारी पर निशाना साधते हुए राहुल ने कहा कि अंकल-जी और नवीन-बाबू ने ओडिशा को पीएएएनएन दिया है,

● कटक के सालेपुर में चुनावी रैली में बीजद और भाजपा पर साझेदारी का लगाया आरोप

अर्थात् पांडियन, अमित शाह, नरेन्द्र मोदी और नवीन पटनायक। उन्होंने आपका धन लूट लिया है। खनन घोटाले के जरिये नौ लाख करोड़ लूटे गए। जमीन हड़पकर 20,000 करोड़ लूटे गए। पौधारोपण घोटाला 15,000 करोड़ का था। जैसे ही कांग्रेस की सरकार बनेगी, हम आपको आपका पैसा वापस देना शुरू कर देंगे। गांधी ने दावा किया कि तेलंगाना में बीआरएस भाजपा के साथ काम करती थी और कांग्रेस ने उसे सत्ता से बाहर कर दिया।

केजरीवाल की गिरफ्तारी वाली याचिका पर आज सुप्रीम सुनवाई

धनशोधन मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में मुख्यमंत्री केजरीवाल की उस याचिका पर सोमवार 29 अप्रैल को सुनवाई करने वाला है, जिसमें उन्होंने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ इस पर सुनवाई कर सकती है।

केजरीवाल ने पहले शीर्ष अदालत से कहा था कि इउनकी अवैध गिरफ्तारी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और संघवाद पर आधारित लोकतंत्र के सिद्धांतों पर हमला है। गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर दायर ईडी के हलफनामे पर केजरीवाल ने कहा कि चुनाव से ठीक पहले उनकी गिरफ्तारी का तरीका और समय एजेंसी की मनमानी के बारे में बहुत कुछ कहता है। उनकी गिरफ्तारी ऐसे समय हुई जब आचार संहिता लागू थी। केजरीवाल ने दावा किया कि यह एक प्रमुख मामला है कि कैसे केंद्र ने आप और उसके नेताओं को कुचलने के लिए धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत ईडी और इसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया है। इसमें दावा किया गया है कि चुनाव की घोषणा और आदर्श आचार संहिता लागू होने के पांच दिन बाद ईडी ने मौजूदा मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय विपक्षी दलों में से एक के राष्ट्रीय संयोजक को अवैध रूप से पकड़ लिया।

● केंद्र सरकार ने आप नेताओं को कुचलने के लिए ईडी और उसकी व्यापक शक्तियों का दुरुपयोग किया

आप के चुनाव प्रचार गीत पर निर्वाचन आयोग ने प्रतिबंध लगाया: आतिशी

नई दिल्ली। आप ने रविवार को दावा किया कि निर्वाचन आयोग ने पार्टी के चुनाव प्रचार गीत जेल के जवाब में हम वोट देंगे पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगा दिया है कि यह सत्तारूढ़ भाजपा और केंद्रीय जांच एजेंसियों की छवि खराब करता है। आप नेता आतिशी ने कहा कि यह संभवत: पहली बार है कि निर्वाचन आयोग ने किसी पार्टी के प्रचार गीत पर प्रतिबंध लगाया है।

सुनीता को जेल में केजरीवाल से मिलने की अनुमति नहीं मिली

नई दिल्ली। तिहाड़ जेल प्रशासन ने सुनीता को अपने पति दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से 29 अप्रैल को मिलने की अनुमति नहीं दी। आप सूत्रों ने बताया कि सुनीता सोमवार को केजरीवाल से मिलने वाली थीं लेकिन तिहाड़ प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और इसकी कोई वजह नहीं बताई।

भाजपा के कार्यक्रमों के बहिष्कार का सर्वखाप ने लिया निर्णय

भिवानी। हरियाणा के चरखी दादरी में सर्वखाप की बैठक में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मंगलवार को होने वाली रैली समेत भाजपा व जजपा के नेताओं के कार्यक्रमों का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। सर्वखाप के मुताबिक रविवार को हुई बैठक में कहा गया कि चुनाव के दौरान नेताओं के चक्कर में आपसी भाईचारा खराब नहीं होने देंगे। दादरी के स्वामी दयाल धाम पर फोगाट खाप प्रधान बलवंत नंबरदार की अध्यक्षता में सर्वखाप की बैठक हुई, जिसमें सांगवान, श्योराण, फोगाट सहित आधा दर्जन खापों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सांसद प्रज्वल की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए एसआईटी गठित

बेंगलुरु, एजेंसी

कर्नाटक सरकार ने जनता दल (सेक्युलर) के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते और हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले कथित सेक्स स्कैंडल की जांच के लिए रविवार को विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया। कर्नाटक राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. नागलक्ष्मी चौधरी द्वारा सरकार को पत्र लिखे जाने के बाद यह कदम उठाया गया।

रेवन्ना हासन लोकसभा सीट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार हैं, जहां 26 अप्रैल को मतदान हुआ। जद(एस) पिछले साल सितंबर में राजग में शामिल हो गया था। आईपीएस अधिकारियों की तीन सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) बिजय सिंह करेंगे। अन्य दो सदस्य, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सुमन डी. पेनेकर और मैसुरु की एसपी सीमा लाटकर हैं। एसआईटी को शीघ्र जांच पूरी करने का निर्देश दिया गया है। प्रज्वल की संलिप्तता वाले कुछ वीडियो क्लिप का हाल के दिनों में हासन में प्रसार किया गया है।

प्रियंका को मुख्यमंत्री मोहन यादव ने नकली गांधी बताया

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पर प्रहार करते हुए दावा किया कि वह नकली गांधी हैं और वोट पाने के लिए इस उपनाम का इस्तेमाल कर रही हैं। मुख्यमंत्री गुना क्षेत्र के म्याना कस्बे में शनिवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 22 अप्रैल को राजस्थान की रैली में कहा था कि कांग्रेस की योजना लोगों की कमाई और मूल्यवान चीजों को घुसपैठियों और उन लोगों को देने की है, जिनकी अधिक संतान हैं। यह पार्टी सत्ता में आने पर माताओं और बहनों का सोना चुरा लेगी। बाद में, प्रियंका ने सोना और मंगलसूत्र संबंधी मोदी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए कहा था कि उनकी मां सोनिया गांधी ने देश के लिए अपना मंगलसूत्र कुर्बान किया। कांग्रेस महासचिव पर निशाना साधते हुए यादव ने कहा कि अपनी प्रपौत्री के मंगलसूत्र नहीं पहनने को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की आत्मा आंसू बहा रही होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां, बेटी के विदा होते ही ससुराल का सरनेम लगा देते हैं लेकिन ये वोट के भूखे लोग अपना सरनेम भूल कर गांधी उपनाम का इस्तेमाल कर रहे हैं।

धार्मिक पोस्टर पर तस्वीर को लेकर भाजपा प्रत्याशी को नोटिस

कोरबा/रायगढ़। निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ के कोरबा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को धार्मिक कार्यक्रम के पोस्टर और बैनर पर उनकी तस्वीर को लेकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अधिकारी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की शिकायत के बाद कोरबा क्षेत्र के सहायक निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने शुक्रवार को भाजपा उम्मीदवार सरोज पांडे को नोटिस जारी कर उनसे 29 अप्रैल तक जवाब मांगा। शिकायत अनुसार भाजपा ने शुक्रवार को मनेंद्रगढ़ क्षेत्र के चिरमिरी में धीरेंद्र गिरि शास्त्री के कार्यक्रम के लिए पांडे और राज्य के मंत्रियों की तस्वीरों वाले बैनर और पोस्टर लगाए थे।

कारोबार/कृषि

सर्राफा

लखनऊ

सोना स्टैंडर्ड	74,150
सोना रवा	74,000
सोना गिन्नी (प्रति नग)	42,500
चांदी तैयार	83,600
चांदी (999)	83,500
चांदी सिक्के (100 नग)	80,000

लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000, राज्मा काला 11500-12500, मूंगफली का दाना 11000-12000, अलसी 5310-5510, लाही 4800-5200, काली सरसों 4900-5300, पीली सरसों 5600-5800, तेल सरसों (प्रति 15) 1475-1900, तेल अलसी 2600-2700, तेल तिल्ली 2600-2700, तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500, तेल नारियल 2700-2800, तेल सोयाबीन 1650-1700, बावर्ची 1900, रथ 1950, चीनी (एम 30) 4250, चीनी (एस 30) 4100, गुड़ पंसेरा 5000, गुड लड्डू 5200, मैदा 3000-3100, आटा 2700-2900, रवा 3000-3050, नारियल120-140, हल्दी 175-225, लाल मिर्च 225-250, काली मिर्च 660-880, धनिया100-120, सुपाड़ी 525-550, जीरा 650-660, खटाई 120-140, सौफ 180-300, सोंठ 350-380, अजवाइन 180-225, मेंथी 70-90

मौद्रिक नीति से ज्यादा प्रभावित हो सकता है शेयर बाजार

इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव, लक्ष्य और पथ दोनों कारकों से होता है प्रभावित

मुंबई, एजेंसी

भविष्य में भारतीय रिजर्व बैंक की नीति घोषणा के दिन नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में शेयर बाजार मौद्रिक नीति की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे। आरबीआई के अधिकारियों के शोध पत्र के अनुसार मौद्रिक नीति के साथ ही घोषित किए जाने वाले विनियामक और विकास उपाय भी शेयर बाजारों को प्रभावित करते हैं। शोध पत्र में कहा गया कि भविष्य में इक्विटी बाजार नीतिगत दरों में अप्रत्याशित बदलाव की तुलना में मौद्रिक नीति को लेकर बाजार की अपेक्षाओं से ज्यादा प्रभावित होंगे।

इसमें कहा गया कि नीतिगत घोषणा के दिन इक्विटी बाजारों में उतार-चढ़ाव ''लक्ष्य

और पथ' दोनों कारकों से प्रभावित होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि बाजार नीतिगत घोषणाओं को पचा लेते हैं और व्यापारी पूरे दिन अपने पोर्टफोलियो को समायोजित करते हैं। 'इक्विटी बाजार और मौद्रिक नीति के आश्चर्य' शीर्षक वाले इस शोध पत्र को भारतीय रिजर्व बैंक के आर्थिक और नीति अनुसंधान विभाग के मयंक गुप्ता, अमित पवार, सत्यम कुमार, अभिनंदन बोरड और सुब्रत कुमार सीट ने तैयार किया गया है।

अमेरिका में ब्याज दर पर फैसले से तय होगी बाजार की चाल

नई दिल्ली। कंपनियों की तिमाही आय के नतीजे, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले और अन्य वैश्विक रुझानों से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार की चाल निर्धारित होगी। विदेशी निवेशकों की व्यापारिक गतिविधियों, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड की दिशा और रुपया-डॉलर विनिमय दर जैसे कारक भी व्यापार को प्रभावित करेंगे। महाराष्ट्र दिवस के कारण बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बंद रहेंगे। स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि घरेलू स्तर पर, चौथी तिमाही के नतीजे कुछ विशेष शेयरों को दिशा देंगे।

भारतीय युवाओं में बेरोजगारी अस्थायी है: एमपीसी सदस्य

नई दिल्ली। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि युवा आयु वर्ग में बेरोजगारी सबसे अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भारतीय युवा कौशल हासिल करने और उद्यम शुरू करने में अधिक समय लगाते हैं। गोयल ने कहा कि मजबूत वृद्धि के साथ देश में रोजगार सृजन में लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि अधिक योग्य लोगों में युवा बेरोजगारी अधिक है, लेकिन वे अधिक वेतन भी कमाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, युवा कौशल हासिल करने और नौकरी की तलाश में अधिक समय बिता रहे हैं। गोयल अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट पर जवाब दे रही थीं। रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में, भारत की कुल बेरोजगार आबादी में युवाओं की हिस्सेदारी 83 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि युवा आयु वर्ग के लिए बेरोजगारी अधिक है, लेकिन यह अस्थायी है, इंतजार के दौरान वे अनौपचारिक काम करते हैं या उद्यमिता में जोखिम उठाते हैं, जहां बहुत अच्छा करते हैं। हाल की अवधि में युवा बेरोजगारी में कमी आई है। बेहतर स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचे, बीमा, शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण सुविधाओं के माध्यम से युवाओं के लिए अवसरों को बढ़ाया जा सकता है, न कि स्थायी सरकारी नौकरियां देकर, जो सुरक्षा प्रदान करती हैं और साथ ही ठहराव भी।

अधिकांश खाद्य तेलों में आई तेजी, दालें महंगी

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेशी बाजारों के मिले-जुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में अधिकांश खाद्य तेलों में उबाल रहा तथा दालें भी महंगी हो गईं जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा सप्ताहांत पर 99 रिंगिट गिरकर 3956 रिंगिट प्रति टन रह गया। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.53 सेंट उबलकर 45.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। सप्ताहांत पर अधिकांश खाद्य तेलों में तेजी रही। इस दौरान सरसों तेल 513 रुपये, सोया रिफाइंड 659 रुपये और वनस्पति तेल 400 रुपये प्रति क्विंटल उबल गया जबकि मूंगफली तेल 293

रुपये और सूरजमुखी तेल 294 रुपये प्रति क्विंटल गिर गया।

वहीं, पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सप्ताहांत पर सरसों तेल 12967 रुपये प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19780 रुपये प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12160 रुपये प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11721 रुपये प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8400 रुपये प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10666 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा।

सेबी ने ग्रोपिटल, अन्य इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित किया, जांच जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), अन्य संबंधित इकाइयों और उनके निदेशक अनधिकृत निवेश योजनाओं के माध्यम से धन संग्रह की जांच के नतीजे आने तक प्रतिभूति बाजारों से प्रतिबंधित रहेंगे। हालांकि, नियामक ने अपने पहले के आदेश को संशोधित किया और कृषि निवेश मंच ग्रोपिटल के निदेशकों- ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा दिया।

● पहले के आदेश को किया संशोधित ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा के बैंक खातों से प्रतिबंध हटा

शेयर बाजार नियामक ने कहा कि मामले की विस्तृत जांच जारी है जिससे संस्थाओं की चूक या कमीशन के अतिरिक्त कृत्य सामने आ सकते हैं। मौजूदा क्रम में निष्कर्ष प्रथम दृष्टया जांच पर आधारित हैं। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अमरजीत सिंह ने शुक्रवार को जारी हालिया आदेश में कहा कि सामूहिक निवेश योजना (सीआईएस) विनियमों की धाराओं के तहत मैं अगले आदेश तक अंतरिम आदेश के माध्यम से जारी निर्देशों की इस संशोधन के अधीन पुष्टि करता हूं कि व्यक्तियों, ऋतुराज शर्मा, गायत्री रिनवा और कृष्णा शर्मा के बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटा दिए जाएंगे।

सिंह ने कहा कि प्रतिबंध जारी रहेगा क्योंकि कार्यवाही यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है कि संस्थाओं के पास उपलब्ध धन का दुरुपयोग न हो। सेबी ने जनवरी में पारित एक अंतरिम आदेश में फार्म टेक साइलो एलएलपी (ग्रोपिटल), संबंधित संस्थाओं और उनके निदेशकों को निवेशकों से पैसा इकट्ठा करने से रोक दिया था और उन्हें अगले निर्देश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया था।

एएमसी की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि, 3 फर्मों ने सेबी को मसौदा पत्र भेजा

नई दिल्ली। परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनियों (एएमसी) की विशेष अवसर वाले कोषों में रुचि बढ़ गई है। ऐसी तीन फर्मों एएमसी व्हाइटओक कैपिटल, कोटक महिंद्रा और सैमको ने मार्च-अप्रैल के दौरान इस थीम पर मसौदा पत्र सेबी को भेजा हैं। आदित्य बिड़ला सन लाइफ एमएफ, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एमएफ, एक्सिस एमएफ विशेष अवसर वाले कोष की पेशकश करते हैं। विशेष अवसर वाले कोष, ऐसी म्यूचुअल फंड योजनाएं हैं, जो बाजार की विशेष परिस्थितियों का लाभ उठाने के लिए निवेश करती हैं।

भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी हुई 30%

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के औद्योगिक सामान आयात में चीन की हिस्सेदारी 15 वर्षों में 21 से बढ़कर 30 प्रतिशत हो गई है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के अनुसार दूरसंचार, मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे चीन के औद्योगिक सामानों पर भारत की बढ़ती निर्भरता से यह आंकड़ा बढ़ा।

जीटीआरआई ने कहा कि चीन के साथ बढ़ता व्यापार घाटा चिंता का विषय है, और इस निर्भरता के रणनीतिक निहितार्थ गहरे हैं, जो न केवल आर्थिक बल्कि राष्ट्रीय

● मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे सामानों पर भारत की निर्भरता बढ़ी

सुरक्षा आयामों को भी प्रभावित करते हैं। 2019 से 2024 तक चीन को भारत का निर्यात सालाना 16 अरब अमेरिकी डॉलर रहा है। दूसरी ओर, चीन से आयात 2018-19 में 70.3 अरब डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 101 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत सरकार और उद्योगों को आयात रणनीतियों का मूल्यांकन करना चाहिए और विविध तथा लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को बढ़ावा देना चाहिए।

इस्पात आयात को लेकर सतर्कता जरूरत : नरेन्द्रन

नई दिल्ली। टाटा स्टील के सीईओ टीवी नरेन्द्रन ने कहा है कि इस्पात आयात में वृद्धि जारी है तो इस स्थिति को लेकर सतर्कता जरूरत है। भारत में इस्पात आयात बीते वित्त वर्ष में 38 प्रतिशत उछाल के साथ 83.19 लाख टन पर पहुंच गया है। नरेन्द्रन ने कहा कि यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो यह दुख की बात होगी। हमें आयात को लेकर सतर्क रहना होगा। जब तक यह अनुचित आयात है, सरकार को इससे निपटने की जरूरत है। मांग पर एक अलग प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में इस्पात की खपत आठ से 10 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है।

आज का मुकाबला

दिल्ली कैपिटल्स

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स

दोपहर 7:30 बजे

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	10	500
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	09	447
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	10	418

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	09	14
मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई)	09	14
हर्षल पटेल (पंजाब)	09	14

मैकगुर्क से सतर्क रहना चाहेगी केकेआर

कोलकाता, एजेंसी

पिछले पांच में से चार मैच में जीत हासिल कर आत्मविश्वास से भरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की कमजोर गेंदबाजी का फायदा उठाकर तालिका में शीर्ष चार में पहुंचने की कोशिश करेगी। ऋषभ पंत की अगुआई वाली टीम धीरे धीरे अपनी कमियों में सुधार करके अब मजबूत टीम की तरह खेल रही है। वहीं गौतम गंभीर के मार्गदर्शन वाली टीम केकेआर को पिछले पांच मैच में से तीन में हार का मुंह देखना पड़ा है जिसके लिए उसकी गेंदबाजी जिम्मेदारी रही।

लुंगी एनगिडी की जगह शामिल किये गए ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेसर मैकगुर्क शीर्ष क्रम में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से खुद को 'एक्स फैक्टर' साबित कर चुके हैं। 22 साल के इस 'पावर हिटर' ने अपने शानदार शॉट्स से पांच मैच में 237.50 के स्ट्राइक रेट से 247 रन बनाकर आईपीएल में तहलका मचा दिया है।

केकेआर ने चोटिल मिचेल स्टार्क की जगह श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दुष्मंता चमीरा को शामिल किया लेकिन उन्होंने टीम के लिए पदार्पण में प्रत्येक ओवर 16 रन लुटाए। केकेआर के लिए कुछ सकारात्मक चीजें हैं जिसमें नारायण की बल्लेबाजी में शानदार फॉर्म शामिल है जिन्होंने आठ मैच में दो अर्धशतक और एक शतक से 357 रन बनाए हैं। नारायण और फिल सॉल्ट ने शीर्ष क्रम में केकेआर के लिए काफी रन जुटाए हैं लेकिन अंगकृष रघुवंशी, श्रेयस अय्यर, रिंकू सिंह, आंद्रे रसेल और रमनदीप सिंह को और रन बनाकर योगदान करना होगा।

नाडा पैनल से मिली हरी झंडी, इंडियन ग्रां प्री 1 में वापसी करेंगी हिमा

नई दिल्ली। भारत की स्टार धाविका हिमा दास पिछले महीने सुनवाई के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के अनुशासनात्मक पैनल द्वारा हरी झंडी दिए जाने के बाद बेंगलुरु में मंगलवार को इंडियन ग्रां प्री 1 में वापसी करेंगी।

पिछले साल नाडा ने 12 महीने में तीन दफा अपने रहने के स्थान की जानकारी देने में विफलता के बाद 24 वर्षीय हिमा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया था। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा 30 अप्रैल को होने वाले इंडियन ग्रां प्री 1 की महिलाओं की 200 मीटर रेस की प्रविष्टि सूची में हिमा का नाम शामिल है। सूत्रों ने बताया किपिछले महीने नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल की सुनवाई में उन्हें प्रतियोगित में हिस्सेदारी के लिए हरी झंडी मिल गयी।

तीरंदाज दीपिका को रिकर्व स्पर्धा में मिला रजत

शंघाई। तरुणदीप राय, प्रवीण जाधव और धीरज बोम्मदेवरा की भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2024 में स्वर्ण तथा दीपिका कुमारी ने महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक जीता। चीन के शंघाई में आयोजित शिखर मुकाबले में भारत की दीपिका कुमारी को दक्षिण कोरिया की लिम सिह-योन से हारने के बाद महिलाओं की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में रजत पदक से संतोष किया। लिम ने दीपिका को 6-0 (27-26, 29-27, 28-27) से हराया। भारत ने अंकिता भकत और धीरज की बदौलत मिश्रित टीम रिकर्व में कांस्य पदक जीता। भारत ने इस प्रतियोगिता को पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य सहित कुल आठ पदकों के साथ समाप्त किया। पुरुष टीम के रिकर्व फाइनल में भारत को दक्षिण कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त टीम के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, जिसमें किम वूजिन और किम जे देओक - टोक्यो 2020 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम के दो सदस्य शामिल थे। ली वू सियोक दक्षिण कोरियाई टीम के तीसरे तीरंदाज थे।

खेल डायरी

भारतीय महिला टीम थॉमस कप क्वार्टरफाइनल में

चेंगदू। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम रविवार को सिंगापुर को 4-1 हराकर थॉमस और उबेर कप टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। चीन के चेंगदू में खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम की सिंगापुर के खिलाफ शुरुआत अच्छी नहीं रही। अश्मिता चालिहा शुरुआती एकल मुकाबले में सिंगापुर की येओ जिया मिन से हार गईं और भारत 1-0 से पिछड़ गया। इसके बाद प्रिया कोन्जेंगबाम/श्रुति मिश्रा ने जिओ एन हेंग और जिन यू जिया के खिलाफ अपना युगल मैच 21-15, 21-16 से जीतकर भारतीय अभियान की शुरुआत की। दुनिया की 83वें नंबर की इशरानी बरुआ ने 151वीं रैंकिंग वाली इंसिइरा खान को 21-13, 21-16 से हराकर भारत को बढ़त दिला दी, इससे पहले कनाडा के खिलाफ मैच हारने वाली सिमरन सिंघी/रितिका ठाकर ने टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत हासिल की।

आईएसएल फाइनल में पहुंचा मोहन बागान

कोलकाता। मोहन बागान ने इंडियन सुपर लीग में दोहरे खिताब की दौड़ में खुद को बरकरार रखते हुए ओडिशा एफसी को रविवार को औसत के आधार पर 3-2 से हराया। भुवनेश्वर में सेमीफाइनल का पहला चरण 1-2 से गंवाने के बाद बागान ने आक्रामक शुरूआत करते हुए 22वें मिनट में जेसन कमिंग्स के गोल पर बढत बना ली। इसके बाद सहल अब्दुल समद ने 93वें मिनट में विजयी गोल दागा। मोहन बागान ने इसी मैदान पर मुंबई सिटी एफसी को 2-1 से हराकर लीग विनर्स शील्ड जीती थी। आईएसएल के इतिहास में कोई टीम दोहरे खिताब नहीं जीत सकी है।

बैच ओपन स्क्वाश के फाइनल में पहुंचे सेंथिल

नई दिल्ली। राष्ट्रीय चैंपियन वेलावन सेंथिलकुमार ने हांगकांग के एंडीज लिंग को हराकर पेरिस में बैच ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 58वें स्थान पर मौजूद सेंथिलकुमार ने शनिवार रात को सेमीफाइनल मैच 22 मिनट में 11-2, 11-1, 11-6 से जीता। इस 12,000 डॉलर के पीएसए चैलेंजर टूर स्पर्धा में खिताब के लिए अब भारतीय खिलाड़ी का मुकाबला फ्रांस के मेल्विल स्किय्यानिमेनिको से होगा। सेंथिलकुमार ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल मैच में चेक गणराज्य के जैकब सोलनिकी को 37 मिनट में 11-5, 11-6, 11-2 से हराया था।

सरकार ने गुकेश को दिया 75 लाख का नकद पुरस्कार

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को शतरंज सितारे डी गुकेश को 75 लाख रूपये नकद पुरस्कार देने का ऐलान किया जिन्होंने टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीता है। स्टालिन ने गुकेश को एक शील्ड और शॉल भी प्रदान किया। इस मौके पर प्रदेश के खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन, आला अधिकारी और गुकेश के माता पिता भी मौजूद थे। गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप खिताब के लिए चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने। तमिलनाडु सरकार ने गुकेश को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की तैयारी के लिए 15 लाख रूपये दिये थे।

महेश्वरी ने हासिल किया रजत और ओलंपिक कोटा

नई दिल्ली। निशानेबाज महेश्वरी चौहान ने रविवार को दोहा में आईएसएसएफ शॉटगन ओलंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप के समापन दिन महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रजत पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक के लिए भारत का 21वां कोटा स्थान हासिल कर लिया। पहली बार फाइनल में खेल रही महेश्वरी को स्वर्ण पदक के लिए शूट ऑफ में चिली की फ्रांसिस्का क्रोवेटो चाडिड ने 4-3 से हराया। इससे पहले दोनों निशानेबाजों ने 60 में से एक समान 54 अंक बनाए थे। यह महिला स्कीट में भारत का दूसरा ओलंपिक कोटा स्थान है।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टाइटंस को नौ विकेट से हराया, विल जैक्स ने जड़ा तेज तर्रार नाबाद शतक, कोहली ने खेली 70 रनों की पारी

जैक्स-विराट की बारिश में धुला गुजरात

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात टाइटंस की ओर से साई सुदर्शन ने 49 गेंद में बनाए नाबाद 84 रन

विल जैक्स नाबाद (100) की तूफानी शतकीय और विराट कोहली की (74) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने रविवार को आईपीएल के 45वें मैच में गुजरात टाइटंस को नौ विकेट से हरा दिया है।

201 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कप्तान फाफ डुप्लेसी और विराट कोहली की जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। फाफ डुप्लेसी 12 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आए विल जैक्स ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंदों में पांच चौके और 10 छक्के लगाते हुए नाबाद 100 रनों की पारी खेली। वहीं विराट कोहली 44 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। बेंगलुरु ने 16 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर 206 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर एक मात्र विकेट साई किशोर को मिला। बेंगलुरु की 10 मैचों में यह तीसरी जीत है।

इससे पहले साई सुदर्शन नाबाद (84) और शाहरुख खान (58) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स ने बेंगलुरु को जीत के लिए 201 रनों का लक्ष्य दिया है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान फाफ डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा (5) का विकेट गवां दिया। उसके बाद कप्तान शुभमन गिल (16) बनाकर पवेलियन लौट गए। साई सुदर्शन और शाहरुख खान की जोड़ी ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट लिये (86)रनों की साझेदारी की। शाहरुख खान ने 30 गेंदों में तीन चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए (58) रन बनाए।

साई सुदर्शन ने 49 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए नाबाद 84 रनों की पारी खेली। डेविड मिलर 19 गेंदों में 26 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात टाइटंस ने निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 200 रन का स्कोर खड़ा किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से स्वप्निल सिंह, मोहम्मद सिराज और ग्लेन मैक्सवेल ने एक-एक विकेट लिया।

गुजरात 200/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 11

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ऋद्धिमान साहा का कर्ण बो स्वप्निल	5	4	1/0
शुभमन गिल का ग्रीन बो मैक्सवेल	16	19	1/0
साई सुदर्शन नाबाद	84	49	8/4
शाहरुख खान बो सिराज	58	30	3/5
डेविड मिलर नाबाद	26	19	2/1

गेंदबाजी : स्वप्निल 3-0-23-1, सिराज 4-0-34-1, दयाल 4-0-34-0, मैक्सवेल 3-0-28-1, कर्ण 3-0-38-0, ग्रीन 3-0-42-0

बेंगलुरु 206/1

16 ओवर, अतिरिक्त : 12

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
विराट कोहली नाबाद	70	44	6/3
डुप्लेसी का स्थानापन्न (शंकर) बो साई	24	12	1/3
विल जैक्स नाबाद	100	41	5/10

गेंदबाजी : वि उमरजाई 2-0-18-0, वॉरियर 1-0-15-0, साई किशोर 3-0-30-1, राशिद 4-0-51-0, नूर 4-0-43-0, मोहित 2-0-41-0

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
राजस्थान	9	8	1	16	+0.694
कोलकाता	8	5	3	10	+0.972
चेन्नई	9	5	4	10	+0.810
हैदराबाद	9	5	4	10	+0.075
लखनऊ	9	5	4	10	+0.059
दिल्ली	10	5	5	10	-0.276
गुजरात	10	4	6	8	-1.113
पंजाब	9	3	6	6	-0.187
मुंबई	9	3	6	6	-0.261
बेंगलुरु	10	3	7	6	-0.415

भारतीय महिला टीम ने 45 रनों से बंगलादेश को हराया

पहला टी-20 मुकाबला

सिलहट, एजेंसी

यास्तिका भाटिया, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर की शानदार पारियों और उसके बाद रेणुका सिंह और पूजा वस्त्रकर की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारतीय महिला टीम ने रविवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 45 रनों से हरा दिया है।

भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह ने पहले ही ओवर में दिलारा अख्तर (4) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद पांचवें ओवर में शोबना मोस्तारी (6) को बोल्ड कर दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने मुर्शीदा खातून (13) को आउट कर बंगलादेशी बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। इसके बाद बंगालादेश के विकेट लगातार गिरते रहे। बंगलादेश की टीम निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 101 रन ही बना सकी।

इससे पहले भारत ने बंगलादेश को जीत के लिए 146 रनों का लक्ष्य दिया है। सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत का प्रयास किया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया।

युवा मुक्केबाजी

जादुमणि, आकाश चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में

अस्ताना (कजाकिस्तान)। एम जादुमणि सिंह (51 किग्रा) और आकाश गोरखा (60 किग्रा) रविवार को एएसबीसी एशियाई अंडर-22 और युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल जगह बनाने में सफल रहे।

जादुमणि सिंह ने अंडर-22 वर्ग के दूसरे दौर में आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकने) निर्णय के साथ मंगोलिया के अल्दरखिशिग बटुल्गा को मात दी। आकाश को मंगोलिया के गनबातार गान एर्डीन के खिलाफ कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबला 4-1 से जीता। दोनों मुक्केबाज मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगे।

ऋतुराज और तुषार का चला जादू सनराइजर्स हैदराबाद 134 पर ढेर



चेन्नई 212/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 9

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रहाणे कैच शाहबाज बोल्ड भुवनेश्वर	9	12	1/0
ऋतुराज कैच नितीश बोल्ड नटराजन	98	54	10/3
डैरिल मिचेल कैच नितीश बोल्ड उनादकट	52	32	7/1
शिवम दुबे नाबाद	39	20	1/4
एमएस धोनी नाबाद	5	2	1/0

गेंदबाजी : भुवनेश्वर 4-0-38-1, नितीश 1-0-8-0, शाहबाज अहमद 3-0-33-0, नटराजन 4-0-43-1, उनादकट 4-0-38-1, कमिंस 4-0-49-0

हैदराबाद 134/10

18.5 ओवर, अतिरिक्त : 3

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रेविस हेड का मिचेल बो देशपांडे	13	7	1/1
अभिषेक शर्मा का मिचेल बो देशपांडे	15	9	1/1
अनमोलप्रीत सिंह का अली बो देशपांडे	0	1	0/0
एडेन मार्क्रम बो पथिराना	32	26	4/0
नीतिश कुमार रेड्डी का धोनी बो जडेजा	15	15	0/0
हेनरिच क्लासेन का मिचेल बो पथिराना	20	21	0/1
अब्दुल समद का रिजवी बो ठाकुर	19	18	1/1
शाहबाज अहमद का मिचेल बो रहमान	7	5	1/0
पैट कमिंस का मिचेल बो देशपांडे	5	7	1/0
भुवनेश्वर कुमार नाबाद	4	3	0/0
जयदेव उनादकट का अली बो रहमान	1	2	0/0

गेंदबाजी : चाहर 3-0-22-0, देशपांडे 3-0-27-4, रहमान 2.5-0-19-2, जडेजा 4-0-22-1, ठाकुर 4-0-27-1, पथिराना 2-0-17-2

चेन्नई, एजेंसी

- चेन्नई ने सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हराया
- तुषार देशपांडे को चार और मुस्तफिजुर को मिले दो विकेट

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (98) और डैरिल मिचेल (52) रनों की बेहतरीन पारियों और उसके बाद तुषार देशपांडे सहित गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को आईपीएल के 46वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 78 रनों से हरा दिया है।

213 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत खराब रही उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड (13) को तुषार देशपांडे आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद तुषार ने अनमोलप्रीत सिंह (शून्य), अभिषेक शर्मा (15) को भी पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। हालांकि एडन मारक्रम और नीतिश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। लेकिन नौवें ओवर में रवींद्र जडेजा ने रेड्डी (15) को आउट कर हैदराबाद की उम्मीदों झटका दिया। इसके बाद मथीशा पथिराना ने एडन मारक्रम (32) को भी पवेलियन भेज दिया। हाइनरिक क्लासन (20), अब्दुल समद (19), शाहबाज़ अहमद (7), पैट कमिंस(5) रन बनाकर आउट हुए। चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से तुषार देशपांडे ने चार विकेट लिये। मुस्तफिजुर रहमान और मथीशा पथिराना ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

इससे पहले एम ए चिदंबरम स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदाराबाद को जीत के लिए 213 रन बनाने का लक्ष्य दिया था। बल्लेबाजी के लिए उतरी चेन्नई के लिए डैरिल मिचेल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ दूसरे विकेट लिए 107 रनों की साझेदारी की। मिचले ने 32 गेंदों में 52 रन बनाए। ऋतुराज गायकवाड़ ने 49 गेंदों में 98 रनों की पारी खेली। शिवम दुबे 20 गेंदों में नाबाद 39 रन और धोनी (5) रन बनाकर नाबाद रहे।

मेस्सी के दो गोल से जीता मियामी

मैसाचुसेट्स (अमेरिका)। लियोनेल मेस्सी ने न्यू इंग्लैंड रिवोल्यूशन के घरेलू मैदान में रिकॉर्ड संख्या में मौजूद दर्शकों के सामने दो गोल कर अपनी टीम इंटर मियामी सीएफ को शनिवार को यहां 4-1 से जीत दिलाई। मेस्सी ने अपने शानदार खेल से जिलेट स्टेडियम में 65,612 की संख्या में खचाखच भरे प्रशंसकों को निराश नहीं किया और एक गोल से पिछड़ने के बाद मुकाबले में टीम की दमदार वापसी कराई। इंटर मियामी की टीम मैच के पहले मिनट में ही टॉमस चानकले के गोल के बाद पिछड़ गई थी लेकिन मेस्सी ने 32वें मिनट में स्कोर बराबर करने के बाद मैच के 68वें मिनट में बाएं पैर की किक से सत्र का अपना नौवां गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। इंटर मियामी के लिए दो अन्य गोल बेंजामिन क्रेमास्ची और दिग्गज लुईस सुआरेज ने किए।

कीनिया के मवानिकी और कसाइत टीसीएस विश्व 10के दौड़ में अव्वल

बेंगलुरु। कीनिया के पीटर मवानिकी और लिलियन कसाइत ने रविवार को यहां 16वें टीसीएस विश्व 10के में क्रमश: पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। मवानिकी ने शुरुआती से अपनी बढ़त बनाए रखते हुए 28 मिनट और 15 सेकेंड के समय के साथ जीत दर्ज की जबकि हमवतन हिलेरी चेपक्वोनी (28:33) दूसरे स्थान पर रहे। 17 साल के हागोस आइओब (28:39) ने तीसरा स्थान हासिल कर प्रभावित किया। अंतर्राष्ट्रीय एलीट महिला वर्ग में कसाइत एक समय आइरीन चैप्टाई (30:35) के इस स्पर्धा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रही थी लेकिन वह आखिरी क्षणों में अपनी गति गवां बैठी। उन्होंने 30:56 मिनट के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। क्युलेट अचोल (31:17) और लेमलेम हैलु (31:23) क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। मवानिकी और कसाइत दोनों को पुरस्कार के तौर पर 26000 डॉलर (लगभग 21.38 लाख रुपये) की राशि मिली भारतीय एलीट एथलीटों की दौड़ में किरण मात्रे ने पहला स्थान हासिल किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

उत्तर भारत में लू से मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी

आने वाले कुछ दिन उत्तर भारत में लू से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, 26 अप्रैल को उत्तर-पश्चिम के कई क्षेत्रों में तेज हवाएं चली हैं। हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान में कुछ जगह ओले गिरे हैं। तूफानी गतिविधियां भी दर्ज की गई हैं। इन सबके चलते उत्तर भारत के राज्यों में लू की आशंका कम है।

ऐसे में दिन के तापमान में 4-5 डिग्री की कमी हो सकती है। हालांकि, पूर्वी उत्तर प्रदेश में लू चलने की आशंका है। इस बीच, ओडिशा के भुवनेश्वर में रविवार को दिन का तापमान 44.6 डिग्री रहा। जम्मू-कश्मीर के कई क्षेत्रों में बारिश हुई। अगले कुछ दिन यह जारी रहेगी। वहीं पंजाब और हरियाणा के लिए ऑरेंज अलर्ट है। यहां धूलभरी तेज हवाएं चल रही हैं। मैदानी

इलाकों में सोमवार को गरज चमक के साथ बारिश हो सकती है। वहीं पूर्वी भारत, पश्चिम बंगाल के गंगा के किनारे के इलाके और ओडिशा में कुछ दिन और हीटवेव की आशंका है। इन क्षेत्रों में तापमान 45-47 डिग्री से ऊपर पहुंच सकता है। बिहार, झारखंड जैसे पूर्वी राज्यों और आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कोंकण जैसे दक्षिणी क्षेत्रों में भी अगले 2-5 दिन तक हीटवेव की आशंका है। हिमाचल के 10 जिलों में आंधी के साथ बारिश रविवार को भी जारी रही। मौसम विभाग के मुताबिक, मई में प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ेंगी और जून के पहले पखवाड़े तक जारी रहेंगी।

गर्मियों में अतिरिक्त उड़ानों का शेड्यूल तैयार

गर्मी की छुट्टियों और आम चुनाव के चलते हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अप्रैल से जून के बीच 24,275 अतिरिक्त घरेलू उड़ानों का परिचालन होगा। उड़ानों के लिए नागर विमानन मंत्रालय ने समर शेड्यूल बनया है। मंत्रालय के अधिकारी ने बताया, चुनाव के साथ ही नए हवाई अड्डों से यात्रियों की डिमांड बढ़ी है। इसलिए 24,275 अतिरिक्त घरेलू उड़ानों का शेड्यूल तय किया गया है। 13 विमानन कंपनियां नियमित उड़ान के अलावा अतिरिक्त उड़ानें चलाएंगी। इनमें विस्तारा, स्पाइस जेट, इंडिगो की, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस सहित अन्य विमानन कंपनियों की उड़ानें हैं।

चीनी दमन से विश्व को अवगत कराना चाहती है तिब्बती लड़की

धर्मशाला। महज 15 साल की उम्र में स्वतंत्र तिब्बत की मांग को लेकर चीन में जेल जा चुकी एक तिब्बती लड़की ने कहा है कि वह 'चीनी दमन' से दुनिया को अवगत कराना चाहती है।

दलाई लामा के चित्रों को सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने और तिब्बत को 'स्वतंत्र' करने की मांग के कारण तिब्बती लड़की नामकी और उसकी बहन को चीनी अधिकारियों ने तिब्बती काउंटी नगाबा में 21 अक्टूबर, 2015 को पकड़ लिया और उन्हें तीन साल के लिए जेल में बंद कर दिया। तब नामकी की उम्र महज 15 साल थी। नामकी ने बताया कि तिब्बत में 'चीनी दमन' के बारे में दुनिया भर के लोगों को जागरूक करने के अपने 'दृढ़' संकल्प के साथ 10 दिनों की कठिन पैदल यात्रा के बाद नेपाल में प्रवेश करने के कुछ सप्ताह बाद पिछले साल जून में वह भारत पहुंचीं है।

कार हादसे में मौत की वजह कहीं सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम तो नहीं... आइए जानें

सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम सुरक्षा के लिए एक आम फीचर बन गया है। ड्राइवर का दरवाजा लॉक करते हैं, तो यह सभी दरवाजों को लॉक कर देता है। कई हादसे आए-दिन होते हैं, जब कार का सेंट्रल लॉक न खुलने से जान पर बन आती है। ऐसे में आज जरूरत की खबर में कार में सेंट्रल लॉक न खुलने की सिचुएशन में जान बचाने के लिए क्या करना चाहिए। साथ ही जानेंगे कि कार से जुड़ी सेफ्टी टिप्स के बारे में।

कैसे काम करता है सिस्टम

प्रत्येक कार की चाबी में एक यूनिक कोड शामिल होता है जो वाहन के अलार्म सिस्टम से इंटरैक्ट करता है। जब कार को चाबी से लॉक किया जाता है तो इंजन इम्मोबिलाइजर एक्टिव हो जाता है। गाड़ी का सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम इंजन के इम्मोबिलाइजर को एक्टिव करके इसे स्टार्ट होने से रोकता है।

हादसे के समय क्या करें

सबसे पहले एक्सीडेंट होने पर आप आत्मविश्वास न खोएं। कार में आगे की सीट पर लगे हेडरेस्ट को आसानी से निकालें। हेडरेस्ट के मेटल वाले हिस्से को खिड़की के अंदर जाने वाली जगह पर फंसा कर कांच तोड़ सकते हैं। गहरी सांस लेकर हिम्मत रखना बहुत जरूरी है

क्यों फेल होता है यह सिस्टम

गाड़ी में टक्कर के बाद उसमें लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और वायरिंग को भी क्षति पहुंचती है, जिस कारण यह सिस्टम काम करना बंद कर देता है, और दरवाजे न खुलने के कारण यात्री अंदर ही फंसे रह जाते हैं।

कार में सेंट्रल लॉक को लेकर बरतें ये सावधानी

- कार में सेंट्रल लॉक लगवाते समय बजर जरूर लगवाएं। ताकि अंदर हलचल होने पर बजने लगे और आप अलर्ट हो सकें।
- कार से उतरते समय उसे पूरी तरह अंदर चेक कर लें। कई बार बच्चे बंद कार के अंदर ही रह जाते हैं।
- कार से उतरने के बाद तुरंत ही लॉक कर दें ताकि अनदेखी में कोई अंदर घुसकर न बैठ सके।
- घर के अंदर कार पार्क करते समय विंडो ग्लास बहुत हल्का सा खुला रहने दें ताकि क्रॉस वेंटिलेशन बना रहे। इससे अंदर ऑक्सीजन भी जाती रहेगी और अंदर की आवाज भी बाहर आएगी।
- अगर कार में बच्चों के साथ सफर करके वापस आए हैं तो उतरने के बाद लॉक करने से पहले एक बार कार के अंदर डिग्गी चेक कर लें कि कोई बच्चा छिपकर तो नहीं बैठा है।
- कार के सेंट्रल लॉक सिस्टम का डुप्लीकेट रिमोट घर में ऐसी जगह पर रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर जल्दी और आसानी से मिल सके।

एक नजर

जम्मू-कश्मीर में राजदान दर्रे पर फंसे लोगों को सुरक्षित निकाला

श्रीनगर। सीमा सुरक्षा संगठन (बीआरओ) ने रविवार को दर्जनों यात्रियों को निकाल लिया, जिनके वाहन जम्मू-कश्मीर के बांदीपुरा-गुरेज रोड पर बर्फबारी के कारण फंस गए थे। अधिकारियों ने बताया कि तूफान प्रभावित राजदान दर्रे पर फंसे 35 वाहनों के बारे में जानकारी मिलते ही बीआरओ कर्मी कार्रवाई में जुट गए। उन्होंने कहा कि बीआरओ टीम ने वाहनों को सुरक्षित निकालने से पहले यात्रियों और ड्राइवरों की सुरक्षा सुनिश्चित की। गुरेज घाटी और बांदीपुरा जिले के पहाड़ी इलाकों में ताजा बर्फबारी के कारण सड़क अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है।

हिमाचल: 150 फीट गहरी खाई में गिरी कार, दो की मौत, दो घायल

शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में आने वाले उपमंडल ठियोग के क्यारटू में सड़क हादस हो गया है। कार अनियंत्रित होकर 150 फीट गहरी खाई में जा गिरी, जिसमें सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हुए हैं। धर्मपुर क्षेत्र की प्रधान वनिता वर्मा ने बताया कि शनिवार देर रात क्यारटू के पास एक कार दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया है कि, मृतक युवक अभिषेक (23) पुत्र राजू गांव कंडी पोस्ट ऑफिस दूसरा मृतक युवक अंकुश (25) पुत्र योगेंद्र गांव शोशना पोस्ट ऑफिस धर्मपुर का रहने वाला था। दो घायल युवक दिलीप वर्मा (25) पुत्र हीरा गांव पनियाली दूसरा युवक ललित पुत्र मनोहर लाल गांव मनोग को आईजीएमसी लाया गया है। जिनका इलाज चल रहा है।

नवलनी समूह के लिए काम करने के वाले दो रूसी पत्रकार गिरफ्तार

लंदन। रूस सरकार ने विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी द्वारा स्थापित एक समूह के लिए काम करने के आरोप में दो पत्रकारों को गिरफ्तार कर किया है। रूसी अदालतों ने जांच पूरी होने एवं मुकदमा चलने तक उन्हें हिरासत में रखने का शनिवार को आदेश दिया। विपक्षी नेता नवलनी की फरवरी में मौत हो गई थी। इन पत्रकारों को अतिवाद के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। कॉन्स्टेंटिन गैबोव और सर्गेई कार्लिन दोनों ने इन आरोपों से इनकार किया है। दोनों को मामले में कोई सुनवाई शुरू होने से पहले कम से कम दो महीने तक हिरासत में रखा जाएगा।

इजराइल ने हमास के 12 ठिकानों को किया नष्ट, 22 की मौत

गाजा। इजराइली वायु सेना (आईडीएफ) ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी हमास आंदोलन के रॉकेट लॉन्चरों सहित दर्जनों ठिकानों पर हमला किया और फिलिस्तीनी क्षेत्र में अज्ञात संख्या में कट्टरपंथियों को नष्ट कर दिया। जबकि मध्य और दक्षिणी गाजा पर में शनिवार को हवाई हमले में लगभग 22 लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हुए हैं। आईडीएफ ने रविवार को कहा- लड़ाकू विमानों और अतिरिक्त विमानों ने आतंकवादी बुनियादी ढांचे, प्रक्षेपण स्थलों, सशस्त्र आतंकवादियों तथा अवलोकन चौकियों सहित दर्जनों आतंकी ठिकानों पर हमला किया।

भारतीय नौसेना के जांबाजों ने हूती विद्रोहियों के चंगुल से छुड़ाया जहाज

रूस से भारत आ रहे पोत पर हुआ था हमला, 22 भारतीय समेत 30 सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस से भारत आ रहे ब्रिटिश तेल टैंकर जहाज पर लाल सागर में यमन के हूती विद्रोहियों के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद भारतीय नौसेना एक बार फिर देवदूत बनकर पहुंची, चंगुल से जहाज छुड़ा लिया। नौसेना ने पोत पर सवार 22 भारतीय सहित 30 लोगों की जान बचाई।

नौसेना के एक अधिकारी ने बताया है कि, 26 अप्रैल को पनामा-ध्वज वाले कच्चे तेल टैंकर एमवी एंड्रोमेडा स्टार ने मदद की मांगी थी, त्वरित सहायत के लिए युद्धपोत आईएनएस कोच्चि को रवाना किया गया। अमेरिकी मध्य कमान ने कहा कि ईरान समर्थित हूती चरमपंथियों ने यमन से व्यापारिक पोत मैशा और एमवी एंड्रोमेडा स्टार के आसपास लाल सागर में तीन जहजों पर बैलिस्टिक मिसाइल दागीं थी। पोत को मामूली क्षति हुई थी। भारतीय नौसेना ने कहा, समुद्री सुरक्षा से जुड़ी घटना का जवाब देने के लिए भारतीय नौसेना के विध्वंसक पोत आईएनएस कोच्चि को एक मिशन के तहत तैनात किया गया, स्थिति का आकलन करने के लिए हेलीकॉप्टर के जरिए टोह ली गई। 22 भारतीयों समेत सभी 30 लोग सुरक्षित हैं। पोत बंदरगाह के लिए यात्रा को जारी रखे हुए है। रूस के साथ व्यापार में लगा यह जहाज हमले के समय प्रिमोर्स्क, रूस से भारत के वाडिनार की ओर जा रहा था। बता दें, हूती विद्रोही नवंबर से इमराइल के गाजा में हमले के बाद हूती विद्रोहियों यमन के लाल सागर में फिलिस्तीन के समर्थन में व्यापारिक जहाजों को निशाना बना रहे है।

हूती विद्रोहियों से छुड़ाए चालक दल समेत भारतीय के साथ मौजूद नौसेना के जवान।

हूती विद्रोहियों के हमले से भारत को नुकसान

ग्लोबल ट्रेड का करीब 12 फीसदी और 30 फीसदी कंटेनर ट्रैफिक हर साल लाल सागर के स्वेज कैनाल से होकर गुजरता है। हूती विद्रोहियों के हमलों से यूरोप और एशिया के बीच मुख्य मार्ग पर अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। भारत का 80 फीसदी व्यापार समुद्री रास्ते से होता है। वहीं 90 फीसदी ईंधन भी समुद्री मार्ग से ही आता है। समुद्री रास्ते में हमले से भारत के कारोबार पर सीधा असर पड़ता है। इससे सप्लाई चेन बिगड़ने का खतरा है। हूतियों से निपटने के लिए अमेरिका ने करीब 10 देशों के साथ मिलकर एक गठबंधन भी बनाया है, जो लाल सागर में हूतियों को रोकने और कार्गो शिप्स को हमले से बचाने का काम कर रहा है।

संदेशखालि: सीबीआई जांच के विरुद्ध आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। कलकत्ता हाईकोर्ट के संदेशखालि में महिलाओं के खिलाफ अपराध और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच का निर्देश देने के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ के इस मामले की सुनवाई करने की संभावना है। याचिका में, राज्य सरकार ने कहा है कि हाईकोर्ट के 10 अप्रैल के आदेश ने पुलिस बल सहित पूरे राज्य तंत्र को हतोत्साहित किया है। उच्च न्यायालय ने एक बहुत ही सामान्य आदेश में राज्य को बिना किसी दिशानिर्देश के केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को आवश्यक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया है।

पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री बने विदेश मंत्री इशाक डार

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार को अब नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें देश का उप प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। कैबिनेट डिवीजन द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार, डार को पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आदेश से उप प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है।

बता दें, डार कश्मीरी मूल के नागरिक हैं। वे पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के वरिष्ठ नेता हैं। वह पार्टी

प्रमुख और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुके नवाज शरीफ के विश्वासपात्र भी माने जाते हैं।

चार्टर्ड अकाउंटेंट और अनुभवी राजनेता 73 वर्षीय डार शरीफ परिवार के करीबी सहयोगी हैं और पिछली दो सरकारों में वित्त मंत्री रह चुके हैं।

इराक में समलैंगिक संबंध अपराध, कानून पारित

काहिरा, एजेंसी

- कानून तोड़ने पर 15 साल की सजा का किया गया प्रावधान

इराक की संसद ने शनिवार को देह व्यापार व समलैंगिक विवाह को अपराध घोषित करते हुए कानून पारित कर दिया। कानून तोड़ने पर 15 साल तक की सजा का प्रावधान किया गया है।

इराक ने इस कदम को धार्मिक मूल्यों को कायम रखने के लिए जरूरी बताया तो अमेरिका ने कानून को मानवाधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खतरा करार दिया। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस संशोधन से इराक के लोगों को सबसे अधिक खतरा है। इसका उपयोग इराक में स्वतंत्र भाषण-अभिव्यक्ति एवं एनजीओ के कार्यक्रमों में बाधा डालने के लिए किया जा सकता है। यह कानून समाज में कुछ व्यक्तियों के अधिकारों को सीमित कर देगा। अमेरिका ने कहा कि यह इराक की अर्थव्यवस्था की विविधता और विदेश निवेश को आकर्षित करने की क्षमता को कमजोर करेगा। अंतरराष्ट्रीय व्यापार गठबंधन ने पहले ही संकेत दिया है कि इराक में इस तरह के भेदभाव से देश में व्यापार और आर्थिक विकास को नुकसान होगा।

अतरंगी वेश-भूषा में प्रतिभा

बेंगलुरु: बेंगलुरु में रविवार को हर साल की तरह टीसीएस वर्ल्ड 10के मैराथन का आयोजन हुआ। इसमें 28 हजार से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज वर्ल्ड (टीसीएस) 10के बेंगलुरु के 16वें संस्करण को देश और दुनिया भर के नए रूट परीक्षण धावकों के साथ रवाना किया गया। तरह-तरह के वेश-भूषा धारण करके प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे भगवान श्रीराम और हनुमान जी के स्वरूप। ● एजेंसी

भारत की यात्रा टालकर चीन पहुंचे टेस्ला के सीईओ मस्क

बीजिंग। टेस्ला के सीईओ एलन मस्क रविवार को चीन के दौरे पर पहुंचे हैं। मस्क की भारत यात्रा के स्थगित होने के एक सप्ताह बाद उनकी चीन की यह यात्रा है। भारत में उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने और भारतीय बाजार में प्रवेश करने की योजना की घोषणा करने का कार्यक्रम था।

एलन मस्क चीन में फुल-सेल्फ ड्राइविंग (एफएसडी) सॉफ्टवेयर के रोलआउट पर चर्चा करने और अपनी ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेक्नोलॉजी के लिए एल्गोरिदम को प्रशिक्षित करने के लिए देश में एकत्र किए गए डेटा को विदेशों में स्थानांतरित करने की मंजूरी प्राप्त करने के लिए बीजिंग में वरिष्ठ चीनी अधिकारियों से मिलना चाह रहे हैं।

चीन के साथ बातचीत जारी भारत अपनी शर्तों पर अडिग

अहमदाबाद, एजेंसी

- एलएसी विवाद पर राजनाथ की पड़ोसी देश को दो टूक

भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अहमदाबाद में चुनावी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही है।

इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में

और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 2104 में हमने 600 करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2023-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए।

तेज रफ्तार जगुआर ने तीन वाहनों को मारी टक्कर, आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में एक तेज रफ्तार कार (जगुआर) ने तीन वाहनों को टक्कर मार दी जिससे तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को कहा कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस के मुताबिक, घटना दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली की है, जहां जगुआर ने कैब और दो अन्य वाहनों को टक्कर मार, आरोपी फरार हो गया। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा तलाशी के दौराना आरोपी सौरभ पाहवा को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि, घायल तीनों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। उन्होंने कहा- मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जागएगी।

अध्ययन शोधकर्ताओं ने कहा-यातायात से संबंधी बीमारियों का 3.2 प्रतिशत बढ़ जाता है जोखिम

यातायात शोर हृदय रोग के लिए खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी

यातायात के बढ़ते शोर से दिल का दौरा पड़ने समेत हृदय संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका है। शोधकर्ताओं को यातायात के शोर और हृदय संबंधी बीमारियों के खतरे के बीच संबंध स्थापित करने वाले साक्ष्य मिले हैं और उन्होंने इस प्रकार के ध्वनि प्रदूषण को हृदय रोगों के लिए जोखिम के कारक के रूप में मान्यता दिए जाने का अनुरोध किया है।

शोधकर्ताओं की अंतर्राष्ट्रीय टीम ने अध्ययन में साबित किया और महामारी विज्ञान डेटा की समीक्षा की, जो किसी निश्चित बीमारी के जोखिम कारकों की पहचान करने के लिए सबूत मुहैया कराते हैं। शोधकर्ताओं ने अपनी समीक्षा में पाया कि सड़क यातायात से होने वाले शोर में हर 10 डेसिबल की वृद्धि के साथ मधुमेह और दिल का दौरा सहित हृदय संबंधी बीमारियां होने का जोखिम 3.2 प्रतिशत बढ़ जाता है।

उन्होंने कहा कि खासकर रात के समय नींद को बाधित करने वाला यातायात का शोर रक्त वाहिकाओं में तनाव पैदा करने वाले हार्मोन के स्तर को बढ़ा सकता है, जिससे उच्च रक्तचाप और नाड़ी संबंधी रोग हो सकते हैं।

जर्मनी स्थित 'यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर मेंज' में वरिष्ठ प्रोफेसर और 'सर्कुलेशन रिसर्च' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन के मुख्य लेखक थॉमस मुन्जेल ने कहा, ''हमारे लिए यह भी महत्वपूर्ण है कि अब ठोस साक्ष्यों के कारण वाहनों के शोर को हृदय रोग का जोखिम बढ़ाने वाले कारक के रूप में पहचाना जा रहा है।

शोधकर्ताओं ने सड़क, रेल और हवाई यातायात से होने वाले शोर को कम करने के लिए स्थानीय प्राधिकारियों को कुछ रणनीतियां अपनाने के सुझाव भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि घनी आबादी वाले इलाकों में व्यस्त सड़कों पर शोर अवरोधक लगाने से शोर के स्तर को 10 डेसिबल तक कम किया जा सकता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि शोर कम करने वाले डामर का उपयोग करके सड़कें बनाने से शोर के स्तर को तीन से छह डेसिबल तक कम किया जा सकता है।

ऐसा क्यों होता है, रिसर्च में शामिल लोगों पर किया शोध

रिसर्च में शामिल लोगों पर शोर का क्या असर पड़ रहा है, इसे समझने के लिए उनकी ब्रेन स्कैनिंग की गई। रिपोर्ट में सामने आया कि शोर बढ़ने पर उनके ब्रेन के उस हिस्से पर बुरा असर पड़ा है जो तनाव, बेचैनी और डर को कंट्रोल करने के लिए जिम्मेदार होता है। जब तनाव और बेचैनी बढ़ती है तो शरीर इनसे लड़ने के लिए एड्रिनेलिन और कॉर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन रिलीज करता है। तनाव और बेचैनी की स्थिति में ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, पाचन क्षमता कम हो जाती है। शरीर में फैट और शुगर का सर्कुलेशन तेज हो जाता है। इसका असर हार्ट पर पड़ता है।

बॉलीवुड हलचल

बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी तृप्ति डिमरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बैड न्यूज में कॉमेडी करते नजर आएंगी। 2019 में प्रदर्शित अक्षय कुमार, करीना कपूर, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म गुड न्यूज प्रदर्शित हुई थी। निर्माता करण जौहर और निर्देशक राज मेहता ने इस फिल्म की सीक्वल बैड न्यूज की घोषणा की है। इस फिल्म में मूल फिल्म के कलाकारों की जगह अभिनेता विक्की कौशल, एमी विर्क और अभिनेत्री तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। बैड न्यूज में तृप्ति डिमरी कॉमेडी करती नजर आएंगी। इस फिल्म में तृप्ति ऐसी ही महिला की भूमिका में होंगी, जिसकी पेट में विक्की और एमी अभिनीत पात्रों के जुड़वा बच्चे पल रहे होते हैं। फिर कहानी में इसी के इर्द-गिर्द कुछ ऐसी परिस्थितियां बनती हैं, जिससे हास्य की स्थिति उत्पन्न होती है। यह फिल्म 19 जुलाई को प्रदर्शित होगी।

जॉली एलएलबी3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं अरशद

मुंबई। बॉलीवड में अपने कॉमिक अभिनय के लिए मशहूर अरशद वारसी जल्द ही राजस्थान में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।

27 जून को रिलीज होगी 'कल्कि'

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून को रिलीज होगी। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। मेकर्स ने नया पोस्टर जारी किया है, इसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण और अमिताभ बच्चन नजर आ रहे हैं। 'कल्कि 2898 एडी' 27 जून को रिलीज होगी।